13 जून 2025 | रांची, शुक्रवार | वर्ष-26, अंक- 131, पृष्ठ-12 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

₹3.00

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



विमान में... 169 भारतीय ■ 53 ब्रिटिश ■ 07 पुर्तगाली ■ 01 कनाडाई सवार थे

## प्लेन क्रैश की 5 तस्वीरें




1



2



3



4



5

# 242 यात्रियों सहित लंदन के लिए उड़ान भरते ही विमान अहमदाबाद में क्रैश

» फ्लाइट नंबर एआई-171 दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी, 1.40 बजे हादसा हो गया

» विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी 2 पायलट, 10 केबिन क्रू सहित 242 लोग सवार थे

» मेडे कॉल का अर्थ होता है कि तुरंत मदद की जरूरत है, इस कॉल के तहत रेडियो पर 3 बार बोला जाता है- मेडे, मेडे, मेडे

## हादसे से पहले ही पायलट ने करीबी एटीसी को मेडे कॉल दिया था और कुछ सेकेंड बाद ही विमान गिर गया

**ब्यूरो । अहमदाबाद / नई दिल्ली**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर हवाई जहाज लंदन के लिए उड़ान भरते ही एयरपोर्ट की बाउंड्री के पास, एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ, जो एयरपोर्ट कैंपस से सटा हुआ है। फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी और 1.40 बजे हादसा हो गया। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, 2 पायलट, 10 केबिन क्रू सहित 242 लोग सवार थे। इनमें 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली व एक कनाडाई नागरिक थे। हादसे के समय प्लेन 625 फीट की ऊंचाई पर था। यह हादसा अहमदाबाद के मेघानीनगर इलाके में हुआ है। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपनी बेटी से मिलने लंदन जा रहे थे। रूपाणी की सीट नंबर 12 थी। विमान के कैप्टन सुमित सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे।

कैप्टन सुमित सब्बरवाल एक लाइन ट्रेनिंग कैप्टन थे (जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं),और उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टर रहते हैं, 15 डॉक्टर घायल हो गए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि हादसे से पहले ही पायलट ने सिग्नल दिया था। अहम जानकारी है कि विमान के क्रैश होने से पहले ही करीबी एटीसी को सिग्नल भेजा गया था। बताया जा रहा है कि अहमदाबाद एयरपोर्ट के शेष पेज 11 पर

## प्लेन में बैटरी या किसी और कारण से हुआ हादसा?

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एअर इंडिया का जो बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन (फ्लाइट नंबर एआई-171 )क्रैश हुआ , उसमें क्या बैटरी इश्यू हुआ या कोई और कारण रहा? इस बारे में कई तरह की बातें होने लगी हैं। क्योंकि 2013 में बैटरी इश्यू के कारण इसे कुछ समय के लिए ग्राउंड किया गया था।दमालूम हो कि यह एक मॉडर्न एयरक्राफ्ट है, जिसे दिसंबर 2013 में अमेरिकी कंपनी बोइंग कॉमर्शियल एयरप्लेन्स ने बनाया था। यह मिड-साइज, ट्विन-इंजन, वाइड-बॉडी जेट है, जो लंबी दूरी की उड़ानों के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक बार में 14,000 किमी तक उड़ सकता है। बोइंग ने 2003 में इसे 7ई7 प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया। लेकिन बाद में इसका नाम 5 लाख ऑनलाइन वोट्स से बदलकर ड्रीमलाइनर रखा गया। इसकी पहली उड़ान 2009 में हुई, लेकिन पहला विमान 2011 में एएलए को शेष पेज 11 पर

## मृतकों के परिजनों को ₹1 करोड़ सहायता देगी टाटा

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने घोषणा की है कि प्रत्येक मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, घायलों के इलाज का पूरा खर्च भी टाटा ग्रुप उठाएगा, जिससे प्रभावित परिवारों को कुछ राहत मिल सके। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक संवेदनशील और मानवीय कदम उठाते हुए बयान जारी किया है। उन्होंने कहा "एयर इंडिया फ्लाइट 171 की दुर्घटना से हम गहरे दुख में हैं। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।

**टाटा ग्रुप की मदद में प्रमुख घोषणाएं**

- प्रत्येक मृतक के परिजन को ₹1 करोड़ की सहायता राशि।
- घायलों के इलाज का पूरा खर्च टाटा समूह द्वारा वहन किया जाएगा।
- बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के पुनर्निर्माण में सहयोग।

## प्लेन हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन



**अहमदाबाद** । गुजरात के 16वें मुख्यमंत्री रहे विजय रूपाणी उन 200 से ज़्यादा लोगों में शामिल हैं, जिनकी मौत एयर इंडिया के विमान हादसे में हुई है। शेष पेज 11 पर

## 12 साल पुराना ड्रीम लाइनर विमान में कितना था ईंधन?

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** एयर इंडिया का जो ड्रीम लाइनर विमान अहमदाबाद में क्रैश हुआ, इस विमान का दाम लगभग 248 मिलियन डॉलर (21,21,05,03,998.40 रू.) है। वह लगभग 12 साल पुराना था। एयर इंडिया ने अहमदाबाद से लंदन के मार्ग पर बोइंग 787-800, ड्रीमलाइनर को लगाया है। शेष पेज 11 पर

## एयर इंडिया का विमान ने अहमदाबाद से लंदन के लिए भरी थी उड़ान

**ब्यूरो/नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बताया कि एयर इंडिया का बी787 विमान वीटी-एनएनबी, (अहमदाबाद से लंदन के लिए) उड़ान एआई-171 का संचालन करते समय अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें 2 पायलट व 10 केबिन क्रू शामिल थे। विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल व फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर के हाथों में थी।

**इस विमान दुर्घटना संबंधी मुख्य प्वाइंट्स निम्न हैं-**

- अभी तक दुर्घटना के पीछे का सटीक कारण पता नहीं चला है।
- एयर इंडिया ने घटना के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए यात्री हेल्पलाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया।
- एयर इंडिया ने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पोस्ट में कहा कि एयरलाइन्स डिटेल का पता लगाने का प्रयास कर रही है। अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान भरने वाली एआई 171, 12 जून 2025 को एक दुर्घटना में शामिल थी। इस समय, हम विवरण का पता लगा रहे हैं। इस बारे में http://airindia.com और हमारे एक्स शेष पेज 11 पर

## एयर इंडिया क्रैश में ए-11 सीट का एक यात्री रमेश जिंदा निकला



**अहमदाबाद** । अहमदाबाद से लंदन के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 बुधवार को टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद क्रैश हो गई, जिससे पूरे देश में मातम छा गया। शेष पेज 11 पर

## 204 के मौत की पुष्टि, शव पहचान के लिए लिया जाएगा डीएनए

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के क्रैश होने के बाद अब तक 204 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर ने बताया कि अब तक 204 शव बरामद हो चुके हैं, जबकि 41 घायल लोग अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। हादसे के वक्त विमान में कुल 242 लोग सवार थे। शेष पेज 11 पर

## हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद राष्ट्रपति ने अपनी संवेदना जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हादसे को लेकर अत्यंत व्यथित हूं। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि विमान हादसे के बारे में जानकर दुख हुआ।

## त्रासदी से मैं दुखी हैं : पीएम मोदी



पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं।

## हादसे पर हेमंत ने जताया शोक



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसा पर शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने 'एक्स' पर लिखा है कि अहमदाबाद में हवाई जहाज की विभत्स दुर्घटना से पूरा देश व्यथित है।

**इंडिया**

# रखरखाव में लापरवाही,सुरक्षा या संरक्षा में चूक या हुई विदेशी तोड़फोड़

अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर जो प्लेन क्रैश हुआ उसे अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी।डीजीसीए ने जांच शुरू कर दी है पर कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि विमान के उड़ान भरते समय पक्षी से टकराने के कारण यह हादसा होने की आशंका है जिससे विमान अपनी पूरी रफ्तार नहीं पकड़ पाया और 2 मिनट के अंदर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पूर्व वरिष्ठ पायलट कैप्टन सौरभ भटनागर के अनुसार 'पहली नजर में यह कई पक्षियों के टकराने का मामला लगता है जिससे दोनों इंजन ने शक्ति खो दी और विमान ने लिफ्ट करना बंद कर दिया सटीक कारण पता जांच से चलेगा।' एक विशेषज्ञ संजय लाजर ने कहा विमान अपेक्षाकृत नया था, केवल 11 साल पुराना, इसलिए तकनीकी खराबी की संभावना कम है।, 'यह हवाई अड्डे के बाहर का रिहायशी इलाका है। संभवतः, उस क्षेत्र में पक्षी थे।इस दुखद घटना से सिख लेने की आवश्यकता भी है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की व्यापक जांच भी जरुरी है क्योंकि 61 विदेशी यात्रियों पूर्व सीएम विजय रुपानी सहित सभी 204 मृत और अन्य यात्रियों के परिजन को ही नहीं पूरे देश को इसका जवाब चाहिए कि चूक किससे हुई ? बहुत अधिक उड़ानों के साथ प्रायः सभी विमान कंपनियां लागत कम करने के लिए रखरखाव में कमी करती है ऐसे आरोप पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद लगे थे ।इसके अलावा अहमदाबाद जैसे महत्वपूर्ण हवाई अड्डे में यदि पक्षी टकराए तो क्यों वो भी कई तो यह सामान्य बात नहीं और देश के अन्य हवाई अड्डों में दुबारा नहीं होगा इसके लिए क्या उपाय होंगे ? क्या सुरक्षा की कमी हुई या संरक्षा में अनदेखी हुई या किसी विदेशी शक्ति ने तोड़फोड़ कराई ? इन सवालों के जवाब जरुर ढूंढने चाहिए अन्यथा भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर असर पड़ सकता है। ये सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि हवाई सफ़र अंतरराष्ट्रीय विकास से जुड़ा है और यदि भारत को लापरवाह या असुरक्षित देश मान लिया जाए तो विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का इसका सपना अधूरा रह जाएगा जो अनेक देशों की दिली इच्छा है और वे पहलगाम के हमले की तरह किसी भी हद तक जा सकते हैं। इस संदेह का बड़ा कारण यह है कि एक साथ दोनों इंजन फेल हो गए और वह भी टेकऑफ़ के चंद मिनटों के बाद तो हर उड़ान खास तौर पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान के पूर्व अनिवार्य सुरक्षा और संरक्षा की जांच क्या नहीं की गई या लापरवाही बरती गई ? एक्सपर्ट यह भी कह रहे हैं कि एकसाथ दोनों इंजन का फेल होना सामान्य घटना नहीं है । कुछ प्रमुख दुर्घटनाओं और कारणों से इसे समझते हैं - भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ जब हरियाणा के चर्खी दादरी के पास दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए और दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी।1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। 22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था पर रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची और 158 लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे। 26 अप्रैल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी रनवे पर एक ट्रक से टक्कर के बाद विमान में आग लग गई और 55 लोगों की जान चली गई ।केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया 21 यात्रियों की मौत हुई थी ।विदेशों की बात करें तो स्पेन में 27 मार्च 1977 को ट्रैफिक बढ़ गया और अव्यवस्था जल्दबाजी और मिसकम्युनिकेशन की वजह से दोनों बोइंग 747 विमान एक ही रनवे पर आ गए और टकरा गए और 586 लोगों की मौत हुई, जो अब तक का दुनिया का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।12 अगस्त 1985 को जापान एयरलाइंस का बोइंग 123 विमान उड़ान के थोड़ी देर बाद पहाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया जिसका प्रेशर सिस्टम फेल हो गया था ।520 लोगों की जान गई, और यह अब तक का सबसे बड़ा सिंगल-प्लेन क्रैश माना जाता है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**




# लोहरदगा मार्केट से हार्डकोर नक्सली संदीप भगत गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददता**



- गुप्त सूचना पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई, इलाके में नक्सल विरोधी अभियान तेज

**लोहरदगा।** गुरुवार को लोहरदगा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के हार्डकोर नक्सली संदीप भगत को लोहरदगा मार्केट स्थित वी-मार्ट के पास से गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी और 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के कमांडेंट के निर्देशन में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ किस्को वेदान्त शंकर (भा.पु.से.), एसएसबी कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर मनीष कुमार चौबे, और किस्को थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुमन मिंज के नेतृत्व में लोहरदगा मार्केट और उसके आसपास के इलाकों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदीप भगत को दबोच लिया गया। गिरफ्तार नक्सली संदीप भगत, पिता-रामकृष्ण भगत, किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरडीह का निवासी है। उसके खिलाफ अपहरण, लूटपाट, धमकी, अवैध हथियार रखने जैसे संगीन अपराधों के अलावा 17 सीएलए एक्ट के तहत भी मामले दर्ज हैं। वह कई वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस और सशस्त्र बल द्वारा क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 9 जून को सेमरडीह गांव से भाकपा माओवादी के एक अन्य सदस्य ललिंदर महतो शेष पेज 11 पर

## राज्यपाल ने वनवासी कल्याण केंद्र के कार्यों की सराहना की, कहा

# वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार बड़ी चुनौती रहा है

- अवसर और मार्गदर्शन मिली तो वनवासी बच्चे भी राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकते हैं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को राज भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में वनवासी कल्याण केंद्र से संबद्ध श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा जनजातीय अंचलों में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार सदैव एक बड़ी चुनौती रहा है। दूरस्थ गांवों की भौगोलिक स्थिति, सीमित संसाधन, सामाजिक संकोच और आर्थिक बाधाओं के बावजूद यदि कोई संगठन निःस्वार्थ भाव से शिक्षा के दीप जलाता है, तो वह केवल विद्यालय नहीं, अपितु भविष्य, आत्मबल और सामाजिक दिशा भी गढ़ता है। राज्यपाल ने तपकरा विद्यालय के पूर्व छात्र सोहन यादव का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि उनका इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 जैसे ऐतिहासिक अभियानों में योगदान देना यह सिद्ध करता है कि यदि अवसर और मार्गदर्शन मिले, तो वनवासी बच्चे भी राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकते हैं। उनमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने समिति द्वारा संचालित निःशुल्क निर्माण कोचिंग सेंटर के माध्यम से संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किए जा रहे योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र केवल पाठशालाओं तक सीमित न रहकर, सामाजिक उत्थान, ग्राम विकास, स्वास्थ्य, संस्कार, राष्ट्रभावना और नेतृत्व निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी कार्य कर रहा है, जो अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर राज्यपाल 6 सुमन रमेश तुलस्यानी ट्रस्ट, मुंबई द्वारा विवेकानंद विद्यालय, लचरागढ़ (सिमडेगा) के लिए प्रदत्त दो नवीन स्कूल बसों को झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये बसें केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, प्रगति और सामाजिक परिवर्तन की यात्रा का प्रतीक हैं।



### राज्यपाल ने की वनवासी प्रतिभाओं की सराहना

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि समिति द्वारा वर्तमान में राज्य के 11 जिलों के 6 प्रखंडों में 80 सरस्वती शिशु विद्या मंदिर संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 26 उच्च विद्यालय तथा 54 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में 17,500 से अधिक छात्र-छात्राएं, 1951 गांवों से आकर अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने इन विद्यालयों की शैक्षणिक उपलब्धियों को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित 1266 छात्रों में से 28 छात्रों ने 90% से अधिक, जबकि 68 छात्रों ने 85% से अधिक अंक अर्जित किए हैं। उन्होंने सिमडेगा की भारती कुमारी एवं सुमंत सिंह के जिला टॉपर बनने, अनुज कुमार साहू के जिला में चतुर्थ स्थान और गुमला की सोनी कुमारी के जिला में पंचम स्थान प्राप्त करने को वनवासी प्रतिभा की सशक्त अभिव्यक्ति बताया।



## संदीप थापा चढ़ा पुलिस के हत्थे एक अन्य साथी भी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- पुलिस ने संदीप थापा के रातू स्थित घर पर छापेमारी की
- वहां से दो रायफल, 23 जिंदा कारतूस, एक मर्सिडीज कार और तीन जमीन सौदों के दस्तावेज बरामद किए गए

जमीन के काम में धमकी देते हुए रंगदारी वसूलने वाले अपराधी संदीप थापा सहित दो अपराधी गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने 30 मामलों में आरोपित संदीप थापा और नौ मामलों में शामिल आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो रायफल, 23 जिंदा गोलियां, कार समेत कई अन्य सामान बरामद किए हैं। गुरुवार शाम रांची पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जून को एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी संदीप प्रधान उर्फ सदीप थापा ने बाहर से कई रायफलें मंगवाई हैं। सदीप थापा हत्या, रंगदारी, हत्या का प्रयास, डकैती जैसे लगभग 30 अपराधों में आरोपी है। अपराधकर्मी बिट्टू सिंह उर्फ आदित्य सिंह कुल नौ कांडों में आरोपी है। दोनों एक साथ भी कई कांडों में आरोपी हैं। संदीप थापा पूर्व में भू माफिया के रूप में चिह्नित है। मामले जांचके लिए पुलिस के द्वारा एक टीम का गठन किया। टीम ने संदीप थापा के रातू स्थित घर में छापा मारा। उसे वहां से गिरफ्तार किया, छापामारी के क्रम में संदीप थापा के घर से दो रायफलें और 23 चक्र जिंदा गोलियां, एक काले रंग की मर्सिडिज बैज कार बरामद की गई। सदीप थापा के घर से जमीन खरीद बिक्री से संबंधित तीन एकरारनामे भी बरामद किए गए। संदीप थापा की निशानदेही पर अपराधकर्मी आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू के घर पर छापामारी की गई। वहां से अलग-अलग दो पैन कार्ड, एक ही व्यक्ति के तीन मतदाता पहचान पत्र, बैंक ऑफ इंडिया का एकाउंट समेत अन्य सामान बरामद किए गए।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना बेहद दुखद : डॉ सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ. मंडल ने कहा कि जिस प्रकार से उड़ान भरने के केवल 9 मिनट के बाद इस दुर्घटना में विमान में बैठे 230 यात्रियों सहित 12 क्रू मेंबर की मृत्यु की आशंका है वह दिल को झकझोरने वाली है। डॉ. मंडल ने इस विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस दुर्घटना में सभी घायल जल्द-से-जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। डॉ. मंडल ने विशेष रूप से गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है जो इसी विमान में लंदन तक की यात्रा कर रहे थे। डॉ. मंडल ने कहा कि स्वर्गीय विजय रुपाणी को उनकी प्रशासनिक कुशलता, दूरदर्शिता, और राजनीतिक सूझबूझ के लिये देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि विजय रुपाणी में क्षमता भरी पड़ी थी और भाजपा के लिये यह बहुत अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी ने अपने एक ऊर्जावान, अनुभवी और कुशल नेता को खो दिया है।

## आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक

# 22 जून को आजसू मनाएगी बलिदान दिवस : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि 22 जून को पार्टी "बलिदान दिवस" के रूप में मनाएगी। यह दिन पार्टी के ऐतिहासिक योगदान और झारखंड आंदोलन के शहीदों को समर्पित होगा। इस अवसर पर केंद्रीय स्तर पर समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। श्री महतो ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उक्त जानकारी दी। बैठक में श्री महतो के अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो , पूर्व विधायक लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, मुकुंद चंद्र मेहता आदि नेता उपस्थित थे। बैठक में कई अहम राजनीतिक, सामाजिक और सांगठनिक निर्णय लिए गए। पार्टी ने सभी जिलाध्यक्षों और केंद्रीय नेताओं को निर्देश दिया है कि वे बलिदान दिवस को लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं को 22 जून के आयोजन में शामिल करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित होंगे। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा, "बलिदान दिवस न केवल हमारी विरासत को याद करने का दिन होगा, बल्कि यह आत्ममंथन का भी अवसर होगा कि झारखंड गठन के बाद आज राज्य की स्थिति क्या है और क्या यह वास्तव में जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरा है।" बैठक में राज्य की मौजूदा वित्तीय स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। पार्टी ने सरकार को सुझाव दिया कि वित्तीय प्रबंधन में सुधार करे और राज्य के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करे। श्री महतो ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। श्री महतो ने पेसा कानून के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की सुस्ती पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अभी तक इस कानून की नियमावली भी नहीं बनाई गई है। तैयार ड्राफ्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। मूलवासी और आदिवासी जनता के अधिकारों के प्रति सरकार गंभीर नहीं है। इसके अलावा, सुदेश महतो ने झारखंड में हुए शराब घोटाले पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यह घोटाला राज्य की सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का प्रतीक है। इस घोटाले में सरकार की संलिप्तता बहुत अंदर तक है ,जिसकी गहराई से जांच होनी चाहिए।

# सरकारी जमीन पर कब्जा हुआ तो अंचल अधिकारी पर होगी कार्रवाई : डीसी

- सरकारी जमीन पर यथाशीघ्र बोर्ड लगाने और साप्ताहिक रिपोर्ट देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




करीब एक महीने में लगातार दूसरी बार उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक एवं अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उपनिरीक्षक के कार्यशैली उन्नयन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला एवं राजस्व संबंधित समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न अंचल के वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, जन शिकायतों के नियमानुसार त्वरित निष्पादन/समाधान एवं कार्य संस्कृति उन्नयन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यशाला की शुरुआत में योगदा सत्संग के संतों द्वारा सभी राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक को कार्यशैली में सुधार हेतु मोटिवेशनल स्पीच दी गयी, सभी को साकारात्मक सोच के साथ बेहतर मानव संबंध हेतु प्रेरित किया गया।

**बिना आपत्ति 30 दिन से उपर लंबित दाखिल-खारिज के मामलों पर फोकस करने का निर्देश :** उपायुक्त ने कार्यशाला में प्रत्येक अंचल में हल्कावार लंबित म्यूटेशन की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित हल्का कर्मचारी से लंबित मामलों का कारण भी पूछा। बिना आपत्ति 90 दिनों से ज्यादा लंबित म्यूटेशन के निष्पादन के बाद उपायुक्त द्वारा बिना आपत्ति 30 दिन से ऊपर लंबित दाखिल-खारिज के मामलों पर फोकस करने के निर्देश दिये।

## नकली नोटों का सप्लाई कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में नकली नोट चलाने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने नाबालिग बेटे के ज़रिए बाजार में नकली नोट चला रहा था। जहां, एक मोबाइल दुकान पर खरीदारी के दौरान नकली नोट दिए गए ।दुकानदार ने नोट की पहचान करते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग को निरुद्ध किया। पुलिस के पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि ये नोट उसके पिता ने उसे दिए थे और उसी के कहने पर वह बाजार में खरीदारी करने गया था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की. छानबीन में बिस्तर से 37 जाली नोट बरामद किया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया और नकली नोटों को जब्त किया। वहीं, मामले में आगे की जांच की जा रही है कि इन नकली नोटों की सप्लाई कहां से हो रही थी।

## तुम्हें नमन है हिंद के प्रहरी

**नवीन मेल संवाददाता**




**ममता कर्ण मनस्वी**

हमारा देश भारत हमारा धर्म सनातन पर जिस तरह का संकट आतंकियों ने फैलाया था जिस तरह से निर्दोषों का निर्मम हत्या किया था हम भारतवासी जिस तरह से डराए गए उसका मुँहतोड़ जवाब हमारे वीर सैनिक
ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देकर दुश्मनों को धूल जो चटाए उसका हम जितना भी आभार प्रकट करें कम होगा हे वीर सैनिक कोटि- कोटि नमन आपके वीरता और अखंडता को ।
विश्व के सारे सेनाओं में आप उत्तम हैं ए सिर्फ हम भारतवासी नहीं अपितु सारे विश्व का सेना मान रहे हैं।
हम एक सौ चालीस करोड़ जनता का जान सुरक्षित है तो केवल हमारे वीर जावांज कुशल साहसी सैनिकों के वजह से हम घर में सोते रहे और आप हमारे लिए लड़ते रहे ।हमारी मातृभूमि और उसकी जनता ऋणी है अपने भारत के सैन्य बलों का।
जो अपने अदम्य साहस के बल पर हमें सुरक्षित रखती है ।हमारे देश को अखंडता प्रदान करती है। हमें सुरक्षित रखने के लिए हे वीर सपूतों सौ-सौ नमन है आपको।
! जय हिंद जय जवान !

## नौकरी लगाने का झांसा देकर 4.72 लाख की ठगी

**रांची।** रांची के चुटिया कृष्णापुरी निवासी देवयानी टुडू से नौकरी लगाने के नाम पर 4.72 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोप युगल किशोर कुमार उर्फ कमल किशोर सिंह और शशांक कुमार सिन्हा पर लगा है। देवयानी टुडू की ओर से थाने में दिए गए आवेद में कहा गया है कि उनके पति राकेश कुमार से आरोपियों की 2023 में फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई।

## भाजपा — पीएम प्रधानमंत्री के कार्यकाल का 11 साल पूर्ण होने पर कार्यक्रम

# पार्टी का लक्ष्य हर व्यक्ति तक पहुंचना है : कर्मवीर सिंह

- अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए
- पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध प्रयास करें

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को संगठन की आगामी गतिविधियों, कार्यक्रमों और अभियानों से संबंधित प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम एवं प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह ने कहा की अनुसूचित जाति समाज के लोग प्रायः पार्टी के प्रति बढ़ चढ़ कार्य करते है। हम सभी को उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर लाभान्वित करना है। आयुष्मान कार्ड को शिविर लगाकर बनाने का कार्य करें। संगठन के सभी कार्यक्रम को प्राथमिकता देते हुए ईमानदारी से करे। कार्यकर्ता नई उर्जा के साथ पार्टी को नए ऊचाइयों तक पहुचाने का कार्य करें। इसके बाद भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम जी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विशाल परिवार है। इसी पारिवारिक भावना और संगठनात्मक एकजुटता के बल पर आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

### कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दिशा निर्देश

कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी के मूल मंत्र को आत्मसात कर आगे बढ़ें। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री किशुन कुमार दास जी ने अपने संबोधन में कहा की संगठन के कार्यों को किस प्रकार सुदृढ़ ढंग से आगामी कार्य को पूर्ण रूप से टोली बनाकर करें। एक पेड़ मां के नाम,अंबेडकर सम्मान अभियान, 21 जून को योग दिवस,25 जून को आपातकाल,एवं 29 जून को मन की बात सभी कार्यकर्ता बूथो में सुन कर फोटो अपलोड करें। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रमंडल प्रभारी, जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी उपस्थित हुए।

## न्यूज बॉक्स

### विमान हादसे पर सुदेश महतो ने दुःख व्यक्त किया, ऐसे हादसों को रोकने का हो प्रयास



**रांची।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और यात्रियों तथा आम लोगों के हताहत होने पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने गहरी संवेदना जाहिर की है और कहा है कि लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान का अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होना अत्यंत पीड़ादायक और मन को विचलित करने वाली घटना है। महतो ने कहा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए विशेष कदम उठाए जाने चाहिए तथा सुरक्षित प्रणाली विकसित की जाए। पार्टी के अन्य नेताओं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, डोमन सिंह मुंडा आदि ने भी हादसे पर दुःख जताया है।

### विमान हादसे के मृतकों को विस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्षी रबीन्द्रनाथ महतो ने अहमदाबाद से लंदन जा रही प्लेन दुर्घटना में मारे गए यात्रियों तथा दुर्घटना से प्रभावित घायलों के लिए शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना एक विकराल हादसा है। भारत सहित अन्य देशों में भी इस दुर्घटना को लेकर शोक व्याप्त है। हादसे में लोगों की आकाल मृत्यु एवं घायल यात्रियों के लिए मैं प्रार्थना करता हूं तथा दुर्घटना से प्रभावित यात्रियों के परिजनों के लिए मैं अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं।

### डॉ लंबोदर महतो ने विमान हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया



**रांची।** अहमदाबाद विमान हादसे पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गहरा शोक प्रकट किया है। साथ ही इस अकल्पनीय दुर्घटना में अपने निकट संबंधियों को खोने वाले परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़े विमान दुर्घटनाओं में से एक है। मेरी संवेदना और प्रार्थना उन परिवारों के साथ है जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने करीबियों को खो दिया। उन्होंने असमय जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी है।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**रांची।** अहमदाबाद विमान हादस में मारे गए लोगों के प्रति केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। वहीं ईश्वर से उसके आत्मा की शांति की प्रार्थना की। श्री सेठ ने अपने संवेदना में कहा जो तस्वीर और वीडियो सामने आ रहे हैं वह हृदय को बेधने वाला है। संवेदना लिखने को शब्द नहीं हैं। इस हादसे में असमय काल-कवलित हुए नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। घायलों के स्वस्थ और सुरक्षित होने की प्रार्थना ईश्वर से करता हूं। घटना की सूचना मिलते ही केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को बीच में ही स्थगित कर सारे कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया।

### प्रतिभागियों को थिएटर की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी गई



**रांची।** सीएनआईएसबीएसएस एवं रंगदर्पण, रांची के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय आवसीय रंगमंच कार्यशाला का आयोजन एचपीडीसी में किया गया। इस कार्यशाला में सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को रंगमंच की बारीकियों से अवगत कराना एवं उनके अभिव्यक्ति कौशल को निखारना था। प्रतिभागियों को थिएटर की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी गई, जिनमें अभिनय, स्वर प्रयोग, शारीरिक अभिव्यक्ति, तथा मंचीय अनुशासन शामिल थे। विशेष रूप से इम्प्रोवाइज़ेशन तकनीक का प्रयोग करते हुए प्रतिभागियों की बातों और अनुभवों को एक नाट्य प्रस्तुति का रूप दिया गया, जिसे कार्यशाला के समापन पर प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में ग्रामीण जीवन, सामाजिक मुद्दों तथा युवाओं की भावनाओं की जीवंत झलक देखने को मिली। कार्यशाला का सफल संचालन रंगदर्पण के अनुभवी रंगकर्मी अशोक गोप एवं हिमांशु कुमार द्वारा किया गया। दोनों प्रशिक्षकों ने थिएटर के माध्यम से सामाजिक बदलाव की दिशा में ऐसे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया और ग्रामीण युवाओं की कला के प्रति रुचि की सराहना की। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। आयोजकों ने भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक और जागरूकता-आधारित कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

### स्वरोजगारियों पर हो रहे जुल्म देख मन बहुत दुखी होता है : संतोष अग्रवाल



मोरहाबादी की चौपाल

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने कहा कि स्वरोजगारियों पर नगर निगम का जुल्म देख मन बहुत दुखित होता है। नगर निगम वालों को समझाता था हाथ जोड़कर,सुनने को तैयार नहीं होते थे तो गुस्सा भी करता था। कल भी ऐसा ही हुआ। कुछ चर्चा के दौरान मैंने अजय भंडारी से इस विषय पर बात की तो उन्होंने राज्य रक्षा मंत्री संजय संठ से मिलवाने की बात की। 15 मई को भी जब रात के अंधेरे में मोरहाबादी के सभी सब्जी वालों , ठेले वालों को उजाड़ दिया गया था। यह खबर संजय सेठ को मिली थी तो उन्होंने तुरंत ही इस पर कार्यवाही की थी। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन को निर्देश दिया था कि इनको वापस बसाया जाए ,उनको रोजी रोटी कमाने दी जाए, जब तक इनको दूसरी जगह नहीं दी जाती है ।नतीजा यह हुआ कि दूसरे दिन से ही सब अपने सब्जी और ठेले लगा दिए। उनको बड़ी राहत मिली हालांकि उनको बहुत नुकसान हुआ था ।इधर कुछ दिनों से फिर ऑक्सीजन पार्क के बाहर गन्ना जूस फल इडली स्प्राउट्स बेचने वालों को हटाने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा हो रही थी। कल जब हुआ तो इसकी चर्चा मैं अजय जी की। अजय जी ने सुझाव दिया कि एक बार श्री संजय सेठ जी से मिल लीजिए और उन्होंने कल ही ऐसी व्यवस्था कर दी। एक बार तो मुझे लगा कि कहां वे राज्य रक्षा मंत्री का भार संभाले हुए हैं और यह मामूली काम जो नगर निगम द्वारा स्वयं ही करना चाहिए। वह नहीं करता हैं तो विधायक को करना चाहिए। इस काम के लिए श्री संजय जी को बोलने में मुझे खुद हिचक हो रही थी। फिर भी आज सुबह मैं उनके पास गया और वहीं पर करीब 20-25 स्वरोजगारी ठेले वाले भी पहुंच गए ।संजय जी के पास ही अन्य लोगों की तरह मैं भी बैठ गया। एक अनुभव भी करना चाहता था कि केंद्र सरकार के राज्य रक्षा मंत्री लोगों से किस तरह से मिलते हैं । किसी की समस्या का समाधान भी करते हैं क्या? मुझे बहुत अच्छा लगा यह देखकर कि इतने उच्च पद पर बैठे श्री संजय जी लोगों से बड़ी सरलता से मिल रहे थे। उनकी समस्याएं सुन रहे थे और तुरंत जरूरी निर्देश दे रहे थे या अपने डायरी में नोट कर रहे थे । यह मेरे लिए सुखद आश्चर्य था । कुछ देर बाद संजय जी ने विषय समझा और जो वेंडर गए थे, उनकी बातें , तकलीफे बहुत बढ़िया से सुनी और समझी। उन्होंने कहा भी कि ऑक्सीजन पार्क के सामने वाला एरिया तो चौपाटी जैसा नजर आता है, तरह-तरह के खाने की वस्तुएं बिकती है और लोग वहां खुले में आनंद लेते हैं। फिर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को फोन पर बड़े ही सहज भाव से स्वरोजगारियों की समस्या रखी और निर्देश दिया कि इनको अपनी रोजी-रोटी ससम्मान कमाने दे।

## नाले के ऊपर बने घर से खतरनाक बना नाला और धूमिल बोर्ड

# बैरिकेटिंग व बोर्ड लगा लेकिन हादसे के बाद

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** प्रशासन लेट पहुंचता है, होश बाद में आता है और कारवाई किसी हादसे के बाद होती है। हम उस परंपरा को भूल गए जहां अग्रसोची सदासुखी वाली जीवन चरित्रार्थ होती है। इसके कारण सुदृढ़ व्यवस्था की ओर से हमारा चित्त हटकर अव्यवस्था शब्द पर टिक गई। सुबह से शाम तक उन दिव्य कलाकारों की बात करें जो अव्यवस्था पर इतनी सुंदर सुंदर तार्किक शब्द गढ़ने की कोशिश करते रहेंगे और बड़े चौराहों के बर्बर शेर के अंदाज में घुरते दिखेंगे। ये शब्दों के बड़े-बड़े तीरंदाज जो दो लोगों के बीच तीर मारते नजर आएंगे मगर सरकार को उन मामलों को सूचित नहीं करेंगे जिसके करने से भविष्य के किसी बड़े हादसे को टाला जा सकता है। एक बार फिर बारिश हो रही है और नाला का प्रचंट स्वरूप हर साल कि तरह इस बार भी प्रकट होगा तो सावधान लिखी बोर्ड के धुमिल होने से निगम की मामूली चूक से बड़े हादसे परिणत हो सकते हैं। लोगों का सावधान खतरनाक नाला लिखा बोर्ड स्पष्ट रूप से दूर से पढ़ा जाना चाहिए और उसपर किसी प्रचार की पोस्टरबाजी नहीं होनी चाहिए। बैरिकेड के मरम्मत की भी जरूरत है, बना भी लेट से मगर दुरूस्त हो तब ही तो कारगर हो।




### 2023 में निगम की ओर से लगा सावधान का बोर्ड : विकास कुमार

स्थानीय दुकानदार विकास कुमार ने कहा कि हल्की बारिश में गली में तीन फीट तक पानी जमा हो जाता है। 2023 के उस काले दिन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि दो लोग साइकिल से बाजार पर स जी बेचकर लौट रहे थे। नाला के उपर से बह रहे बारिश के पानी की धार ने उन दो किसानों को अपने साथ बहा ले गई, सात दिनों के बाद ही दोनों की लाशें मिली थी। उसके बाद प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाई और सवाधान खतरनाक नाला लिखकर बोर्ड लगाया। बारिश हो रही है बोर्ड धुमिल ने से खतरा की सुरक्षा भी धुंघली साबित होगी।



### सड़क से लेकर घर तक बदबूदार पानी : राजकिशोर यादव

पंचशील नगर निवासी राजकिशोर यादव ने कहा कि बारिश होने पर रोड नंबर तीन में पानी जमा हो जाता है, घर से निकलना बंद हो जाता है। मोटरसाइकिल, कार किसी काम नहीं आते और सड़क से लेकर घर तक बदबूदार पानी ही पानी जमा रहता है। उन्होंने खतरनाक नाला सवाधान लिखे बोर्ड का जिक्र करते हुए कहा कि दु:खद घटना घटी थी दो वर्ष पहले दो साइकिल सवार बह गए थे।



### जेएसबीसीएल के दो पूर्व जीएम फाइनेंस व कंपनी प्रतिनिधि से पूछताछ

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में एसीबी ने गुरुवार को जेएसबीसीएल के पूर्व जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार व सुधीर कुमार दास से पूछताछ की। वहीं मार्शन इनोवेटिव के प्रतिनिधि नीरज कुमार से भी देर शाम तक एसीबी ने रिमांड पर पूछताछ की। गुरुवार की सुबह तीनों को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से लेकर एसीबी टीम मुख्यालय पहुंची थी। एसीबी सूत्रों के मुताबिक, दोनों पूर्व जीएम फाइनेंस से प्लेसमेंट एजेंसियों के बकाए के भुगतान के लिए की गई कार्रवाई, फर्जी बैंक गारंटी की जांच व उसके बाद की कार्रवाई के पहलू पर पूछताछ की गई। एसीबी ने दोनों अफसरों से पूछा कि प्लेसमेंट एजेंसियों का बकाया होने के बाद भी उन्हें किन परिस्थितियों में भुगतान किया गया। नीरज को कंपनियों ने बताया दोषी पांच करोड़ से अधिक की बैंक गारंटी फर्जी देने व फर्जी बैंक गारंटी के रिन्यूअल के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले नीरज सिंह को भी रिमांड पर लिया गया है। नीरज सिंह से एसीबी ने पूछा कि उसने फर्जी बैंक गारंटी क्यों जमा करायी थी। क्या इसके पीछे प्लेसमेंट एजेंसियों के निदेशकों का हाथ था या स्थानीय प्रतिनिधि के तौर पर उसने गड़बड़ी की।

## रिम्स और सदर अस्पताल में हर वर्ष आती हैं सर्वाइकल कैंसर की सैकड़ों मरीज

# समय पर इलाज से महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाया जा सकता है : डॉ अजीत कुमार



- **जागरूकता के अभाव में सैकड़ों परिवार हो जाते हैं बर्बाद**
- **एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए है मददगार**

**काजल मेहता**

**रांची।** सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में चौथा सबसे आम प्रकार का कैंसर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल लगभग 604,000 नए मामले आते हैं और 342,000 मौतें होती हैं। नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अनुसार, 2023 में संयुक्त राज्य अमेरिका में सर्वाइकल कैंसर के 13,820 नए मामले देखे गए। सर्वाइकल कैंसर, जिसे गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर भी कहा जाता है, गर्भाशय ग्रीवा में विकसित होने वाला एक कैंसर है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय का निचला भाग है जो योनि से जुड़ता है। अधिकांश सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपिलोमावायरस के संक्रमण के कारण होते हैं, जो एक यौन संचारित संक्रमण है। सर्वाइकल कैंसर में कई लक्षण ऐसे भी होते हैं जिसके बारे में महिलाएं जानते हुए भी किसी से साझा नहीं कर पाती है जिस कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। डॉ के मुताबिक महिलाओं को खुलकर साझा करना चाहिए और किसी भी तरह के लक्षण नजर आने पर नजदीकी अस्पताल में जाकर जांच करवाना चाहिए ताकि समय रहते सर्वाइकल कैंसर को नियंत्रित किया जा सके।

### रिम्स ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ अजीत कुमार ने बताया सर्वाइकल कैंसर क्या है और इसके निदान

डॉ अजीत कुमार ने कहा सर्वाइकल कैंसर तब विकसित होता है जब गर्भाशय ग्रीवा में कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य भागों में फैल सकती हैं। जिसके मुख्य कारणों में ह्यूमन पेपिलोमावायरस है। साथ ही कम उम्र में यौन संबंध, कई यौन साथी और अन्य यौन संचारित संक्रमण भी समस्या को बढ़ा सकते हैं। इसके लक्षण योनि से अनियमित रक्तस्राव, खासकर यौन गतिविधि के बाद, योनि से असामान्य स्राव, पेट या पीठ में असमान्य दर्द, पेशाब में तकलीफ या बदलाव हो सकता है। डॉ अजित ने कहा रिम्स अस्पताल में पहले कि तुलना में पहले स्टेज में ही मरीज आते हैं जिनका इलाज करना और स्वस्थ कर पाना आसन हो जाता है। कई बार मरीज समझ नहीं पाते हैं कि सर्वाइकल कैंसर के लक्षण क्या होते हैं जिस कारण पता नहीं चल पता है। वहीं, उन्होंने कहा शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी लोग जागरूक हो गए लेकिन आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कि कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए गांव कस्बों में रहने वाली सहिया दिदिओं को और चिकित्सकों को बेहतर ट्रेनिंग दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा वर्ष 2023- 24 में रिम्स में सर्वाइकल कैंसर के 486 मरीज इलाज के लिए गए थे वहीं वर्ष 2024- 25 में अभी तक 349 मरीज इलाज करने पहुंचे। उन्होंने कहा रिम्स में सर्वाइकल कैंसर के लिए सभी तरह के इलाज उपलब्ध है।

### सर्वाइकल कैंसर के हैं कई निदान



डॉ अजित ने सर्वाइकल कैंसर का निदान बताते हुए कहा कि पपनिकोलाउ टेस्ट जिसमें गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं का नमूना लिया जाता है और जांच के लिए लैब में भेजा जाता है। एचपीवी परीक्षण जिसमे एचपीवी वायरस की जांच के लिए एक और नमूना लिया जाता है।

बायोप्सी जिसमे यदि पपनिकोलाउ टेस्ट या एचपीवी परीक्षण में असामान्य परिणाम मिलते हैं, तो एक बायोप्सी की जा सकती है। उन्होंने कहा सर्वाइकल कैंसर का उपचार के कई उपचार हैं जिसमें सर्जरी, विकिरण चिकित्सा, और कीमोथेरेपी शामिल हो सकते हैं। उपचार की योजना कैंसर के चरण और रोगी की स्वास्थ्य स्थिति पर निर्भर करती है। डॉक्टर ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भी कई उपाए है जिसमें एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद कर सकती है। यह टीका 9 वर्ष की आयु से दिया जा सकता है। बच्चों को 11 या 12 वर्ष की आयु में टीका लगवाना चाहिए, ताकि वे यौन रूप से सक्रिय होने से कई साल पहले पूरी तरह सुरक्षित रहें। 26 वर्ष की आयु तक के किशोर और युवा व्यस्क जिन्होंने एचपीवी वैक्सीन श्रृंखला शुरू या समाप्त नहीं की है, उन्हें भी एचपीवी टीकाकरण की आवश्यकता है. यह वैक्सीन दो या तीन खुराकों की एक श्रृंखला में दी जाती है, जो आपके डॉक्टर द्वारा निर्धारित की जाती है. नियमित रूप से पपनिकोलाउ टेस्ट एचपीवी परीक्षण करवाना जरुरी है। सुरक्षित यौन संबंध और यौन संचारित संक्रमण से बचना भी परेशानी को कम करने में मदद कर सकता है।

### सैंकड़ों सर्वाइकल कैंसर की मरीज इलाज करवाने पहुंचती हैं सदर



सदर अस्पताल के सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा सर्वाइकल कैंसर एक जानलेवा बीमारी हो सकती है, लेकिन नियमित स्क्रीनिंग और एचपीवी वैक्सीन से इसे रोका जा सकता है। यदि आपको सर्वाइकल कैंसर के कोई भी लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंने कहा सदर अस्पताल में लगभग सभी सुविधाएं उपलब्ध है सर्वाइकल कैंसर से संबधित। हर साल सदर अस्पताल में करीबन 200 से 250 सर्वाइकल कैंसर कि मरीज इलाज करवाने पहुंचती है. जिसमे कई पहले स्टेज से गुजर रही होती हैं तो कई अंतिम चरण से गुजर रही होती है।

### चिकित्सकों ने दिए सुझाव

सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए चिकित्सकों के सुझाव के अनुसार महिलाओं को यदि असमान्य गतिविधियाँ अपने यौनी में महसूस हो या फिर चिकित्सकों के द्वारा बताये गए सर्वाइकल कैंसर के कारणों में कोई भी परेशानी नजर आए तो नजदीकी चिकित्सक के पास जाकर जरुरी जांच जरुर करवाए। वहीं, चिकित्सक के सुझाव के साथ जरुरी और सम्बंधित वैक्सीन जरुर लगवाएं ताकि सर्वाइकल कैंसर जैसी बिमारी से बचा जा सके।

## समग्र शिक्षा एवं मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा बैठक

# विद्यालयों में शिक्षक ठीक से पढ़ा रहे हैं कि नहीं इसका आकलन किया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को मग्र शिक्षा एवं मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। ई विद्यावाहिनी में सभी शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित रूप से दर्ज हो। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा की सभी शिक्षकों की ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति सुनिश्चित रूप से दर्ज हो। उन्हें वेतन उपस्थिति के अनुसार भुगतान करें।

साथ उन्होंने कहा की कोई भी शिक्षक बिना वैध छुट्टी लिए अगर विद्यालय में अनुपस्थित पाए जाते है, तों उनपर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। जो शिक्षक ई-विद्या वाहिनी में अटेंडेंस मार्क नहीं करेंगे तो उस दिन का वेतन की कटौती की जाएगी। सभी शिक्षकों का ई विद्या वाहिनी में प्रतिदिन अटेंडेंस मार्क करना अनिवार्य होगा। हर 15 दिनों में इसकी समीक्षा की जाएगी।

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश :** उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में पाया गया अभी भी मात्र 50 प्रतिशत बच्चों का ही निजी विद्यालयों ने नामांकन लिया है। उन्होंने अगले 10 दिनों में शत प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का कड़ाई से पालन कराने को लेकर सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है, कोई निजी विद्यालय इस एक्ट के तहत किसी भी बच्चों का नामांकन नही करते है, तो उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन विद्यालयों पर एक्ट के तहत निश्चित तौर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन विद्यालय को बच्चों का नामांकन सुनिश्चित रूप से करना है।

**विद्यालयों में शिक्षक ठीक से पढ़ा रहें है की नही इसका आंकलन किया जाएगा :** उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा की जिलें में अवस्थीत सभी सरकारी विद्यालयों में प्रतिनियुक्त शिक्षक छात्रों को गुणात्मक शिक्षा दे रहे हैं कि नहीं इसका आंकलन करें। कोई भी शिक्षक अगर अच्छे से विद्यालय में अच्छे से नही पढ़ा रहें है, उनके विद्यालय के छात्र फेल कर रहें है, वैसे शिक्षकों के ऊपर निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।



### बच्चों की उपस्थिति भी प्रतिदिन सभी विद्यालय को ई विद्या वाहिनी में अपलोड करना अनिवार्य

उपायुक्त ने बच्चों की उपस्थिति भी प्रतिदिन सभी विद्यालय के द्वारा ई विद्या वाहिनी में अपलोड करना अनिवार्य करते हुए इसमें भी जो विद्यालय कोताही बरतेंगे उस पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी वार्डन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय उपस्थित थे।

**सरकारी विद्यालयों में आसामाजिक तत्वों का अड्डा को लेकर सख्त निर्देश :** जिला के कई सरकारी विद्यालयों में आसामाजिक तत्वों का अड्डा की शिकायत को लेकर उपायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा की ऐसे तत्वों पर जिला प्रशासन सख्ती से निपटेगा। ऐसे तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ऐसे तत्वों की पहचान करने के भी निर्देश दिए गए।

**सभी सरकारी शिक्षक एवं सहायक शिक्षक का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश :** उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा की सभी सरकारी शिक्षक एवं सहायक शिक्षक का व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जिसमें इन्हें इस ग्रुप में जोड़ कर शिक्षा में गुणात्मक सुधार, विद्यालय की समस्या एवं अन्य चीजें इस ग्रुप के माध्यम से जिला प्रशासन को मिलते रहें।

**केजीबीवी बुंडू के कक्षा 10 वीं के 09 छात्रों के फेल होने को गंभीरता से लेते हुए इसको लेकर बी.ई.ओ को जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश :** उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में समीक्षा क्रम में पाया की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) बुंडू के कक्षा 10 वीं के कुल- 67 छात्रों में मात्र- 58 छात्र ही पास हुए। इनमें से 09 छात्रों के फेल होने को लेकर उपायुक्त इसे गंभीरता से लेते हुए बी.ई.ओ को जाँच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश के साथ विद्यालय के वार्डन को शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया।

## गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने श्री हरगोविंद साहिब जी महाराज का प्रकाश पर्व मना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा ने गुरुवार को छठे नानक श्री हरगोविंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान की शुरुआत सुबह आठ बजे भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार कीर्तन से हुई। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथावाचन करते हुए साध-संगत को बताया।

हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने " पंज प्याले पंज पीर, छठम पीर बैठा गुरु भारी...." एवं " जमया पूत भगत गोबिंद का परगटया सभ मेह लिखिया धुर का...." एवं " वडी आरजा हरगोबिंद की सुख मंगल कल्याण विचारया...." तथा " मेरा सतगुर रखवाला होआ धार कृपा प्रभ हाथ दे राखीआ हर गोविंद नवा निरोआ....." शबद गायन कर संगत को गुरबाणी से जोड़ा।

छह पौढ़ी श्री अनंद साहिब जी के पाठ,अरदास, हुक्मनामा के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10.30 बजे हुई.इसके बाद संगत के बीच कढ़ाह प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर सत्संग सभा द्वारा मिस्सी रोटी,प्याज का अचार एवं रायता का लंगर चलाया गया. सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने संगत को श्री हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाश की साखी सुनाई और प्रकाश पर्व की बधाई दी। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व 26 जून को मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व को लेकर स्त्री सत्संग सभा द्वारा 16 जून से 26 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से शाम 4.45 बजे तक श्री सुखमनी साहिब जी का सामूहिक पाठ होगा।



## तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में प्रियंका सिन्हा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली,मारुति नंदन चक्रवर्ती, प्रखंड लेखा प्रबंधक, शशिभूषण चौबे, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सुरेन्द्र कुमार महतो,मलेरिया सुपरवाइजर, एलिशा कुमारी, रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार सिल्ली राँची के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न प्रखंड सिल्ली, बुंडू ,राहे, लापुंग, नामकुम, से आए 29 प्रशिक्षणार्थीयों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया । मुख्य अथिति ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी लोग पूरी एकाग्रता से और संस्थान में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करे क्योंकि आज के दौर में बिना स्किल्स के व्यक्ति बेकार है।आप सभी कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर अपना खुद का स्वरोजगार करे।वित्तीय सहायता के लिए महिला समिति तथा केनरा बैंक भी आप के साथ है लोन देने के लिए ।यहां पर व्यक्तित्व विकास और योग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि आज के दौर में कृषि के क्षेत्र में बहुत कम महिलाए उद्यमी देखने को मिलता है। आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करे और आप बेहतर तरीका से कार्य करे,और आप एक सफल उद्यमी बने।

# मोदी सरकार के 11 साल देश के लिए स्वर्णिम युग : समीर उरांव

- आज दुनिया में भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक पहल को गंभीरता से लिया जा रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 11 वर्षों में स्वर्णिम युग का अनुभव किया है। इस दौरान भारत ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उक्त बातें भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद समीर उरांव ने गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि पहली बार देशवासियों ने ऐसा नेतृत्व देखा, जिसकी नीयत लोकसेवा की रही और जिसने सेवा, सुरक्षा व सुशासन के नए कीर्तिमान स्थापित किए। मोदी सरकार ने समावेशी विकास मॉडल को आगे बढ़ाते हुए हर वर्ग को सशक्त करने का कार्य किया है।

समीर उरांव ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं एवं मध्यमवर्ग के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं, महिला सशक्तिकरण, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना जैसे अनेक कार्यक्रमों से आम जन का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में केंद्र सरकार सतत प्रयासरत है। आज दुनिया में भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक पहल को गंभीरता से लिया जा रहा है। मोदी सरकार ने दिया नई सोच, नया विश्वासः प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और भरोसे का नया दौर शुरू किया है। 2014 से पूर्व देश में घोटाले, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति हावी थी। उस दौर में निराशा का माहौल था और लोगों को लगता था कि कुछ नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों ने देशवासियों में आशा और विश्वास पैदा किया है। अब लोगों को भरोसा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर समस्या का समाधान कर सकते हैं। कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूदः प्रेस वार्ता में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला महामंत्री संजय साहू और निखिल कंडुलना, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक और जनसेवा के लिए समर्पित बताया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में शाजेब और उषा को जमानत नहीं

**रांची।** न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा नंबर 1 की अदालत ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में जेल में बंद शाजेब हनीफ और उषा लकड़ा को जमानत देने से इनकार किया है। दोनों की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई पश्चात खारिज कर दी। शाजेब 15 अप्रैल से और उषा 28 मई से जेल में है। दोनों पर मृतका सुमन कुमारी को मानसिक आघात पहुंचाने का आरोप है। मृतका मेदांता अस्पताल में कार्य करने के दौरान शाजेब हनीफ के साथ एक लॉज में लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया। जब वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उषा लकड़ा के साथ संबंध बनाए तो मृतका ने आपत्ति जताई। उषा ने सुमन को शाजेब के साथ संबंध समाप्त करने की धमकी दी तथा उसने मृतका को चरित्रहीन तथा पागल भी कहा था। इससे तंग आकर 14 अप्रैल 2025 को सुमन कुमारी ने आत्महत्या कर ली। घटना को लेकर उसके पिता ने ओरमांझी थाना में कांड संख्या 65/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई।

## अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर बाल श्रम मुक्त अभियान का शुभारंभ




**नवीन मेल संवाददाता**

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर भवन खूंटी में श्रम मुक्त खूंटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, बाल कल्याण संघ एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले को बाल श्रम से मुक्त करना और बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं समर्थ बनाना रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के उप सचिव विकास कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की सचिव राजश्री अर्पणा कुजूर, जिला श्रम अधीक्षक वाल्टर कुजूर एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो. अल्ताफ खान के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन से हुई। बाल श्रम की बदलती प्रकृति पर चिंताः मुख्य अतिथि विकास कुमार ने कहा कि बाल श्रम की प्रकृति अब बदल चुकी है। आज भी होटल, कारखाने, ढाबे और छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठान बच्चों के शोषण के स्थल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और सभी हितधारकों को साथ लेकर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। सभी हितधारकों से संयुक्त प्रयास का आह्वानः डालसा की सचिव राजश्री अर्पणा कुजूर ने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध केवल सरकार या संस्था नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि किसी भी आपात स्थिति में वे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या डालसा से सीधे संपर्क करें। बाल संरक्षण विभाग के प्रयासों की जानकारीः जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो. अल्ताफ खान ने कहा कि हाल ही में दिल्ली जैसे महानगरों से 218 बच्चों को रेस्क्यू कर खूंटी वापस लाया गया है। वर्ष 2024-25 में अब तक 123 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना में सम्मिलित किया गया है।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत, पुलिस कर रही जांच



**रांची।** राजधानी के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में एक युवक का संदिग्ध हालत में युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक गुमला का रहने वाला है जिसकी पहचान अनुज नामक युवक से हुई है। मृतक धुर्वा में रह कर पढ़ाई करता था। 4 वर्षों से बंगलौर में था कुछ दिन पहले रांची आया था। वहीं बुधवार की रात अपने कुछ दोस्तों के साथ था जिसके बाद गुरुवार को युवक को युवक की मौत हो गई। दोस्तों का कहना है मृतक की अचानक तबियत बिगड़ी जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नकली नोटों की सप्लाई कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में नकली नोट चलाने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी अपने नाबालिग बेटे के ज़रिए बाजार में नकली नोट चला रहा था। जहां, एक मोबाइल दुकान पर खरीदारी के दौरान नकली नोट दिए गए ।दुकानदार ने नोट की पहचान करते ही तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग को निरुद्ध किया। पुलिस के पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि ये नोट उसके पिता ने उसे दिए थे और उसी के कहने पर वह बाजार में खरीदारी करने गया था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की. छानबीन में बिस्तर से 37 जाली नोट बरामद किया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया और नकली नोटों को जब्त किया। वहीं, मामले में आगे की जांच की जा रही है कि इन नकली नोटों की सप्लाई कहां से हो रही थी।

## चार पहिया वाहन की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**पिठौरिया।** थाना क्षेत्र से चोरी की बड़ी घटना सामने आई है,जहां बाइक की चोरी तो आम बात थी। अब चार पहिए गाड़ी चुराना शुरू कर दी है, ऐसा ही एक घटना आज पिठौरिया थाना में दर्ज की गई है वादी विश्वनाथ कुमार ने दर्ज करवाई है विश्वनाथ जी ने बतलाया पिठौरिया थाना क्षेत्र स्थित ए. पी. बाजार के सामने 11 जून दोपहर 2:00 बजे वह अपनी बोलेरो पिकअप को लगाकर घर चला गया दूसरे दिन सुबह जब बाजार जाने के लिए वह गाड़ी के पास आया तो देखा गाड़ी वहां नहीं है काफी छानबीन करने के बाद जब गाड़ी का पता नहीं चला तो पिठौरिया थाना में मामला दर्ज करवाया।

इटकी में प्रतिभा सम्मान समारोह में टॉपर्स को मिली साईकिल

# यह कामयाबी एक पड़ाव है आपकी मंज़िल नहीं : आरिफ

**नवीन मेल संवाददाता**



**इटकी।** 2025 में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में इटकी प्रखंड टॉपर्स को झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के कोआडिनेटर आरिफ रजा द्वारा सम्मानित किया गया। प्रखंड टॉपर्स उमामा चांदनी, सारिया सना, सनोवर सना और सामिया इम्तियाज को सम्मानपूर्वक एक साईकिल, मोमेंटो, सर्टिफिकेट और मेडल दिया गया। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बाकी छात्रों को मोमेंटो, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि एडवोकेट आरिफ नासिर बट्ट , जिला परिषद रीना देवी, थाना प्रभारी मनीष कुमार, इंजीनियर सैफुल्लाह अतहर एवं आरिफ रजा ने सयुंक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सम्मान आपको और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा इसे सहेज कर रखें। आपके इस सम्मान से दूसरे छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। यह कामयाबी एक पड़ाव है अपकी मंजिल नहीं | आरिफ रजा ने कहा कि इटकी और आस पास के स्टूडेंट्स जो अर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं उन्हें वो हर सम्भव सहायता करने के लिए तैयार हैं। छात्र- छात्राओं के हित में वो इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे ताकि वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम को जिला परिषद रीना देवी, उप प्रमुख परवेज राजा, थाना प्रभारी मनीष कुमार, महावीर मंडल ग्रामीण अध्यक्ष अजीत केसरी एवं सेक्रेट्री अल्हाज मोहम्मद मोइनउद्दीन ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता एडवोकेट आरिफ नासिर बट्ट एवं संचालन व धन्यवाद ज्ञापन आरिश नेजाम ने किया। कार्यक्रम में नदीम अकरम, नौशाद, अजहर, उमैस, राहिल, सहित छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे |

## बिजली-पानी की समस्या से आक्रोशित लोगों ने रोहिणी खदान का काम रोका

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** धमधमिया कालोनी में बिजली व पानी की गंभीर समस्या से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने गुरुवार सुबह रोहिणी खदान का काम करीब तीन घंटे तक ठप करा दिया। सुबह 9 बजे महिला-पुरुषों की भीड़ खदान पहुंची और मुख्य सड़क पर डंपर खड़े कर विरोध जताया। प्रदर्शन की सूचना पर रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से बातचीत की। लोगों ने बताया कि कालोनी में कई महीनों से बिजली पानी की आपूर्ति बाधित है, लेकिन किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। वहीं, पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार भी मौके पर पहुंचे और दोनों अधिकारियों ने अपने विभागीय कर्मचारियों से स्थिति की जानकारी लेकर जल्द समाधान का निर्देश दिया। लोगों का आरोप है कि रोहिणी ईएंडएम विभाग के अधिकारी न तो फोन उठाते हैं और न ही बिजली समस्याओं पर कोई कार्रवाई करते हैं। कालोनी में बिजली के उपकरण जर्जर हो चुके हैं और कर्मचारियों की भी भारी कमी है। पानी की सप्लाई भी 15-20 दिनों के अंतराल पर होती है, जिससे स्थिति और खराब हो गई है। बाद में दोनों परियोजना पदाधिकारियों ने धमधमिया बिजली घर और रोहिणी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया और समस्या के समाधान हेतु जरूरी निर्देश दिए। रोहिणी पीओ दीपक कुमार ने आश्वस्त किया कि प्रबंधन बिजली और पानी की समस्या को गंभीरता से ले रहा है और आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएंगे। वार्ता के सकारात्मक परिणाम के बाद दोपहर 12 बजे खदान का काम दोबारा शुरू हुआ। इस मौके पर रोहिणी पीओ दीपक कुमार, पुरनाडीह पीओ संजय कुमार, ईएंडएम प्रोजेक्ट इंजीनियर राजीव रंजन, पीके सिंह, मुखिया संतोषकुमार महली, पंसस सहदेव महली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### दीपक पाहन बने काटमकुली के ग्राम प्रधान



**पिठौरिया।** कांके प्रखंड के ग्राम काटमकुली में गुरुवार को ग्राम प्रधान का चुनाव किया गया। जिसमें दीपक पाहन के पक्ष में 183 लोगों ने समर्थन दिया एवम देव नारायण मुंडा के समर्थन में मात्र 71 लोगों ने समर्थन दिया। कांके प्रखंड के बीओ के देख रेख में चुनाव कराया गया। चुनाव को सफ़ल कराने में मुख्य रूप से मुखिया अनीता देवी, उप मुखिया अख्तर अंसारी, पंचायत सचिव चंदर देव साहू, और गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**रांची।** रांची जिला सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में पन्द्रह दिवसीय निशुल्क रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय , सेक्टर-2, धुर्वा में संपन्न हुआ।इस प्रशिक्षण शिविर में रांची जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 बालक-बालिका ने खो-खो खेल के नए कौशल को मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक के रूप में वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार एवं निखिल कुमार ने प्रशिक्षण दिया। मुख्य प्रशिक्षक श्री झा ने सभी खिलाड़ियों को सर्वप्रथम बेसिक स्कील के तहत चेन खो, पोल टू पोल रनिंग, कोभरिंग, पोल डाईव, पोल टर्न, डाईव, रिंग, 3-2-3 ,2-3-2 एवं मैच के दौरान कैसे विरोधी खिलाड़ी को चकमा देना है उसको बारीकी से सिखाया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव सजल बनर्जी, विशिष्ट अतिथि खेल प्रेमी सह स्थानीय भोजपुरी गायक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी सह खेल प्रेमी अनिल राम ने संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आउटसोर्स चालकों का शोषण बर्दाश्त नहीं: प्रताप



**खलारी।** सीसीएल एनके क्षेत्र में आउटसोर्स के माध्यम से संचालित बोलेरो वाहनों के चालकों की समस्याओं को लेकर जनता मजदूर संघ (असंगठित) के जोनल सचिव प्रताप यादव ने महाप्रबंधक को पत्र सौंपा। प्रताप यादव ने पत्र में आरोप लगाया कि निजी बोलेरो मालिक सीसीएल द्वारा तय वेतनमान के अनुसार 22 हजार रुपये प्रतिमाह देने के बजाय चालकों को केवल 9 हजार रुपए ही वेतन दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त न तो उनका पीएफ काटा और जमा किया जाता है, न ही उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण (वीटीसी) प्रदान किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जब कोई चालक अपने अधिकारों की मांग करता है तो बोलेरो मालिक उन्हें तत्काल काम से हटा देते हैं। यह सीधा शोषण है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रताप ने महाप्रबंधक से मांग की है कि वे इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप कर चालकों को उचित वेतन, पीएफ सुविधा और प्रशिक्षण सुनिश्चित करवाएं।

### विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा



**खलारी।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार शाम हुए विमान हादसे में मृत यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को डकरा भूतनगर में शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने किया। सभा के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने हाथों में कैंडल लेकर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर अब्दुल्ला अंसारी ने हादसे को अत्यंत दुखद बताते हुए क हा कि इस दुर्घटना में कई लोगों की जान गई है, जो पूरे देश के लिए पीड़ादायक है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। शोक सभा में सुनील सिंह, सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, अमजद खान, अशोक सिंह, उपेंद्र ठाकुर, प्रमोद कुमार, सदाम अंसारी, अली हसन, जसीम अंसारी, धर्मेंद्र चौहान, राकेश चौहान, राजू तुरी, फिरोज अंसारी, चंदन कुमार, सुनील कुमार, विजय चौधरी और अरविंद कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### मंडा पूजा हमें एक सूत्र में पिरोने का काम करती है : स्वामी देवेंद्र प्रकाश



**उमेडंडा।** बुढ़मू प्रखंड के उमेडंडा में झूलन के साथ मंडा पूजा का हुआ समापन। इस आयोजन में भोक्ताओं को एक लंबे लकड़ी के खंभे में बारी-बारी से झुलाया गया और आसमान से आस्था के फूल बरसाए, फूलों को पाने के लिए महिलाओं ने अंचल फैलाई। मंडा पूजा का भव्य आयोजन के लिए केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड की ओर से सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय मंडा पूजा समिति झारखंड के संरक्षक एवं भाजपा नेता श्री देवेंद्र प्रकाश स्वामी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम के लिए बनाए गए मंच का मौके पर फीता काटकर उद्घाटन किया।

**साथी अभियान** गांवों, कस्बों, मुहल्लों में निराश्रित बच्चों की पहचान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है

# बेसहारा बच्चों को सहारा देना ही डालसा का उद्देश्य : रवि

- चतुर्थ रॉस्टर में सिल्ली, सोनाहातू व राहे प्रखंड को शामिल किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**




**बीडीओ ने कहा**

कि नालसा द्वारा साथी अभियान शुरु किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने में हमलोगों की भूमिका अहम होगी। गांव के मुखिया भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद करें, ताकि अधिक से अधिक निराश्रित बच्चों को चिन्हितिकरण हो और उन्हें सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाया जा सके तथा उन्हें समाज में उनका अपना आधार-पहचान बने।

**रांची।** गुरुवार को सिल्ली ब्लॉक में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चतुर्थ कड़ी में सिल्ली, सोनाहातू व राहे प्रखंड को शामिल कर सिल्ली ब्लॉक में एकदिवसीय कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, सिल्ली बीडीओ अनिल कुमार, सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार, राहे बीडीओ अशोक कुमार, सिल्ली मुखिया सीमा कुमारी, लुपुंग मुखिया शर्मिला कुमारी, बांसारूली मुखिया लालू उरांव, लोवादाग मुखिया लाल सिंह मुंडा, पीएलवी ब्रजेश कुमार महतो, शंकर महतो, बंशीधर महतो, सुनील कुमार, बंशीधर घटवार, कौशल्या देवी, पंकज कुमार, राजकुमार, भोलानाथ महतो, रामेश्वर महतो, कुमारी इंदूबाला, आशिकराज महतो, रूपनारायण मुंडा, पुष्पा कुमारी, जगदीश महतो, संजय भोगता, दिलखुश महतो, सुरेश चंद्र महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे। मौके पर डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि शहर, गांवों, कस्बो, मुहल्लों में निराश्रित बच्चों का पहचान कर उन्हें समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है। वैसे बच्चे जो बेसहारा श्रेणी में आते है उनका आधार-पहचान होना जरूरी है। साथी नामक अभियान नालसा के तत्वावधान में झालसा के द्वारा संचालित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जो अनाथ हैं, बेघर अथवा बेसहारा है, जिनका सुरक्षा का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें डालसा चिन्हित कर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को मदद पहुंचाना है। अंत में कार्यरत पीएलवी के द्वारा जागरूकता हेतु लिफलेट व पम्पलेट का वितरण भी किया गया।

## धान बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित




**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के बुध बाजार स्थित सिरु पैक्स में गुरुवार को धान बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं मुखिया वीणा देवी ने किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान बीजों का वितरण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राजेन्द्र मनशुरी, एसएवीए 73.01, पीएनपीएच ,डीआरआरएच-2 ,एमटीयू 1010 जैसे उच्च गुणवत्ता वाले धान बीज किसानों को 50% सब्सिडी पर वितरित किए गए। सभी बीज सिरु पैक्स केंद्र पर आसानी से उपलब्ध हैं। सरकार ने समय से बीज उपलब्ध कराए हैं, जिससे किसान समय पर खेतों में बुवाई कर सकें। यह पहल किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने और उनकी आय को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार की प्रयास है कि हर किसान को समय पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो, ताकि वे आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि की ओर बढ़ सकें। मौके पर पैक्स अध्यक्ष प्रताप चौधरी, उतम कुमार, अनिल कुमार,घनश्याम कुमार, विनोद कुमार,शिबू महतो,कार्तिक महतो, सोनू साव आदि उपस्थित थे ।

### केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की दी जानकारी, कहा

# 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत होगी दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़।** शहर के बिजुलिया स्थित चेंबर भवन में 12 जून को भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और संचालन राजू चतुर्वेदी ने किया। प्रेस वार्ता के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि पार्टी की प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में देश की तकदीर और तस्वीर बदल गई है और हर क्षेत्र में देश का तीव्र गति से विकास हुआ है। साथ ही पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को पूरी दुनिया में अब सम्मान की नजर से देखा जाता है।

**● ऑपरेशन सिंदूर में पाक ने टेके घुटनेः**

पहलगाम में आतंकवादियों के हमले के बाद चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देते हुए रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने अपने पराक्रम से 23 मिनट में आतंकवादियों के 9 अड्डों का पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इससे बौखलाये पाकिस्तान ने जब जवाबी कार्रवाई की कोशिश की तब भारतीय सेना के ताबड़तोड़ जवाबी कार्रवाई से पाक पूरी तरह घबरा गया और वहां के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया और वार्ता के लिए गिड़गिड़ाने लगे। जिसके बाद हमारे डीजीएमओ ने बात किया और तब ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित किया गया। रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि यदि दुबारा पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने हमले का कोई प्रयास किया तो इसके विरूद्ध सरकार कड़े कदम उठाएगी।




**मौके पर** जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, विजय जायसवाल, राजीव पामदत्त,राजीव जायसवाल, रंजन फौजी सहित अन्य उपस्थित थे।

**● भारत 92 देशों को कर रहा हथियार का निर्यात**

रक्षा राज्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में भारत विश्व के 92 देशों को हथियारों का निर्यात कर रहा है। 2024 में देश ने 23 हजार 6 सौ 22 करोड़ के हथियारों का निर्यात किया। जिसे 2025 में 50 हजार करोड़ और 2029 तक 3 लाख करोड़ करने का लक्ष्य है। कहा कि अब रक्षा के क्षेत्र में देश तेजी से आत्मनिर्भर होने की ओर बढ़ रहा है। बताया कि 2014 में देश का रक्षा बजट 2 लाख करोड़ था जिसे बढ़ाकर नरेंद्र मोदी सरकार ने 6 लाख 81 हजार करोड़ कर दिया है। ताकि रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भन होने का लक्ष्य पूरा हो।

**● 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए**

रक्षा राज्यमंत्री ने हाल में आयी रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि देश के 27 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है। बताया कि जापान को पीछे छोड़कर भारत 4 ट्रिलियन इकॉनोमी के साथ चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। बताया कि वर्ष 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत 5 ट्रिलियन इकॉनोमी के साथ विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा।

**● कोरोना के काल में 140 करोड़ देश वासियों को लगाया टीका, 118 देशों की किया मदद**

रक्षा राज्यमंत्री ने बताया कि कोरोना काल में देश में दो वैक्सीन बने। जिसके बाद सभी देश वासियों को मुफ्त वैक्सीन लगाया गया। साथ ही विश्व के 118 देशों की मदद की गई। बताया कि प्रधानमंत्री देश में खेलों के विकास के लिए लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं।

ताकि खेलों के क्षेत्र में देश आगे बढे। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे अधिक डिजिटल पेमेंट करने वाले देश है। जनधन योजना के तहत 55 करोड़ लोगों का बैंकों में खाता खोला गया। 11 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला। ओडीएफ के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए। देश के 11 करोड़ किसानो का किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। साथ ही देश में मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है।

**● नक्सल आंदोलन गिन रहा अंतिम सांस**

रक्षा राज्यमंत्री ने नक्सल आंदोलन के संबंध में बताया कि इसे 90 प्रतिशत कुचला जा चुका है और अब यह अंतिम सांस गिन रहा है। कहा कि जल्द ही यह पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बताया कि केंद्र सरकार ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी है।

साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक चेहरा बन गए हैं जिनकी पूरी दुनिया मुरीद है और जब कहीं कोई संकट होता है तो विश्व के देश उनकी ओर आशा ष्भरी नजरों से देखते हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में देश का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ा है और भारत के लोगों को पूरी दुनिया में सम्मान दिया जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### आरसी मिशन पब्लिक स्कूल से भागा छात्र बरही में मिला



**बरही।** खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत पांचमाइल स्थित आरसी मिशन पब्लिक स्कूल में उस समय हड़कंप मच गया जब कक्षा तीसरी का एक छात्र स्कूल परिसर से अचानक लापता हो गया। घटना बुधवार संध्या की है, जब सिंटू कुमार नामक छात्र खेलने के दौरान स्कूल से भाग गया और किसी तरह बरही पहुंच गया। बरही पहुंचने पर स्थानीय समाजसेवी राजेश प्रसाद केशरी की नजर उस बच्चे पर पड़ी, जो सड़क किनारे अकेला भटका हुआ था। समाजसेवी ने बच्चे से पूछताछ कर उसे अपने पास बैठाया और तत्परता दिखाते हुए इसकी जानकारी बरही थाना को दी। पूछताछ में पता चला कि बच्चा कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी कारू सिंह का पुत्र है।सूचना मिलते ही बरही थाना पुलिस ने नवलशाही थाना प्रभारी से संपर्क कर बच्चे की जानकारी साझा की। तत्पश्चात नवलशाही पुलिस ने बच्चे के माता-पिता को इसकी सूचना दी। गुरुवार को सिंटू के माता-पिता कारू सिंह और सोनिया देवी बरही पहुंचे और अपने पुत्र को सकुशल अपने साथ लेकर लौट गए। बच्चे के पिता ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को उक्त आवासीय स्कूल में पढ़ाई के लिए भेजा था। उनका बड़ा बेटा कक्षा पांच में और छोटा बेटा सिंटू कक्षा तीन में पढ़ता है।

### एनजीटी लागू, 15 अक्तूबर तक बालू उत्खनन पर लगा रोक



**बरही** । एनजीटी 2010 (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के तहत राज्य में 10 जून से 15 अक्तूबर तक बालू घाटों से बालू उत्खनन पर रोक लगा दी गई है. अब बालू का उठाव सिर्फ अधिकृत व भंडारित बालू घाट से सिर्फ ई चलान के बाद ही परिवहन किया जा सकता है. ऐसा नही किए जाने पर बालू लदे वाहन जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज किए जायेंगे. उक्त जानकारी सीओ अमित कुमार किस्कू ने दी. उन्होंने यह भी बताया कि बरही प्रखंड में सरकार के द्वारा अब तक कोई अधिकृत बालू घाट नही बनाए गए हैं. अनाधिकृत रूप से बालू परिवहन को रोकने के लिए उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार प्रखंड के देवचंदा मोड़ पर अस्थाई चेक पोस्ट बनाए गए हैं. जहां प्रातः 6 से दोपहर 2 बजे तक, अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक और 10 बजे रात्रि से प्रातः 6 बजे तक तीन शिफ्ट में सशस्त्र बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## माध्यमिक परीक्षा में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**● अमन कुमार 91% लाकर विद्यालय के बने टॉपर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के उत्क्रमित पल्स टू उच्च विद्यालय कलहाबाद में माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के 108 छात्रों ने प्रथम और 28 ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्णता हासिल की।माध्यमिक परीक्षा 2025 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप टेन विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर स्मृति चिन्ह एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अमन कुमार, चंदन कुमार, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, पिंटू कुमार, राहुल कुमार पंडित, शिवानन्द कुमार, सनी कुमार, प्रेम सागर, रीतिका कुमारी शामिल हैं। वहीं विद्यालय के छात्र अमन कुमार ने सर्वाधिक 91% अंक प्राप्त कर टॉपर बना। आकांक्षा परीक्षा में सनी कुमार ने क्लैट में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को दिया। साथ ही अपने लक्ष्यों के बारे में प्रकाश डाला एवं अपने साथियों को एकाग्रचित होकर गुरु के मार्गदर्शन में अग्रसर रहने का मंत्र दिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य शशि भूषण प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद,शंकर प्रसाद, मंदोदरी कुमारी, जमीला तबस्सुम, धनेश्वर कुमार, विनोद साव,प्रेम प्रकाश प्रजापति, अमरदीप कुमार, दीपक कुमार, सुभान अली, बृषकेतु प्रसाद, मनोज कुमार, संजय प्रसाद समेत विद्यालय के आदि छात्र/छात्राएं शामिल थे।

## बोइंग 787 का अचानक दुर्घटनाग्रस्त होना हृदय विदारक: कमल बगड़िया

**रामगढ़।** अहमदाबाद से लंदन के लिए टेक ऑफ करते समय बोइंग ड्रीमलाइनर 787 का अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो जाना हृदय को व्यथित कर गया है। उक्त बातें गुरुवार को बोइंग ड्रीमलाइनर 787 के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त होने पर समाज सेवी कमल बगड़िया ने कही । उन्होने कहा की विमान में हमारे देश और विदेश के 242 यात्री सवार थे। सबसे दुखद बात यह है की जहां पर विमान गिरा वह रिहायशी इलाका था ,वहां हमारे 18 से 25 डॉक्टर मेष में उपस्थित थे। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी इस दुखद हादसे में दिवंगत हो गए। यह अत्यंत ही हृदय विदारक घटना है। निश्चित रूप से हवाई यात्रा के टेक्निशियन टीम को भविष्य के लिए अत्यंत सावधानी एवं जागरूकता रखनी होगी ,ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं ना होने पाए। कहा की मैं इस दुखद घटना पर अपना शोक व्यक्त करता हूं एवं उन दुखी परिवारों को ईश्वर इस दुखद घटना को सहने की शक्ति दे।



## नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जी.एम. इंटर महाविद्यालय,इचाक के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत ग्राम कुरहा, अलौंजा और आसिया में नशा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्रामीण युवाओं को नशा त्यागने और लोगों को नशा से मुक्त होने के लिए जागरूक किया गया । ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अपने आस पड़ोस के युवाओं को नशा से मुक्त करने की बात कही और अपने गांव को नशा मुक्त गांव बनाने में अपनी भूमिका निभाने की भी बात कही। वर्तमान समय में शेरों के साथ-साथ गांव के युवा भी नशा का शिकार हो रहे हैं और अपने घर को तथा अपनी जीवन को बर्बाद करते जा रहे है। अतः हम सभी को मिलकर एकजुट होकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

ताकि लोगों में नशा से होने वाली परेशानियों को समझ सके और उससे दूर किया जा सके। जी.एम. महाविद्यालय इचाक में सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आज स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से अपने - अपने विचारों को लिखित रूप में प्रस्तुत किया।

### बदहाल बिजली व्यवस्था और विभागीय अनियमितताओं पर कांग्रेस का रुख सख्त

## अब केवल मांग नहीं, संघर्ष का समय है : मुन्ना सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की जनता इन दिनों बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से जूझ रही है। लगातार ट्रिपिंग, अनिश्चित और घंटों लंबी बिजली कटौती ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर अस्पतालों में इलाज तक और दुकानों से लेकर घरेलू जरूरतों तक हर जगह असुविधा और संकट की स्थिति बन गई है।

इस परिस्थिति में प्रशासन की उदासीनता ने जनता के आक्रोश को और भी गहरा किया है। ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। गुरुवार को पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं कांग्रेस नगर प्रभारी मुन्ना सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दामोदर घाटी निगम (DVC) के महाप्रबंधक आर. एस. शर्मा से मुलाकात की और हजारीबाग नगर क्षेत्र की विद्युत समस्या पर दो टूक और गंभीर वार्ता की। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि यह संकट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि बिजली प्रबंधन तंत्र की लापरवाही और असंवेदनशीलता का परिणाम है।



मुन्ना ने महाप्रबंधक के समक्ष यह भी स्पष्ट किया कि बिजली कटौती अब महज़ असुविधा नहीं रही, यह जनता के मौलिक अधिकारों पर सीधा आघात है। बिजली की अनुपलब्धता ने न सिर्फ नागरिक जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, बल्कि इससे सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की जवाबदेही तब साबित होती है जब आपदा में तत्परता दिखाई जाए, लेकिन यहां प्रशासन मौन और निष्क्रिय नजर आ रहा है। DVC के महाप्रबंधक आर. एस. शर्मा ने तकनीकी पक्ष रखते हुए बताया कि कोडरमा स्थित 315 एमवीए का ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण आपूर्ति बाधित हुई है। हजारीबाग की कुल मांग 126 एमवीए है, जबकि वर्तमान में मात्र 95 एमवीए की ही आपूर्ति संभव हो पा रही है।

### जैन पांड्या को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया सम्मानित

## यह सम्मान मेरा नहीं : लता जैन पांड्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए जैन महिला समाज की कोषाध्यक्ष एवं हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन की धर्मपत्नी लता जैन पांड्या को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मान प्राप्त के उपरांत लता जैन पांड्या ने कहा की यह सम्मान न केवल मेरे व्यक्तिगत जीवन की उपलब्धि है, बल्कि यह उन सभी महिलाओं का सम्मान है जो आज सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मैं आभारी हूं भाजपा परिवार और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का, जिन्होंने मेरे कार्यों को सराहा। यह सम्मान मुझे और अधिक जिम्मेदारी से समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा देगा। .लता जैन पांड्या के साथ कई अन्य सामाजिक संगठन के लोगों को सम्मानित किया गया तो वहीं दूसरी ओर सम्मानित की सूचना अपनों तक पहुंचते ही लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की।



### परबत्ता में खुला मल्टी ब्रांड ई- बाइक एवं ई-स्कूटर का शोरूम

## शोरूम में भारत का नंबर वन ई-स्कूटर उपलब्ध है: संचालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के जीटी रोड परबत्ता स्थित एमआरएफ टायर शोरूम के समीप ई- बाइक एवं ई- स्कूटर का शोरूम आकुर्ति इंटरप्राइजेज खुला है । इस शोरूम में रिवॉल्ट बाइक तथा ऑथर, काइनेटिक ग्रीन एवं कॉस बाइक की स्कूटर बिक्री हेतु उपलब्ध है ।बाइक एवं स्कूटर के संबंध में जानकारी देते हुए शोरूम संचालक अभिषेक बरनवाल ने बताया कि डीजल व पेट्रोल से चलने वाली वाहन अब पुराने समय की बात हो गई ।इस आधुनिक भारत में ई बाइक या ई कार वाहनों का डिमांड लगातार बढ़ रहा है ।बताया कि सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2027 तक भारत के सभी बड़े शहरों में पेट्रोल एवं डीजल से चलने वाली वाहनों के बिक्री पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने की बात कही है। प्रदूषण को कम करने के लिए ये वाहन मिल का पत्थर साबित हो रही है ।इन वाहनों को एक बार चार्ज करने पर 50 से 100 किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है। बताया कि हमारे यहां 37 हजार से ई-स्कूटर उपलब्ध है ।अधिक कीमत की बाइक व स्कूटर भी उपलब्ध है। इनमें लेड एसिड एज बैटरी और लिथियम आयन बैट्री वाली गाड़ियां उपलब्ध है। लेड एसिड बैट्री वाली गाड़ियों पर एक वर्ष तथा लिथियम आयन बैट्री वाली गाड़ियों पर तीन से 5 वर्ष की वारंटी है। अधिक कीमत वाली गाड़ियों को खरीदने के लिए ग्राहकों को 30 से 40% डाउन पेमेंट करना होता है। बताया कि हमारे शोरूम में भारत के नंबर वन ई- स्कूटर उपलब्ध है।



**बिजली आपूर्ति** | बिजली की गंभीर समस्या को लेकर सांसद, विधायक संग पहुंचे बिजली विभाग के दफ्तर, दी चेतावनी

# अगर नहीं सुधरे हालात तो होगा आंदोलन : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग** । सांसद मनीष जायसवाल ने दिल्ली से लौटते ही अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की सबसे गंभीर समस्या अनियमित व कम बिजली आपूर्ति को लेकर त्वरित और सख्त कदम उठाते हुए गुरुवार सुबह बिना किसी पूर्व सूचना के जुलु पार्क स्थित बिजली विभाग के एसी कार्यालय पहुंचे और एसी अशोक कुमार उपाध्याय समेत कई संबंधित अधिकारियों से क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था पर विस्तार से बातचीत की। उनके साथ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी मौजूद रहे। सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों, विशेष रूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति अत्यंत खराब है। दिनभर में मुश्किल से चार से पांच घंटे बिजली मिल पा रही है, वहीं हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के भी हालत काफी गंभीर है। जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। महिलाओं को रसोई के कामों में परेशानी हो रही है, बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और दुकानदारों का व्यवसाय ठप पड़ रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने अधिकारियों से कहा कि जनता अब सिर्फ आश्वासन नहीं चाहती, बल्कि ठोस और तत्काल समाधान चाहती है।

उन्होंने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कमरों में बैठकर शांति से अपना समय बिता रहे हैं, जबकि जनता रोजाना अंधेरे में जी रही है। यह स्थिति अब स्वीकार्य नहीं है। करीब चालीस मिनट तक चली बैठक में सांसद ने अधिकारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि शुक्रवार 13 जून की शाम तक स्थिति में सुधार नहीं हुआ और सामान्य विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो शनिवार, 14 जून को बिजली विभाग के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन इस बार सिर्फ सांकेतिक नहीं होगा, बल्कि उस दिन विभाग की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा।



**ये लोग थे मौजूद**

मौके पर सांसद श्री जायसवाल के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र नारायण सिंह, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मिडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी समेत बड़कागांव और सदर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे ।

## टूटी बैसाखी धारी वृद्ध को तुरंत बैसाखी दिलवाई बीडीओ ने

**● प्रशासन की हो रही प्रशांसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में लाभुक प्रेम साहनी (बरकट्ठा निवासी)अपनी टूटी बैसाखी के सहारे पेंशन की जांच कराने पहूंचे। इस दौरान बीडीओ रोशमा डुंगडुंग की नजर उनकी टुटी बैसाखी पर पड़ी। तत्पश्चात बीडीओ ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए सीडीपीओ कार्यालय पहुंचकर दिव्यांग को नई बैसाखी उपलब्ध कराया। वहीं लाभुक से पेंशन सबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान लाभुक प्रेम साहनी ने कहा कि बीते 9 माह से पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हुई है। जिसके बाद बीडीओ ने आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छाया प्रति ली। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला पेंशन पदाधिकारी को भेज दिया जाएगा और उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर पेंशन की राशि भुगतान कर दी जाएगी। इस मौके पर अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, गुड़िया कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



# उद्योग योजनाओं की प्रगति को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



- एमएसएमई के प्राप्त आवेदनों का विवरण शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश, त्वरित निपटारा हो सके
- जेएसएलपीएस और कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के बीच समन्वय बैठक आयोजित करने पर बल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग केंद्र, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड तथा पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से योजना की अद्यतन जानकारी ली।बैठक के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि विभाग को योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना है।उद्योग विभाग एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति से भी उपायुक्त को अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने जेएसएलपीएस एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में और गति लाई जा सके।पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने निर्देशित किया कि एमएसएमई द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराया जाए, ताकि इनका त्वरित निपटारा संभव हो सके। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला एवं प्रखंड उद्यमी समन्वयक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया भरोसा

**सिमडेगा।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से उपायुक्त, सिमडेगा कंचन सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दरबार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सुदूरवर्ती इलाकों से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के समक्ष रखीं।जनता दरबार में जमीन विवाद,



सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना का लाभ, आंगनबाड़ी सेविका चयन में गड़बड़ी, सेवानिवृत्त सेविका को सेवानिवृत्ति पत्र, विद्यालय में लंबित मानदेय भुगतान, पारिवारिक लाभ योजना, पहुंच पथ निर्माण, केंद्रीय विद्यालय में नामांकन, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि, वेतन भुगतान, भूमि की अवैध बिक्री, यौन शोषण जैसे विभिन्न मामले सामने आए।उपायुक्त ने सभी लोगों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं एवं प्रत्येक आवेदन का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करें ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जनता के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार रखने और प्रत्येक मामले को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की अपील की।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी श्रीमती अरुणा कुमारी, अंचलाधिकारी सदर मो. इम्तियाज सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जिले के लीगल एड क्लिनिक में भी हुए जागरूकता कार्यक्रम

# सिमडेगा में बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

- जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा, प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के निर्देशन में बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को श्रम कार्यालय सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकार के चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव,डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल आदि ने लोगों को बाल श्रम कानून के बारे जानकारी दी। चीफ एलएडीसीएस प्रभात ने बाल श्रम को एक अभिशाप बताया और नागरिकों से इस प्रथा के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर बच्चे को शिक्षा,सुरक्षा,सम्मान और नैतिक मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि बाल श्रम अभिशाप है,इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हम हर बच्चे को शिक्षा,सुरक्षा,सम्मान और संस्कार से जोड़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के विरुद्ध जागरुकता और सहयोग से ही हम एक संवेदनशील,सशक्त समाज के भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। डिप्टी एलएडीसीएस ब्रिखभान अग्रवाल ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस प्रतिवर्ष 12 जून को मनाया जाता है,जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा विश्व भर में बाल श्रमिकों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को मनाने के पीछे कारण है बाल श्रम से जुड़े मुद्दे को उजागर करना और लोगों के बीच में जागरूकता फैलाना। बाल श्रम एक गंभीर समस्या है और इसे समाप्त करने के लिए जरूरी प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की स्थापना की। कहा कि हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस सरकारों,नियोक्ताओं,सिविल सोसाइटी,श्रमिक संगठनों और दुनिया भर के लोगों को साथ लाता है और बाल श्रमिकों की मदद के लिए हम सब मिलकर प्रयास कर सकते हैं। मौके पर अजीत केरकेट्टा,दीपक कुमार,सुरजीत प्रसाद,पुरूषोतम सहित कई लोग मौजूद थे। इधर जिले के विभिन्न लीगल एड क्लिनिक में भी इस दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि बाल श्रम निषेध दिवस के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से झालसा के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## मलेरिया एवं फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के बानो पंचायत सभागार मे पिरामल फाउडेंशन के तत्वधान मे मलेरिया व फाइलेरिया उन्मुलन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर पंचायत के मुखिया - बिश्वनाथ बड़ाइक उपस्थित थे।कार्यशाला मे फाइलेरिया मुक्त एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया गया।कार्यशाला में गांव के लोगों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही शत प्रतिशत एएनसी पंजीकरण, सौ प्रतिशत टीकाकरण तथा अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत को न केवल फाइलेरिया से मुक्त बनाना है, बल्कि समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर कर एक हेल्दी पंचायत का निर्माण करना भी है। उपस्थित सभी प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और सक्रिय रूप से सहयोग करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम ऑफिसर - विक्की कुमार, प्रोग्राम लीडर -अजीत मिश्रा, उप-मुखिया माकलिन लुगुन, रोजगार सेविका सिंपल श्री, वार्ड सदस्य- नरमी टोपनो एवं आश्रिता भोंगा , स्वास्थ्य कर्मी- संजय शेखर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड को नशा मुक्त बनाने को लेकर बीडीओ की अगवाई में निकाली गई जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड को नशा मुक्त प्रखंड बनाने को लेकर अभियान तेज।राजकीय कृत मध्य विद्यालय बानो के तत्वाधान बानो प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में बानो मुख्यालय में गुरुवार सुबह नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई।बानो प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों के विभिन्न स्कूली बच्चों के द्वारा गांव में नशा मुक्ति अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली जा रही है।इस दौरान बच्चे हाथों में पोस्टर लिए हड़िया दारु बेचना बंद करो,जन जन का नारा है नशा मुक्ति अभियान,बच्चों को स्कूल भेजो,लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करो आदि नारा लगा रहे थे।मौके पर नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने मौके पर बच्चों को नशे की विकृतियों के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि नशा पान सेहत के लिए काफी हानिकारक है।नशा पान से दूर रहें और जीवन से नाता जोड़ें।नशा दिन-ब-दिन लोगों केजीवन को खोखला कर दे रही है।नशा पान से आए दिन लड़ाई झगड़ा घर में कलेश अशांति की स्थिति उत्पन्न होती है।गुटखा तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी होती है।सभी बच्चे नशेपान से दूर रहें।सबों को जागरुक करते हुए कहा गया कि जब कोई व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसकी धारणा,मनोदशा,अनुभूति, व्यवहार या सामान्य कार्य प्रणाली प्रभावित होता है। नसीले दवा और उनके प्रयोग से होने वाले खतरे,उसकी आदतों के कारण व उनसे बचने की सावधानी बताई गई।नशे के लत में पड़े व्यक्तियों की पहचान,उनके उपचार के संस्थान,रिनपास रांची,केंद्रीय मनः चिकित्सा संस्थान रांची, तथा जिला अस्पताल के आई सी टी सी/ए आर टी सी परामर्श केंद्र से सहयोग,सलाह के टोल फ्री नंबर बताए गए।अंत मे नशामुक्त भारत अभियान का शपथ दिलाया गया।मौके पर स्मिथ कुमार सोनी, ए एस आइ शंकर बखला, बीपीएम कुंदन भगत, मंजु एरिका कडुंलना, बीपीओ बिकास शरण, रेणु बडाईक, जसमती देवी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### जंगल में बोरे में अज्ञात युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसईरकोचा जंगल में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। घोड़ी टोली और लतापानी गांव के बीच जंगल में बोरे में बंद शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही ठेठईटांगर थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि शव से तेज दुर्गंध आ रही है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि यह शव कई दिन पुराना हो सकता है।फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। मामले की छानबीन जारी है।

### मोर पुलिस मोंय पुलिस" अभियान के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**सिमडेगा।** कम्यूनिटि पुलिसिंग "मोर पुलिस मोय पुलिस" के तहत् जलडेगा थाना के कोनमेरला, गिरदा ओ.पी. के जमताई, रेंगरीह थाना के बागचट्टा, बानो थाना के डुमरिया, मुफ्फसिल थाना के पिथरा, एवं सिमडेगा थाना के गरजा पंचायत में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया साथ ही विभिन्न विषयों यथा मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, साईबर अपराध, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा आदि जैसे विषयों पर जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में लोगों के समस्याओं से संबंधित किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नही हुआ हैं।

### कोलेबिरा में सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा बरवाडीह रोड स्थित नवनिर्मित डिग्री कॉलेज के समय सड़क दुर्घटना में दो युवा घायल हो गए। मिली जानकारी के



अनुसार प्रखंड के जूरकेला ग्राम निवासी 22 वर्षीय अनूप टेटे पिता मनोज टेटे एवं 21 वर्षीय लालू टेटे पिता हारू टेटे मोटरसाइकिल से बरवाडीह की ओर जा रहे थे, इसी दौरान डिग्री कॉलेज के समय दोनों मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर गिर पड़े जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायल युवक को सूचना मिलने पर कोलेबिरा पुलिस के द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां पर चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायल लोगों का प्राथमिक इलाज करके उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों में बेहतर इलाज के लिए सदर हॉस्पिटल सिमडेगा रेफर कर दिया।

### मानसिक रूप से बीमार युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सिमडेगा।** सिमडेगा थाना क्षेत्र के बराबरपानी गांव में गुरुवार को एक युवक ने मानसिक तनाव में आकर खुद का गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की पहचान अमृत कीड़ों नामक व्यक्ति के रूप में हुई है, जिसकी मानसिक स्थिति पहले से ही ठीक नहीं बताई जा रही



है।घटना के संबंध में अमृत के बड़े भाई ने जानकारी दी कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। गुरुवार को घर में रखे ब्लेड से उसने खुद का गला काट लिया। घटना के समय परिवार के लोग घर में ही मौजूद थे, जिन्होंने खून से लथपथ हालत में उसे तुरंत सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। स्थिति गंभीर बनी हुई है लेकिन चिकित्सकों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बचने की संभावना है।परिवार वालों ने बताया कि अमृत लंबे समय से मानसिक रोग से पीड़ित था, और उसका इलाज भी चल रहा था।

### केरसई में तालाब में डूबने से 60 वर्षीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**केरसई।** केरसई थाना क्षेत्र के गट्टीकछार गांव में गुरुवार को तालाब में डूबने से एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सूधो देवी के रूप में हुई है, जो सुबह नहाने के लिए गांव के पास स्थित तालाब गई थीं।घटना की जानकारी उस समय हुई जब पास के खेत में बकरी चरा रहे एक युवक ने तालाब में महिला को डूबता देखा। उसने तुरंत गांव आकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल इसकी सूचना केरसई पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला के शव को तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।मृतका के बेटे ने बताया कि वह किसी काम से प्रखंड कार्यालय गया हुआ था और इसी बीच उसकी मां तालाब में नहाने गई थीं। संभवतः फिसलन या गहराई के कारण हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हैदराबाद में काम के दौरान युवक की मौत, कोलेबिरा विधायक ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत डड़का पानी बिंझियाबांध, पंचायत घुटबहार निवासी 26 वर्षीय एडिसन समद की हैदराबाद में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। एडिसन, पिता अभिराम समद, काम के सिलसिले में हैदराबाद गया हुआ था, जहां उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को इसकी सूचना दी। विधायक ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सह कांग्रेस नेता बिपिन पंकज मिंज को शोकसंतप्त परिवार से मिलने और सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया।बिपिन पंकज मिंज ने शोकित परिवार से मिलकर उनका हालचाल जाना और दफन क्रिया में भी भाग लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि परिवार को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

## सब-जूनियर हॉकी ट्रायल 13 को, चयनित खिलाड़ी लेंगे भाग

**सिमडेगा।** हॉकी झारखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2025 में भागीदारी हेतु सिमडेगा जिला टीम का ट्रायल 13 जून 2025 को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल अपराह्न 4:00 बजे से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा में शुरू होगा।यह प्रतियोगिता 15 जून से 19 जून 2025 तक जमेशदापुर, टाटा में आयोजित होनी है, जिसमें सिमडेगा की टीम हिस्सा लेगी। ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी 2009 या उसके बाद हुआ हो।हॉकी सिमडेगा ने सभी पात्र पुरुष खिलाड़ियों से समय पर स्टेडियम पहुंचने की अपील की है। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड एवं नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य किया गया है।हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारियों ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य में उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं का रास्ता खुलेगा।

## कोचेडेगा में राशन में घोटाले का आरोप ग्रामीणों का सड़क पर फूटा गुस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

- राशन वितरण में अनियमितता और निर्धारित मात्रा से कम अनाज वितरण का आरोप

**सिमडेगा।** कोचेडेगा गांव में गुरुवार को राशन वितरण में अनियमितता के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। स्थानीय लोगों ने लीची बगान के पास मुख्य सड़क को जाम कर दिया। आरोप है कि गांव के राशन डीलर द्वारा लाभुकों को निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक राशन कार्ड पर करीब 14 किलो अनाज कम दिया जा रहा है। डीलर से बार-बार शिकायत के बावजूद जब कोई सुधार नहीं हुआ, तो लोगों ने सड़क पर उतर कर विरोध जताने का फैसला किया। स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाया कि डीलर मनमानी करता है और सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से नहीं देता। कई लोगों ने बताया कि उन्हें कई महीनों से पूरा राशन नहीं मिला है।सड़क जाम की वजह से क्षेत्र में वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है और आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा मौके पर पहुंची और उन्होंने डीलर को बुलाया इसके बाद उन्हें जमकर फटकार लगाई मौके पर डीलर का कहना है कि उन्हें गोदाम से ही राशन कम मिलता है जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार जिस उद्देश्य के साथ गरीब आदमी कल्याण योजना के तहत गरीबों को राशन दे रही है जिस पर डीलर के द्वारा इस पर मनमानी की जा रही है जिस पर कार्रवाई होना बहुत ही जरूरी है उन्होंने डीलर से कहा कि आप लोग गोदाम से राशन काम क्यों लेते हैं यह आपकी गलती है इस मौके पर थाना की पुलिस भी पहुंची और काफी देर तक समझने के बाद सुचारू रूप से आवागमन शुरू हुई हालांकि ग्रामीणों का मांग है कि महिला स्वयं सहायता समूह से डीलर को हटाया जाए और पारदर्शी तरीके से दूसरे को राशन वितरण का काम दिया जाए ताकि दोबारा इस प्रकार का ग्रामीणों के हक अधिकार के साथ परेशानी ना हो।

## शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु मेधावी छात्रों के सम्मान का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया की बैठक बुधवार की शाम सदर के आजाद बस्ती स्थित आवासीय परिसर में हुई। सदर मो ग्यास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि इस वर्ष मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में जिले के टॉप थ्री आने वाले सभी परीक्षार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कहा गया कि मुस्लिम समाज से इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। कहा गया कि जैक बोर्ड में 70 प्रतिशत और सीबीएसई बोर्ड से 75 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए सदस्यों के बीच जिम्मेवारी सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया। सदर मो ग्यास ने कहा कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाना है। शिक्षा के प्रति मुस्लिम समाज में जागरूकता लाने और बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**भाजपा** मोदी सरकार के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने गिनाई उपलब्धियां

# विकसित भारत के लिए समर्पित है मोदी सरकार : नीलकंठ

- स्वच्छ भारत अभियान में 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा एवं सुशासन के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विकसित भारत के अमृत काल में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिक के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भावना रही है। बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की अर्थव्यवस्था मजबूत की और टेक्नोलॉजी को जन जन तक पहुंचाया है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को नष्ट कर दिखा दिया कि अब मोदी का यह नया भारत शांति की बातें नहीं बल्कि घर में घुसकर आतंक का सफाई भी कर सकता है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत 12 करोड़ शौचालय ने हमारी माता बहनों को गरिमा पूर्ण जीवन दिया, अमित कल की असली ताकत देश की युवा शक्ति है। सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला रही है आज एम्स की संख्या बढ़कर 23 हो गई है 8 नए आईआईएम 7 नए आईआईटी और 490 नहीं यूनिवर्सिटी स्थापित की गई है ।पीएम कौशल विकास योजना के तहत 1.6 करोड़ युवाओं को ट्रेनिंग मिली है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 40.71 करोड़ स्वास्थ्य बीमा कार्ड जारी किए गए हैं जिनमें 9 करोड़ से अधिक अस्पताल में 1.3 लाख करोड रुपए से ज्यादा की मुक्त इलाज किए गए हैं। 77 करोड़ सैलरी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनाए गए हैं।

### तेज विकास और जनकल्याण की मजबूत नींव

मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है मोदी सरकार में 99% गांव सड़क कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं देश में प्रतिदिन 34 किलोमीटर हाईवे का निर्माण हो रहा है, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ दिए गए हैं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 81 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अन्य प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर एवं जल जीवन मिशन के तहत 15 करोड़ के अधिक घरों में नल से जल पहुंचा दिया गया है।

# रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में मनाया गया गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के श्री गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को गुरु हरगोविंद साहिब के प्रकाशोत्सव पर विशेष दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा साहिब में 12:30 बजे सहज पाठ का समापन स्त्री सत्संग द्वारा किया गया। इसके पश्चात विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब की हेड ग्रंथि बाबा गुरजीत सिंह ने सिख इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दिल्ली से आए रागी जत्था भाई साहब अमनदीप सिंह अपनी मधुर आवाज से साथ संगत को निहाल किया। "सो सतगुरु प्यारा मेरे नाल है" "जीथे किथे मैनू लै छडाई" जैसे शबद कीर्तन से साध- संगत को निहाल किया। लंगर की सेवा स्वर्गीय सरदार सुरेंद्र सिंह होरा जी, माता स्वर्गीय मंजीत कौर जी दी याद में सुपुत्र सरदार सतेंद्र सिंह होरा जी के परिवार के तरफ़ से किया गया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रामगढ़ गुरुद्वारा साहब पहुंचे यहां गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर मत्था टेका। रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से वरिष्ठ नागरिक सरदार जगजीत सिंह सोनी एवं छावनी परिषद के द्वारा स्वच्छता अभियान का 2024 का अवॉर्ड दिया गया था जिसको लेकर सरदार जोगिंदर सिंह जग्गी को सिरोपा देकर प्रबंधक कमेटी ने सम्मानित किया गया। पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में दसवीं और बारहवीं क्लास में जो 75% से ऊपर लेकर आए दीवान में सम्मानित किया गया। 13 जून को सुबह रामगढ़ गुरुद्वारा सहीब में विशेष दीवान सजाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, बबलू छाबड़ा,प्रीतपाल सिंह, रमन बेदी,हैप्पी छाबड़ा, महासचिव हरदीप सिंह होरा, सह सचिव कुलवंत सिंह मारवाह, जगजीत सिंह सोनी,जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, मनपाल सिंह, अनमोल सिंह, नरेंद्र सिंह चमन,प्रीतपाल सिंह,तेजिंदर सिंह सोनी, सत्प्रीट सिंह मिंटू, सुरजीत सिंह छाबड़ा,जगजीत सिंह एल आई सी, अमरजीत सिंह गांधी,पप्पू जस्सल,खालसा फेडरेशन के अनमोल सिंह आनंद,यश छाबड़ा,अंगद चंडोक, शरद चमन,जसकरण सिंह, स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर छाबड़ा,डॉ मनबीर कौर, पम्मी गांधी,चरणजीत कौर जौली, रोमी छाबड़ा, सुमी जौली, महेंद्र कौर,विमला मेहरा, रंजू अरोड़ा, जसप्रीत कौर,नीलम अरोड़ा,जसमीत कौर सोनी आदि शामिल हुए।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना

# झारखंड के 2.6 करोड़ लोगों को मिली राहत: बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विकास, सुरक्षा और सुशासन के मोर्चे पर केंद्र की सफलता को रेखांकित किया और राज्य में भ्रष्टाचार और बदहाल व्यवस्था की आलोचना की। झारखंड भाजपा अध्यक्ष और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को जमशेदपुर के बिष्टुपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से झारखंड के 2.6 करोड़ लोगों को राहत मिली और प्रधानमंत्री आवास योजना से 18.5 लाख परिवारों को घर मिला। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि झारखंड में 2.59 करोड़ लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं। मरांडी ने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत 46 प्रतिशत डिजिटल भुगतान भारत में हो रहा है, जिससे योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है। उन्होंने रिम्स अस्पताल की बदहाली और झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। मरांडी ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है, जबकि झारखंड सरकार उन्हें जमीन और आधार कार्ड दे रही है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों का जिक्र करते हुए मोदी सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की सराहना की और कहा कि उग्रवाद पर भी 70 प्रतिशत तक लगाम लगी है। अंत में उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर देश का चौतरफा विकास किया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रेम झा, सुबोध झा, अमरप्रीत सिंह काले सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# संकट में नेतृत्व की असली परीक्षा होती है: सुरेश

**पूर्वी सिंहभूम।** देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट(एक्सएलआरआई) में आज "सीएक्सओ सीरीज़" के अंतर्गत एक प्रेरणादायक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेस्ले इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेश नारायणन ने छात्रों को "संकट के समय नेतृत्व" विषय पर अपने अनुभव साझा किए। नारायणन ने कहा कि संकट में नेतृत्व की असली परीक्षा होती है। संकट चरित्र नहीं बनाता, वह उसे उजागर करता है। उनका यह वक्तव्य छात्रों के लिए एक जीवनमूल्य जैसा प्रतीत हुआ। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियां व्यक्ति के नेतृत्व कौशल और मूल्यों की असली परीक्षा होती हैं। यह सत्र सिर्फ एक कॉरपोरेट भाषण नहीं रहा, बल्कि नेतृत्व, नैतिकता और निर्णयन की गहराइयों में उतरने का अवसर बना। कार्यक्रम का भावनात्मक क्षण तब आया जब दीप प्रज्वलन से पहले नारायणन ने मंच पर चढ़ने से पहले अपने जूते उतार दिए। यह विनम्रता और आयोजकों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, जो छात्रों और शिक्षकों दोनों को गहराई से छू गया।

# लोंजो पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का हुआ उद्घाटन



**सोनुवा।** लोंजो पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र का उद्घाटन गुरूवार को हुआ। सांसद जोबा माझी एवं विधायक जगत माझी ने फीता काटकर ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र स्थापित होने के बाद क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा का बेहतर माहौल मिलेगा। सांसद ने कहा ज्ञान केंद्र में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन कर युवा अपना भविष्य बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जतायी कि अन्य पंचायतों में ज्ञान केंद्र स्थापित होगी, जिससे युवा गलत रास्ते में नहीं जाकर ज्ञान अर्जित करेंगे। वहीं विधायक जगत माझी ने ज्ञान केंद्र स्थापित होने पर खुशी जाहिर की और कहा कि यहां किसी तरह के संसाधन की आवश्यकता होगी तो वह पूरा सहयोग देंगे। मौके पर पंचायत सचिव मंजीत कच्छप ने ज्ञान केंद्र का उद्देश्य एवं योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पंचायत की मुखिया रासमनी माझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, ग्रामीण मुंडा समर सिंह दिग्गी, गोपी कुम्हार, बन बिहारी प्रधान एवं क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मजदूर की मौत पर ग्रामीणों का आक्रोश

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले की सेल गुआ खदान में ठेका मजदूर कानू चाम्पिया की निर्माण कार्य के दौरान मौत होने से इलाके में तनाव फैल गया है। ठकुरागांव निवासी कानू गत शुक्रवार को काम के दौरान गंभीर हादसे का शिकार हुआ था। गुरुवार को प्रदर्शनकारियों ने शव के साथ सेल जनरल ऑफिस का घेराव कर 50 लाख रुपये का मुआवजा, मृतक के परिजन को स्थायी नौकरी, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की कड़ाई और दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी।

# शिक्षित समाज निर्माण के लिए स्कूलों में उपलब्ध हो मूलभूत संसाधन : जोबा माझी

- **पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोंजो में होगा छह कमरों का निर्माण, सांसद और विधायक ने रखी आधारशिला**



**नवीन मेल संवाददाता**

**सोनुवा।** सोनुवा प्रखंड के पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोंजो में छह कमरों का नया भवन का निर्माण डीएमएफटी फंड से कराया जाएगा। गुरूवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी एवं मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी ने संयुक्त रूप से शिलापट का अनावरण कर योजना की आधारशिला रखी।

नक्सल प्रभावित विद्यालय में कमरों की कमी से जूझ रहे बच्चों को अब पठन-पाठन में सुविधा होगी। शिलान्यास के मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा लोंजो विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर रहा है। लेकिन यहां संसाधन की कमी है जिसे दूर किया जा रहा है। सांसद ने कहा शिक्षित समाज के निर्माण के लिए विद्यालयों में संसाधन की कमी दूर करने की जरूरत है। सरकार और प्रशासनिक स्तर पर इस दिशा में कार्य किये जा रहे है। कहा कि जल्द ही यहां की अन्य समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। वहीं विधायक जगत माझी ने कहा यहां और छह कमरों की जरूरत है। इसके अलावा अभिभावकों एवं शिक्षकों की मांग पर कहा भूमि का सीमांकन कराने के बाद चारदीवारी, पेयजल एवं शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। विधायक ने बताया कि जिले के सभी विधायक एवं सांसद ने निर्णय लिया है कि सभी विद्यालयों में मुलभूम सुविधाएं बहाल की जाएगी, ताकि बच्चों को शिक्षा का बेहतर माहौल मिल सकें। इससे पूर्व शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे सांसद और विधायक का बच्चों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर पोड़ाहाट पीढ़ के मानकी मदन मोहन सुंडी, ग्रामीण मुंडा समर सिंह दिग्गी, प्रभारी प्रधानाध्यापक चंपाय चन्द्र शेखर डांगिल, अरविंद प्रधान, संतोष कुमार प्रधान, हरिनारायण प्रधान, अनिल कुमार पुरती, जॉन सिंह जोंको, मोती गागराई, मुखरजीत प्रधान, कविता मिश्रा, निमेश मार्डी, संवेदक ईशा खान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, एसएमसी अध्यक्ष दीपक सुंडी, जोशी सुंडी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिका के अलावा क्षेत्र के ग्रामीण एवं स्कूली छात्र उपस्थित रहे।

# विधायक ने विस्थापितों व प्रभावितों की मांगों से मुख्य अभियंता को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीते दिन विधायक मनोज कुमार यादव ने डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह का दौरा किया। मुख्य अभियंता सह परियोजना प्रमुख मनोज कुमार ठाकुर से मुलाकात किया. विस्थापितों व प्रभावितों की समस्याओं को प्रमुखता से अवगत कराया. इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के विस्थापन व पुनर्वास नीति के तहत डीवीसी तिलैया डैम व केटीपीएस के विस्थापितों व प्रभावितों को उचित हक देने की मांग किया. मुख्य अभियंता को विस्थापितों की मांगो से संबंधित एक महत्वपूर्ण मांग पत्र भीं सौंपा। जिसमे प्रमुख रूप से चंदवारा पश्चिमी एवं पूर्वी में सीएसआर के तहत विकास कार्य, दोमुहानी धाम पूतो मंदिर का सौंदर्यीकरण, तिलैया बस्ती को बिजली और विकास, कोल्हुआकला पंचायत को सीएसआर से जोड़ना, केटीपीएस के 25 किमी रेडियस तक मुफ्त बिजली और 56 गाँव के विस्थापितों के भू लगान जारी करने आदि कई मांगे शामिल हैं।

## एसडीओ व फूड इंस्पेक्टर ने किया खाद्य दुकानों का निरीक्षण

# नियमों का उल्लंघन करने वाले होंगे दंडित : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** एसडीओ जोहन टुडू व जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने संयुक्त रूप से बरही चौक के दुकानो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान फूड लाइसेंस, दुकानों की स्वच्छता, खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और फूड सेफ्टी नियमों के अनुपालन संबंधित जानकारी ली गई। चाऊमीन व फास्ट फूड बेचने वाले ठेलेवालों के सामानों की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई ठेला दुकानदारों को स्वच्छता व सफाई को लेकर डपटे भी लगाई गई। बोतल, ढक्कन, प्लास्टिक और अन्य कचरे को फेंकने के लिए डस्टबिन का उपयोग करने की बात कही गई। सभी दुकानदारों को खाद्य सामग्री बनाने में उपयोग होने वाले तेल का दोबारा प्रयोग न करने का सख्त निर्देश दिया गया. खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच के लिए अंडों का परीक्षण भी किया गया। बता या गया कि पुराना अंडा पानी में ऊपर तैरता है जबकि ताजा अंडा डूब जाता है। 21 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को सिगरेट नही देने संबंधित निर्देश का दुकान में बोर्ड लगाने का आदेश दिया। एसडीओ ने सफाई और खाद्य सुरक्षा के नियमों का अवहेलना करने पर सख्त कारवाई की बात कही। सभी दुकानदारों को निर्धारित मापदंड के आधार पर ही समान बेचने के निर्देश दिए. इस अभियान मे विकास शर्मा, सूरज कुमार आदि शामिल थे।

# लूटकांड का पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा, लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में हुई एक बड़ी लूटकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिनांक 10 जून को शाम करीब 6 बजे साधु कुमार नामक युवक जब अपने चचेरे भाई मनोज साव के साथ तिसरी से ग्राम खोरो जा रहा था, तभी करमा पहाड़ी के पास अज्ञात छह-सात अपराधियों ने उन्हें रोका और मारपीट कर 1 लाख 55 हजार रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल (जेएच11एजे-5710) लूट ली। घटना की लिखित शिकायत पीड़ित द्वारा तिसरी थाना में 11 जून को दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर कांड संख्या 50/2025 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें सिकंदर तुरी, रमेश कुमार, श्रवण तुरी और विक्की दयाल शामिल है। सभी गिरिडीह जिले के लोकाय थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने इन लोगों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल, घटना में प्रयुक्त दो अन्य मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, गावां अंचल के पुलिस निरीक्षक पास्कल टोप्पो, तिसरी थाना प्रभारी रंजय कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान और चौकीदार शामिल थे। पुलिस अब फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश में जुटी हुई है।

# जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त श रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित ब्लॉक बी उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों के संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों से आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर सीडिंग व पीवीटीजी डाकिया योजना, खाद्यान्न आपूर्ति के संबंध में प्रखंडवार रूप से जानकारी लिए साथ ही उप विकास आयुक्त ने खाद्यान्न की रखरखाव के लिए बनाए गए गोदाम के संबंध में भी जानकारी ली इस दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने उप विकास आयुक्त को जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा चल रही योजनाओं के संबंध में किए जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी



दी गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को विशेष कैंप आयोजित कर राशन कार्ड के लाभुकों का लंबित आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने हरा राशन कार्ड, मुख्यमंत्री मंत्री दाल-भात योजना आदि की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य रूप से सामान्य शाखा प्रभारी रीना कुजूर , प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों, सहित अन्य उपस्थित थे।

**अरोप** राजनीतिक द्वेषवश जनसेवा पर प्रहार कर रही सरकार : प्रदीप प्रसाद

# संजीवनी सेवा कुटीर को हटाना घटिया मानसिकता का परिचायक : रघुवर

- **राज्य सरकार को खुला चैलेंज देता हूं अगर एक भी वीडियो फुटेज या प्रमाण है, जिसमें इन युवाओं की कोई गलती सिद्ध होती हो, तो सार्वजनिक करें : प्रदीप प्रसाद**



**विधायक ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा**

राज्य सरकार और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के द्वारा इस सेवा में कार्यरत शिक्षित युवाओं पर झूठे आरोप लगाए गए, उन्हें भला-बुरा कहा गया, और उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवर दास हजारीबाग पहुंचे, जहां उन्होंने हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के आवास पर आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान रघुवर दास के साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहें,तीनों नेताओं ने संजीवनी सेवा कुटीर को लेकर राज्य सरकार की कार्रवाई को जनविरोधी, दुर्भावनापूर्ण और संवेदनहीन करार दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने संजीवनी सेवा कुटीर से जुड़े घटनाक्रम को विस्तार से रखते हुए कहा कि यह सेवा केंद्र सिर्फ एक हेल्प डेस्क नहीं था, बल्कि एक जन भावनाओं से जुड़ा केंद्र था, जहां हजारों जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देश, मार्गदर्शन, रक्तदान, दवा उपलब्धता और अन्य चिकित्सकीय सहायताएं दी जा रही थीं। उन्होंने कहा की सरकारी अस्पताल परिसर में यह सेवा लोगों की सुविधा और आपात जरूरत को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई थी। प्रदीप प्रसाद ने कहा मैं राज्य सरकार को खुला चैलेंज देता हूं अगर एक भी वीडियो फुटेज या प्रमाण है, जिसमें इन युवाओं की कोई गलती सिद्ध होती हो, तो सार्वजनिक करें। ये सभी युवा पढ़े-लिखे, अनुशासित और समाजसेवा के लिए समर्पित हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस स्थान पर जनसेवा हो रही हो, वहां पर सरकार का हस्तक्षेप करना और सेवा को बंद कराना बहुत ही संकीर्ण सोच और कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती।


भू–अर्जन वाद सं०–66/2024–25
झारखण्ड सरकार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
"गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–तिरला, थाना संख्या–88, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–तिरला, थाना संख्या–88, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा–**6.039323** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**मौजा–तिरला**

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 31 | 56 | रैयती | 0.155355 | छुटु महतो, पेशरान–पुरन महतो व रामेश्वर महतो, पेशरान–पुरन महतो | 57 | 58 | 55 | 54 |
| 02 | 53 | 57 | रैयती | 1.898210 | कालीपद मिस्त्री वल्द नीमसी मिस्त्री वो किसीवाला मिस्त्री, पेषरान–धनआ मिस्त्री वो गुइआ मिस्त्री वल्द राखाल मिस्त्री वो महिन्दर मिस्त्री वल्द हलधर मिस्त्री वो लक्ष्मी मिस्त्री, पेषरान–धनआ मिस्त्री वो सदैय मिस्त्री, पेषरान–धनआ मिस्त्री वो सीताराम मिस्त्री, पेषरान–धनआ मिस्त्री | 58 | 59 | 56 | 55 |
| 03 | 17 | 58 | रैयती | 0.817018 | नकुल मंडल वल्द दलु मंडल | 59 | 60 | 57 | 56 |
| 04 | 17 | 291 | रैयती | 0.189042 | नकुल मंडल वल्द दलु मंडल | 292 | 293 | 290 | 289 |
| 05 | 41 | 59 | गैरमजरूआ आम | 0.112773 | गैरमजरूआ आम | 60 | 61 | 58 | 57 |
| 06 | 57 | 209 | रैयती | 0.290232 | बंगाल नागपुर रेलवे कम्पनी लिमिटेड | 210 | 211 | 208 | 207 |
| 07 | 25 | 287 | रैयती | 0.489476 | महेन्द्र मिस्त्री वल्द हरधर मिस्त्री | 288 | 289 | 286 | 285 |
| 08 | 25 | 301 | रैयती | 0.456219 | महेन्द्र मिस्त्री वल्द हरधर मिस्त्री | 302 | 303 | 300 | 299 |
| 09 | 25 | 306 | रैयती | 0.043812 | महेन्द्र मिस्त्री वल्द हरधर मिस्त्री | 307 | 308 | 305 | 304 |
| 10 | 16 | 288 | रैयती | 0.176150 | चुरका महतो, पेषरान–धनु महतो, मनु महतो, पेषरान–धनु महतो | 289 | 290 | 287 | 286 |
| 11 | 16 | 289 | रैयती | 0.144151 | चुरका महतो, पेषरान–धनु महतो, मनु महतो, पेषरान–धनु महतो | 290 | 291 | 288 | 287 |
| 12 | 16 | 294 | रैयती | 0.007208 | चुरका महतो, पेषरान–धनु महतो, मनु महतो, पेषरान–धनु महतो | 295 | 296 | 293 | 292 |
| 13 | 16 | 296 | रैयती | 0.032142 | चुरका महतो, पेषरान–धनु महतो, मनु महतो, पेषरान–धनु महतो | 297 | 298 | 295 | 294 |
| 14 | 35 | 290 | रैयती | 0.009601 | छुटुआ महतो, पेषरान–बुरूआ महतो वो नकुल महतो वल्द डोमन महतो वो भरत महतो, पेषरान–अकलु महतो वो मगरू महतो वल्द मंगल महतो वो रामेष्वर महतो, पेषरान–बुरूआ महतो वो लखन महतो, पेषरान–अकलु महतो वो लीलु महतो वल्द वुका महतो वो लोपो महतो वल्द चमरू महतो वो वुधु महतो वल्द वुका महतो वो सोनाराम महतो वल्द जगना महतो | 291 | 292 | 289 | 288 |
| 15 | 07 | 299 | रैयती | 0.190321 | धुमजा महतो वल्द सीवु महतो | 300 | 301 | 298 | 297 |
| 16 | 07 | 300 | रैयती | 0.257074 | धुमजा महतो वल्द सीवु महतो | 301 | 302 | 299 | 298 |
| 17 | 05 | 302 | रैयती | 0.343175 | गोविन्द देसवारी वल्द सीवु देसवारी वो मोसमात सुगा, जौजे रपु देसवारी | 303 | 304 | 301 | 300 |
| 18 | 05 | 303 | रैयती | 0.122772 | गोविन्द देसवारी वल्द सीवु देसवारी वो मोसमात सुगा, जौजे रपु देसवारी | 304 | 305 | 302 | 301 |
| 19 | 05 | 309 | रैयती | 0.141977 | गोविन्द देसवारी वल्द सीवु देसवारी वो मोसमात सुगा, जौजे रपु देसवारी | 310 | 311 | 308 | 307 |
| 20 | 19 | 304 | रैयती | 0.075024 | मोहन मुण्डा वल्द जगरनाथ मुण्डा वो बलराम मुण्डा, पेषरान–रघुनाथ मुण्डा वो बबुआ मुण्डा, पेषरान–रघुनाथ मुण्डा | 305 | 306 | 303 | 302 |
| 21 | 19 | 305 | रैयती | 0.011359 | मोहन मुण्डा वल्द जगरनाथ मुण्डा वो बलराम मुण्डा, पेषरान–रघुनाथ मुण्डा वो बबुआ मुण्डा, पेषरान–रघुनाथ मुण्डा | 307 | 308 | 305 | 304 |
| 22 | NA | 379 | अज्ञात | 0.076232 | अज्ञात | 380 | 381 | 378 | 377 |
| | | | कुल | 6. 039323 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 354858 Land Reforms(25-26)D — उपायुक्त,राँची।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर आप किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको हर रोज इस चौपाई का जप करना चाहिए। इस चौपाई का जप करने से परीक्षा में अच्छे अंक के साथ उत्तीर्ण होते हैं। - गोस्वामी तुलसीदासजी

## संपादकीय

### ब्याज दर रेपो रेट में कमी के संदेश

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मौद्रिक नीति की घोषणा में ब्याज दर में 50 आधार अंकों की कटौती की है, जिससे वित्तीय बाजार को सकारात्मक संकेत मिला है। उम्मीद है कि इस नीति परिवर्तन से आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और खपत बढ़ेगी। अन्य बातों के अलावा, दर में कटौती का मतलब है कि नए निवेश सहित व्यवसायों के लिए फंड की लागत कम होगी। घर खरीदने वाले लोगों के लिए आवासीय ऋण सस्ता हो सकता है और कर्ज लेकर कार खरीदना भी कम महंगा पड़ेगा। खुदरा व्यापार और बड़े निवेशों के लिए ब्याज दरों में यह कटौती किस तरह फायदेमंद होगी, इसका पता तब चलेगा, जब बैंकों द्वारा ऋण दरों में कटौती की जाएगी। रेपो दर में कटौती और ऋण पर इसका प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है। यदि हाल ही में ब्याज दरों में कटौती के कारण अच्छी गुणवत्ता वाले ऋण की मांग बढ़ती है, तो इससे निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी। हालांकि, मुद्दा इससे कहीं ज्यादा जटिल है। ऐसी जटिलताओं पर चर्चा करने से पहले, आइए जानते हैं कि ब्याज दरों में कटौती की वजह क्या थी। इस मौद्रिक नीति की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब मुख्य मुद्रास्फीति में स्थिरता के कुछ संकेत मिल रहे हैं। जैसे-जैसे मुद्रास्फीति कम होती है, ऋण दरों में कटौती के लिए नीतिगत लचीलापन बढ़ता है। मुद्रास्फीति की स्थिरता इस दर कटौती के प्रमुख कारणों में से एक है। राजकोषीय स्थिरता भी एक प्रमुख कारक है। वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर में वृद्धि से भी रिजर्व बैंक को काफी राहत मिली होगी। ऐसे समय में, जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने दुनिया भर में नकारात्मक भावना पैदा की है, रिजर्व बैंक का यह कदम संभवतः अल्पावधि से मध्यम अवधि में भारत में उच्च घरेलू निवेश के लिए भावनाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से भी उठाया गया है। आगे स्थिर मुद्रास्फीति, ऋण विकास में वृद्धि और राजकोषीय घाटे की स्थिरता को एक स्थाई स्तर पर सुनिश्चित करने के लिए व्यापक आर्थिक प्रबंधन की आवश्यकता है। इस परिवर्तन के वांछित परिणाम पाने में राजकोषीय मौद्रिक समन्वय एक महत्वपूर्ण कारक होगा। ब्याज दरों में कटौती के इस फैसले को रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को रिजर्व (अधिशेष) राशि हस्तांतरित करने के साथ भी जोड़कर देखा जाना चाहिए। रिजर्व बैंक अधिशेष वह राशि है, जो प्रत्येक वर्ष केंद्रीय बैंक द्वारा सरकार को हस्तांतरित की जाती है। यह राशि केंद्रीय बैंक द्वारा अपने सभी खर्चों को पूरा करने के बाद बची हुई राशि होती है। वर्ष 2024-25 के लिए हस्तांतरणीय अधिशेष राशि को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित संशोधित आर्थिक पूंजीगत फ्रेमवर्क (ईसीएफ) के आधार पर तय किया गया है। रिजर्व बैंक की आय के प्रमुख स्रोत हैं- सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज की वसूली से आय, तरलता प्रबंधन साधनों (जैसे- लिक्विडिटी एडजस्टमेंट फैसिलिटी) से निवल ब्याज आय, ऋण, विदेशी मुद्रा निवेश पर अर्जित ब्याज आदि। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपने अधिशेष का एक हिस्सा सरकार को सौंपा है। यह एक नियमित प्रक्रिया है और इसमें कुछ भी असाधारण नहीं है। हालांकि, रिजर्व बैंक द्वारा अधिशेष राशि का हस्तांतरण उम्मीद से काफी कम था। पहले यह माना जा रहा था कि रिजर्व बैंक सरकार को तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक धनराशि हस्तांतरित करेगा।

**वर्ष 2024-25 के लिए हस्तांतरणीय अधिशेष राशि को केंद्रीय बोर्ड द्वारा अनुमोदित संशोधित आर्थिक पूंजीगत फ्रेमवर्क (ईसीएफ) के आधार पर तय किया गया है।**

# बीज से बाजार तक : किसान कल्याण को समर्पित सरकार

## किसानों की उपज का उचित दाम, मोदी सरकार की गारंटी

भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है, जहां किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। जब किसान मिट्टी को जोतता है तो वह सिर्फ फसल नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के लिए जीवन और समृद्धि का बीज बोता है। कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों-बहनों की उन्नति आवश्यक है। पीएम मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति-निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है। किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का हर कदम-हर योजना-हर निर्णय किसान कल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास, केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है। किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाज़ार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत एक ऐसी कृषि व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो। पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट नीति बनाई कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50% मुनाफा सुनिश्चित होगा। आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के एमएसपी में 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गई है। कभी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2013-14 में 1310 प्रति क्विंटल था, जो 2025-26 में बढ़कर 2369 हो गया है। इसी तरह ज्वार का एमएसपी 1500 से बढ़कर 3699, बाजरा 1250 से 2775, रागी 1500 से 4886, मक्का 1310 से 2400, तूर (अरहर) 4300 से 8000, मूंग 4500 से 8768, उड़द 4300 से 7800, मूंगफली 4000 से 7263, सूरजमुखी बीज 3700 से 7721, सोयाबीन (पीला) 2560 से 5328, तिल 4500 से 9846, रामतिल 3500 से 9537, कपास 3700 से 7710 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। रबी फसलों में गेहूं का एमएसपी 1400 से 2425, जौ 1100 से 1980, चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है। 2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान MSP पर खरीदी गई फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी एमएसपी फसलें मिलाकर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गई हैं। किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गई है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़ (3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है। ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं। पीएम के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड एमएसपी वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आए। केंद्र सरकार ने केवल एमएसपी बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है। आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है। ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं। इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है। चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया हैं। पीएसएस के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की एमएसपी पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गई, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100% खरीद सुनिश्चित की गई है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। पीडीपीएस के तहत तिलहन किसानों को एमएसपी व बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है। राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गई है और आवश्यकता अनुसार समय-सीमा भी बढ़ाई जाती है। एमआईएस के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में एनसीसीएफ व एनएएफईडी के माध्यम से की गई है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गई। महाराष्ट्र में तूर और असम में सरसों की खरीद की अवधि बढ़ाई गई है।



आज की बात



**शिवराज सिंह चौहान**
भारत के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री

### हाय रे तिलचट्टा

कभी-कभी जिंदगी कुछ ऐसी घटनाएँ हमारे सिर पर पटक देती है, जैसे कोई छुट्टी की सुबह, बिना अलार्म के उठा दे। घटना छोटी होती है, पर प्रतिक्रिया में पूरी पंचायत बैठ जाती है - जैसे पकोड़े में मिर्च ज्यादा पड़ गई हो। ये कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जहां एक निरीह से तिलचट्टे ने पूरे दफ्तर को वह नचाया जैसे चुनावी मौसम में वादा। चाय की प्याली से उठती भाप जितनी गरम नहीं थी, उतनी गरमी उस तिलचट्टे की फड़फड़ाहट ने फैलाई। सुबह का समय था, टिफ़िन में पराठे थे, मन में प्रमोशन की आशा थी, और एक साथी की आँखों में किसी की शादी का ख्वाब था - तभी वह आया। नहीं नहीं, कोई अफसर नहीं... एक तिलचट्टा। जैसे ही वो उड़ा और एक महिला कर्मचारी की बाँह पर उतरा, तो लगा जैसे कोई डॉन ने हेलीकॉप्टर से एंट्री मारी हो। "आईईईईईईई" एक चीख फूटी, ऐसी कि लग रहा था प्रेमचंद की कहानियों का दुख किसी टी-सीरीज़ की बैकग्राउंड स्कोर में बदल गया हो। कॉफी गिरी, बिस्कुट बिखरे, और एक कर्मचारी तो झोंपड़ी समझकर टेबल के नीचे छिप गया। तिलचट्टा भी शायद चुनावी नेता था। एक बार में एक जगह नहीं रुकता। कूदता रहा - एक कुर्सी से दूसरी कुर्सी, एक मन से दूसरे मन में डर बोता रहा। पूरा ऑफिस रणभूमि बन चुका था। कोई झाड़ू ढूँढ रहा था, कोई वाइपर, और एक सज्जन तो चप्पल उतारकर -"मारो सालो को!" मगर साहस नाम की चीज़, वही थी जो पेंडिंग फाइल की तरह सबके दिलों में थी - दबा, बुझा और बेसुध। उसी समय, प्रकट हुए मैनेजर साहब। बाल खिचड़ी, चाल धीमी, और चेहरा ऐसा शांत कि जैसे सब्जी में नमक कम हो फिर भी कहें - "ठीक है।" उन्होंने तिलचट्टे को देखा, जैसे डॉक्टर मरीज की एक्स-रे रिपोर्ट पढ़ता है। फिर बड़े आराम से पेपर कप से उसे फुसला कर उठाया और खिड़की से बाहर उछाल दिया। कमरे में शांति फैल गई - जैसे अचानक फिल्म में बैकग्राउंड म्यूज़िक बंद हो गया हो। लोगों ने राहत की साँस ली, कुछ ने ताली भी बजाई। लेकिन शांति ज्यादा देर टिकती कहाँ है, ख़ासकर उस जगह जहां व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट हों। एक दम आवाज़ उठी - "क्यों फेंका बाहर?" फिर दूसरा स्वर - "बिचारा जीवित था!" एक और आवाज़ - "उसे पार्क में छोड़ सकते थे, पौधों के बीच, उसकी बस्ती में।" अचानक, जिसे नायक समझा गया था, वो खलनायक बन गया। तिलचट्टे के प्रति सहानुभूति बहने लगी, और मैनेजर पर आरोपों की बौछार। ये वही लोग थे जो पाँच मिनट पहले कुर्सी पर खड़े होकर चिल्ला रहे थे - "मार दो! बचाओ! मेरी चाय गिर गई!" हमने सुना था कि लोकतंत्र में हर किसी को बोलने का अधिकार है। पर ये किसने कहा था कि हर बात में विरोध का ठेका भी लेना है? ऑफिस की 'लीडरशिप कमेटी' एक्टिव हो गई - जिसमें तीन 'टी पार्टी' सदस्य, दो 'दूसरे की टाँग खींचो' विशेषज्ञ और एक 'कभी काम ना करने की शपथ' ले चुका कर्मचारी शामिल थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

## विविधता, समावेशिता और जमीनी जुड़ाव के लिए भाजपा को अपनाना होगा गुमला मॉडल

झारखंड में भाजपा के लिए दीया जलाने का पहला रिकॉर्ड गुमला के नाम रहा है। इतिहास की इस सच्चाई के विपरित इन दिनों इस माटी की चर्चा में दलीय दलदल सुर्खियां बटोर रहा है। निसंदेह कमल के लिए दलदल जरूरी है परन्तु भाजपा के लिए जिस दलदल की बातें की जा रही है उसमें चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन की बातें न होकर कुछ और ही नजर आ रहा है। बताते चलें कि झारखंड की माटी के अंदर भाजपा की विचारधारा को पहली सफलता वर्ष 1967 के विधानसभा चुनाव में गुमला से ही मिली थी। तब स्व.रोपना उरांव ने इसी गुमला में दीया जला कर पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। कालांतर में दीये की इसी लौ के कारण न केवल झारखंड की वर्तमान सीमा में बल्कि तत्कालीन बिहार में कमल के चमक का चमत्कार हमें देखने सुनने को मिला। चौपालों की मानें तो भाजपा को पहली जमीन देने का कारनामा यहां के प्रभावशाली जातीय समूह के तौर पर चिन्हित तेली, रौतिया, ब्राह्मण , क्षत्रिय आदि समुदायों के नाम रहा है। निश्चित तौर पर गुमला एक जनजाति बहुल क्षेत्र है और जनजाति कार्यकर्ताओं की सक्रियता बगैर किसी भी दल को यहां ताकत नहीं मिल सकता है। ऐसे में जब यहां का बहुसंख्यक तेली समाज बड़े फख्र के साथ खुद को कोल्ह तेली के रूप में प्रायोजित करता नजर आता है तो जनजातीय क्षेत्र में उसकी पैठ का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। दूसरी ओर, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि झारखंड के गांधी का सम्मान रखने वाले स्व.ललित उरांव व कड़ियां मुंडा जैसे जनजाति कार्यकर्ताओं के बूते कालांतर में यहां दिनेश उरांव, सुदर्शन भगत, समीर उरांव ,कमलेश उरांव, चंद्रेश उरांव, शिवशंकर उरांव जैसे कई कार्यकर्ताओं की फसल खड़ी होती चली गई। इसी विरासत में किरण माला बाड़ा, मिसिर कुजूर, कमलेश उरांव, भिखारी भगत, आशीष बारला, एडवर्ड सोरेन, अशोक उरांव सहित कई जनजातीय कार्यकर्ताओं के भी बूते पूरे जिले में भाजपा की गिनती सबसे बड़े राजनैतिक शक्ति में होने लगी। आज भाजपा के पास जिले की तीन चार विधानसभा चुनाव क्षेत्रों व दो लोकसभा क्षेत्रों में से एक पर भी अपना कार्यकर्ता काबिज नहीं है। गुमला का यह भटकाव राष्ट्रवाद, विकास और सामाजिक समरसता की मूल विचारधारा पर खुद में एक सवाल बन चुका है जबकि गत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हार के पीछे पार्टी की विचारधारा नहीं बल्कि संगठनात्मक कमियों और आंतरिक कलह की बातें सार्वजनिक हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि गुमला का संबंध झारखंड में भाजपा के भ्रुण से रहा है। ऐसे में तमाम सवालों से घिरे इस दल को अपने समग्र इलाज के लिए गुमला को एक परिक्षण स्थल के रूप में लिया जाना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि कुछ ऐसी कमियाँ हैं जो एकदम से स्पष्ट हैं और पूरे प्रांत को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं। सरसरी तौर पर देखें तो गुमला जिला अध्यक्ष की विवादास्पद नियुक्ति, विवादित जिलाध्यक्ष के कालखंड के दौरान मंडल अध्यक्षों के चयन में तेली समाज की घोर उपेक्षा, पिछड़ी जातियों के लिए जिला आधारित कैडर में आरक्षण की नीति, सवर्ण समाज के प्रति बेरुखी आदि कई कारण गिनाए जा रहे हैं। इसी तरह विरोध के बाद जिलाध्यक्ष को हटाकर प्रदेश मंत्री बनाने, मतदाताओं के बीच सक्रिय अशोक उरांव का झामुमो में अनावश्यक पलायन, सिसई से अशेष बारला, शशिकांत भगत व गुमला से मिसिर कुजूर की उपेक्षा, घोर कांग्रेसी परिवार से लाकर अरूण उरांव को टिकट देने के नीतिगत भटकाव आदि कारनामों को भी कमतर नहीं आंका जा सकता है। बताते चलें कि विविधता व समावेशिता के इस संदर्भ में कमोबेश पूरे प्रदेश की यही व्यथा है। बहरहाल, दल व भूगोल की दृष्टि से हासिए पर खड़े गुमला की मानें तो भाजपा के लिए यह पुनर्जनन का अवसर बन सकता है क्योंकि आज भी उसके पास विविधता, आत्ममंथन, सकारात्मक बदलाव और समावेशिता को अपनाने का "गुमला माडल" विद्यमान है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



राज्य की बात



**केदार नाथ दास**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

कुछ बोले, कुछ चुप रहे, चुप्पी क्या थी व्यर्थ?
आतिशबाजी की तरह, छिटक रहे थे अर्थ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## क्या बदल रही भारतीय नारियां ?

वर्तमान समय में देखने में आ रहा है समाज में विभिन्न कुरीतियां के साथ कई अन्य घटनाएं भी सामने देखने को आ रही है, विवाह एक पवित्र बंधन है लेकिन वैवाहिक जोड़े इस पवित्र बंधन को बदनाम कर रहे हैं जिसमें कुछ युवा भी शामिल है और महिलाओं भी भी शामिल है, योगाचार्य महेश पाल बताते है कि वर्तमान समय में जिस प्रकार पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या एवं महिलाए व पुरुष पराए मर्द व स्त्री के साथ व्यभिचार में लिप्त होना यह समाज के लिए दुर्भाग्य पूर्ण बात है,अपनी नाजुक कलाइयों पर खरोंच पड़ने से तिलमिलाती लड़कियाँ संकोच के कारण अपने मन की बात कहने से डरने बाली लड़कियाँ, कमरे में छिपकली देखकर डरने वाली लड़कियाँ आखिर इतनी निडर कैसे हो गई, कि अपने जीवन साथी को मौत के घाट उतारने में भी उन्हें संकोच नही होता। कभी भाड़े के हत्यारों को बुलाकर अपने पति को हत्या की साजिश रचती मौत के हवाले कर शव को खाई में फेंकती हैं, कभी कत्ल करके शव को किसी ड्रम में डालकर सीमेंट के घोल से पत्थर बनाने का असफल प्रयास करती हैं। कोई अपने प्रेमी के साथ पति का गला घोंटकर शव के ऊपर साँप को बिठाकर पति की मौत का कारण साँप के द्वारा डसा जाना बताती हैं। कोई विवाह के उपरांत से ही पति की कमाई पर कब्जा करके अपने मायके वालों का पोषण करती हैं तथा पति को आतंकित करके मृत्यु का वरण करने हेतु विवश कर देती है, जिनमें मुस्कान, ज्योति मौर्य, रबिता, सोनम जैसी लड़कियों ने समाज में विपरीत स्थिति पैदा कर दी है, अभी हाल ही मै इंदौर(म.प्र) की धड़कनों को झकझोर देने वाला एक ऐसा सच सामने आया है, जो किसी भी संवेदनशील इंसान की आत्मा को हिला दे।राजा रघुवंशी एक होनहार, सजीव, मुस्कुराता चेहरा जिसकी जिंदगी की सबसे बड़ी खुशी थी उसकी नई नवेली पत्नी सोनम रघुवंशी,11 मई को दोनों ने सात फेरे लिए, सपनों की डोर में बंधे, और 20 मई को चल दिए हनीमून मनाने मेघालय, वही पत्नी सोनम अपने प्रेमी के प्रेम में मस्त होकर अंधे प्यार में लिप्त होकर अपने पति की हत्या करवा देती हैं, सोनम द्वारा राजा की हत्या ने सिर्फ एक बेटे को मां से नहीं छीना,बल्कि उस भरोसे को भी तोड़ दिया है जो समाज स्त्रियों के प्रति संजोए बैठा है, हमारे भारतीय समाज में स्त्री को शक्ति का स्वरूप कहा गया है,ममता, करुणा और त्याग की मूर्ति। मगर चंद औरतें हां, सिर्फ कुछ आजकल ऐसे वीभत्स अपराधों को अंजाम दे रही हैं कि पूरी नारी जाति को कटघरे में खड़ा होना पड़ रहा है।, क्या हो गया है आजकल की कुछ लड़कियों को,क्या पैसा,आज़ादी और झूठे सपनों के पीछे अब प्रेम, विश्वास, और रिश्तों की कीमत खत्म हो गई है?क्या पति अब सिर्फ एक रास्ता है संपत्ति और योजना पूरी करने का?क्या अब स्त्री सिर्फ त्याग का प्रतीक नहीं, छल और चाल की मूर्ति बनती जा रही है? ये सवाल पूरे समाज से जवाब मांगते हैं। सवाल समाज से भी है,क्या अब भी हम आंख मूंदकर हर स्त्री को देवी मानते रहेंगे?या अब समय आ गया है कि अच्छाई और बुराई का मूल्यांकन इंसान के कर्मों से हो, उसके लिंग से नहीं।सोनम अपने पति के हत्यारिन के रूप मैं सामने आई है, यह सिर्फ एक अपराध नही, बल्कि समाज, परिवार और विवाह संस्था की आत्मा पर चोट है। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर क्या मन से भी उतना ही स्वच्छ है? राजा-सोनम कांड ने एक गंभीर सवाल खड़ा किया है, हम किस दिशा में जा रहे हैं? किस सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था को गढ़ रहे हैं, लेकिन सवाल है कि सोनम जैसे युवाओं को बना कौन रहा है? भारत की मातृशक्ति की परंपरा सीता, सावित्री, मैत्रेयी, गार्गी,देवी अहिल्या बाई, लोपामुद्रा, लक्ष्मीबाई और सावित्रीबाई फुले से भरी है। फिर सोनम जैसी विकृति क्यों? क्या इसके पीछे बदलती लाइफस्टाइल विदेशी खाना, बॉलीवुड मैं बनती अश्लील फिल्में व सीरियल,लिविंग रिलेशन, सोशल मीडिया पर बनती गलत संगत बाली रीले, नशे की लत, गलत संगत, खुली आजादी, शिक्षा, भारतीय संस्कृति से दूर, उच्च बौद्धिकता का अभाव, विवाह को पवित्र बंधन ना मानना इन सभी कारणों से युवा व युक्तियों की बदलती विचार शैली और नकारात्मकता, इन सभी कारणों की बजह से आज समाज मैं ऐसी स्थिति बन रही है, बही दूसरी और वर्तमान की शिक्षा पद्धति है जो आदर्श नहीं, सिर्फ कॅरियर सिखा रही है। अंग्रेजी माध्यम, कान्वेंट, मैकॉलेवादी सोच ने हमारे संस्कारों को काटकर फेंक दिया है। देश को अब ऐसी शिक्षा चाहिए जो गुरुकुल की तरह चरित्र निर्माण करे, अब बच्चों का युवाओं में उच्च संस्कार विकसित करने के लिए योग शिक्षा पर भी जोर दिया जाना चाहिए योग नकारात्मक विचारों को दूर करने व युवाओ में उच्च बौद्धिकता को विकसित करने का काम करता है जिससे इस प्रकार की घटना को काफी हद तक रोका जा सकता है, यूँ तो प्रेम और आकर्षण मन के विषय हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# एयर इंडिया विमान हादसे ने फिर खड़े किए विमान सुरक्षा पर सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए एयर इंडिया विमान हादसे ने देश में विमान सेवा और सुरक्षा पर एक बार फिर सबका ध्यान केंद्रित कर दिया है। इससे पहले आखिरी बड़ी त्रासदी 2020 में कालीकट में हुई थी, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई थी। 12 नवंबर, 1996 को चरखी दादरी में हुई विमान दुर्घटना, जिसमें 349 लोग मारे गए थे, जो देश की सबसे बड़ी हवाई दुर्घटना थी।**

### अहमदाबाद प्लेन हादसे पर गौतम अदाणी ने जताया दुख, कहा-

## परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन हादसे पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने दुख जताया और कहा कि इस हादसे का शिकार हुए लोगों के परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं। अदाणी ने कहा, "हम एयर इंडिया फ्लाइट 171 के हादसे से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अकल्पनीय क्षति सहन की है। हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और ग्राउंड पर मौजूदा परिवारों को पूरा सपोर्ट दे रहे हैं।"इसके अतिरिक्त, सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (एसवीपीआईए) या अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के अधिकारियों ने कहा कि अगली सूचना तक सभी उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगे। एसवीपीआईए के प्रवक्ता ने कहा, "अगली सूचना तक सभी उड़ान संचालन अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगे। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरपोर्ट पर जाने से पहले नए अपडेट के लिए संबंधित एयरलाइनों से जानकारी लें।" प्रवक्ता ने कहा, "हम आपसे सहयोग और धैर्य रखने का अनुरोध करते हैं। एयरपोर्ट के अधिकारी इस उभरती हुई स्थिति से निपट रहे हैं। आगे की जानकारी जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।"दुर्घटना के कारण बचाव दल और आपातकालीन सेवाओं की तेज आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र के आसपास की सभी सड़कों को तत्काल बंद कर दिया गया।

अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित एयर इंडिया का यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था और उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 10 चालक दल के सदस्यों और तीन छोटे बच्चों सहित 242 लोग सवार थे। एयर इंडिया के बयान में कहा गया, अहमदाबाद से 13:38 बजे रवाना हुई बोइंग 787-8 विमान की इस उड़ान में 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें से 169 भारतीय नागरिक हैं, 53 ब्रिटिश नागरिक हैं, एक कनाडाई नागरिक है और सात पुर्तगाली नागरिक हैं। एयरलाइन ने कहा, "घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया जा रहा है।

### पिछले दशकों में हुई कुछ प्रमुख नागरिक हवाई दुर्घटनाओं में शामिल हैं

**01. कालीकट (कोझिकोड) हवाई दुर्घटना (7 अगस्त, 2020) :** दुबई से आ रहा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान 1344 कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। विमान गीले रनवे से फिसल गया और दो हिस्सों में टूट गया।

**02. मैंगलोर हवाई दुर्घटना (22 मई, 2010) :** एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान 812 मैंगलोर में रनवे से फिसल गया, जिसके परिणामस्वरूप 158 लोगों की मौत हो गई। विमान खाई में गिरने के बाद टूट गया।

**03. पटना हवाई दुर्घटना (17 जुलाई, 2000) :** एलायंस एयर की उड़ान 7412 पटना में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 60 से अधिक लोग मारे गए। पायलट की गलती के कारण विमान ने नियंत्रण खो दिया था, जिसके कारण यह घटना हुई थी।

**04. चरखी दादरी मध्य-हवाई टक्कर (12 नवंबर, 1996) :** सऊदी अरब एयरलाइंस बोइंग 747 और कजाकिस्तान एयरलाइंस इल्यूशिन आईएल-76 दिल्ली के पास टकरा गए, जिससे दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए। इसका कारण पायलट की गलती और हवाई यातायात नियंत्रण के साथ गलत संचार था।

**05. औरंगाबाद हवाई दुर्घटना (26 अप्रैल, 1993) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 491, एक बोइंग 737, औरंगाबाद से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई, एक ट्रक और बिजली के तारों से टकरा गई, जिससे 55 लोग मारे गए।

**06. इंफाल हवाई दुर्घटना (16 अगस्त, 1991) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 257 इंफाल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार सभी 69 लोग मारे गए।

**07. बेंगलुरु हवाई दुर्घटना (14 फरवरी, 1990) :** इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 605, एक एयरबस ए320, बेंगलुरु के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे 92 लोग मारे गए।

**08. अहमदाबाद हवाई दुर्घटना (19 अक्टूबर, 1988) :** इंडियन एयरलाइंस का विमान 113 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 133 लोग मारे गए।

**09. बॉम्बे हवाई दुर्घटना (21 जून, 1982) :** एयर इंडिया का विमान 403 बॉम्बे हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 17 लोग मारे गए।

**10. बॉम्बे एयर क्रैश (1 जनवरी, 1978) :** एयर इंडिया की फ्लाइट 855 (बोइंग 747) विमान मुंबई से उड़ान भरने के बाद अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसमें सवार सभी 213 लोग मारे गए।

# भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी में प्रगति कर रहे हैं : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीते 11 सालों में भारत ने डिजिटल दुनिया में क्रांतिकारी सफर तय किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका श्रेय देश की युवा पीढ़ी को दे रहे हैं। डिजिटल दिशा में 11 साल के कार्यकाल को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक "एक्स" हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत के युवाओं की मदद से हम इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग में उल्लेखनीय प्रगति कर रहे हैं। ये आत्मनिर्भर बनने और वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनने के प्रयासों को भी मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "एक्स" पर अपने एक अन्य पोस्ट में लिखा, "टेक्नोलॉजी की शक्ति का फायदा उठाने से लोगों को अनगिनत लाभ मिले हैं। सर्विस डिलीवरी और ट्रांसपेरेंसी को बहुत बढ़ावा मिला है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी सबसे गरीब लोगों के जीवन को सशक्त बनाने का एक साधन बन गई है।"

इसने न सिर्फ दूरियों को पाटा, बल्कि नए अवसरों के द्वार खोले और शासन को हर नागरिक के लिए आसान और पारदर्शी बनाया। दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट पहुंचाना हो या दुनिया को दिशा देने वाले रीयल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स, ये बदलाव सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है। यह लोगों, प्रगति और संभावनाओं की कहानी है।

### सशक्त भारत की दिशा में एक साइलेंट क्रांति

भारत सरकार के "माईगव इंडिया" सोशल मीडिया अकाउंट से प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी की डिजिटल इंडिया पहल की प्रशंसा की गई। "एक्स" पर किए गए पोस्ट में लिखा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत डिजिटल इनोवेशन, तकनीक आधारित शासन और वैश्विक विश्वास का केंद्र बना है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर स्पेस टेक्नोलॉजी तक, डिजिटल पेमेंट से लेकर ग्रामीण कनेक्टिविटी तक, परिवर्तन स्पष्ट, प्रभावशाली और स्थायी है। डिजिटल इंडिया ने कैसे हर नागरिक के लिए शासन को फिर से शुरू किया, इस बारे में भी जानकारी दी गई। "माईगव इंडिया" के अन्य पोस्ट में लिखा है कि 11 साल पहले एक साइलेंट डिजिटल क्रांति शुरू हुई, जिसने भारत के संपर्क, शासन और विकास के तरीके को नया आकार दिया। इस पोस्ट में लिखा गया, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डिजिटल इंडिया पहल ने टेक्नोलॉजी को सशक्तिकरण का एक मजबूत साधन बनाया।

# कैबिनेट ने नए सिरे से जाति सर्वेक्षण कराने का किया फैसला, 90 दिनों में होगा पूरा

**एजेंसी। कर्नाटक**



बेंगलुरु में गुरुवार को हुई विशेष कैबिनेट बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व की इच्छा के अनुसार राज्य भर में एक नया सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करने और इसे 90 दिनों में पूरा करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के कानून के अनुसार इस तरह के सर्वेक्षण के निष्कर्ष केवल 10 साल के लिए वैध हैं।

कर्नाटक का सर्वेक्षण केंद्र की जाति जनगणना से किस तरह अलग होगा, इस सवाल पर सीएम ने कहा कि केंद्र ने यह नहीं कहा है कि वह सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने चुनावी घोषणापत्र में पार्टी द्वारा किए गए वादे के अनुसार सामाजिक न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार पूर्व महाधिवक्ता मधुसूदन नाइक की अध्यक्षता वाले कर्नाटक राज्य स्थायी पिछड़ा वर्ग आयोग से 90 दिनों में सर्वेक्षण रिपोर्ट देने को कहेगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना ने यह काम 70 दिनों में पूरा कर लिया। गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक हुई, जब एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सिद्धारमैया से जातियों की फिर से गणना करने को कहा। यह कर्नाटक के प्रमुख समुदायों की शिकायतों का जवाब था कि सर्वेक्षण के लिए एकत्र किए गए डेटा में जाति की फिर से गणना की गई है। इससे पहले सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि जाति जनगणना के आंकड़ों को फिर से दर्ज करने का फैसला पार्टी हाईकमान ने लिया है और यह राज्य सरकार का फैसला नहीं है।

# जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार का दावा बिहार में फिर बनेगी नीतीश सरकार

**एजेंसी। पटना**



बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने दावा किया है कि राज्य में नीतीश कुमार फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे और एनडीए की सरकार तय है। नीरज कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार 2025 से लेकर 2030 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री बने रहेंगे और उनके नेतृत्व में बिहार तरक्की के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। गुरुवार को बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक होनी है। इंडिया ब्लॉक की इस बैठक पर जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि महागठबंधन की बैठक उनका अंदरूनी मामला है, लेकिन मुझे जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक यह बैठक विधानसभा में विपक्ष के नेता के सरकारी आवास पर हो रही है। बैठक के लिए इससे ज्यादा उपयुक्त जगह तो महुआ बाग है, जिसे भ्रष्टाचार का भव्य किला कहा जाता है। वहां महागठबंधन में शामिल दल प्राकृतिक सुंदरता का भी लुत्फ उठा सकते थे और बिहार के युवाओं को दिखा सकते थे कि कैसे धन संचय किया जाता है।

बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु को लेकर नीरज कुमार ने कहा कि उन्होंने तो पहले ही तेजस्वी को नेता मानने की भूमिका से खुद को अलग कर लिया है। उम्मीद है कि इस बैठक में तेजस्वी यादव महागठबंधन में शामिल दलों से एक सवाल जरूर पूछेंगे कि उनका भविष्य क्या होगा। उनके पिता राजद के मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की अंतिम इच्छा है कि तेजस्वी यादव बिहार के सीएम बनें।

# ईडी ने 2,700 करोड़ की रियल एस्टेट धोखाधड़ी में छापेमारी की

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक रियल एस्टेट स्कीम से जुड़े 2,700 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में लगभग 24 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, यह जांच "रेड नेक्सा एवरग्रीन" नाम की एक रियल एस्टेट स्कीम से जुड़ी है, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी हुई है। राजस्थान में ईडी की टीमों ने जयपुर, जोधपुर, सीकर और झुंझुनू जैसे शहरों में छापेमारी की। इसके अलावा, अहमदाबाद (गुजरात) और दिल्ली के कुछ इलाकों में भी एक साथ छापे मारे गए। यह पूरी कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।

"रेड नेक्सा एवरग्रीन" प्रोजेक्ट ने लोगों को ज्यादा मुनाफे या प्रॉपर्टी देने के वादे करके निवेश के लिए लुभाया था, जैसे फ्लैट, जमीन या एक तय समय के बाद ज्यादा रिटर्न देने की बात कही गई थी। आरोप है कि इस स्कीम के जरिए बड़ी संख्या में निवेशकों से ठगी की गई।

## शिलांग यूनिवर्सिटी के डीन को सीबीआई ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शिलांग विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और डीन को 3.43 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। सीबीआई ने एक बयान में बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), गुवाहाटी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें शिलांग के नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी के जूलॉजी विभाग के प्रोफेसर और स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के डीन, साथ ही गुवाहाटी का एक निजी व्यक्ति (एक फर्म का मालिक) शामिल हैं। इन्हें गुवाहाटी विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में 3.43 लाख रुपए की रिश्वत लेते समय गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने 11 जून 2025 को एक सूचना के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार, निजी व्यक्ति ने प्रोफेसर और कुछ अज्ञात लोगों के साथ मिलकर भ्रष्टाचार और गैरकानूनी गतिविधियों में हिस्सा लिया।

### एनआरसी में नाम होना नागरिकता की गारंटी नहीं

# बांग्लादेशियों को वापस उनके देश में धकेल कर रहेंगे : सीएम

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि राज्य सरकार की मौजूदा नीति विदेशियों को वापस भेजने की है, भले ही उनका नाम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) में हो। सरमा ने कहा कि असम में जिस तरह से एनआरसी में नाम शामिल किए गए हैं, उससे इसे लेकर संदेह की काफी गुंजाइश है और यह किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने के लिए एकमात्र दस्तावेज नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने दरांग में एक कार्यक्रम से इतर कहा, ''कई लोगों ने अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करके एनआरसी में अपना नाम दर्ज कराया है, इसलिए हमने यह नीति अपनाई है कि अगर प्राधिकारी पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि संबंधित व्यक्ति विदेशी है, तो उसे वापस भेज दिया जाएगा।'' सरमा ने कहा, ''मैं व्यक्तिगत रूप से इस बात से सहमत नहीं हूं कि एनआरसी में नाम होना ही यह निर्धारित करने के लिए पर्याप्त है कि कोई व्यक्ति अवैध प्रवासी नहीं है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक हर्ष मंदर दो साल तक असम में रहे थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी।

# पटना में तेज रफ्तार एसयूवी की टक्कर से महिला पुलिसकर्मी की मौत

**एजेंसी। पटना**



गुरुवार तड़के पटना के श्री कृष्णापुरी थाना क्षेत्र में अटल पथ फोरलेन पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तीन पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने बताया कि स्कॉर्पियो चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच के लिए वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। गाड़ी पर एक बड़े राजनीतिक दल का झंडा लगा हुआ था, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। इससे वाहन का सत्तारूढ़ गठबंधन से किसी तरह का राजनीतिक संबंध होने की आशंका जताई जा रही है। एक अधिकारी के मुताबिक, यह घटना रात करीब 12:30 बजे हुई। उस समय शहर में अपराधों को रोकने के लिए एक विशेष रात्रि वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। दीघा की ओर से करीब 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही एक स्कॉर्पियो को पुलिस ने जांच के लिए रुकने का इशारा किया।

लेकिन गाड़ी रोकने के बजाय चालक ने चेकपॉइंट पर खड़े तीन पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। घायल पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक दीपक कुमार, सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) अवधेश कुमार और कांस्टेबल कोमल कुमारी को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह डॉक्टरों ने कोमल कुमारी को मृत घोषित कर दिया। कोमल नालंदा जिले की रहने वाली थीं। उनके परिवार को इस दर्दनाक हादसे की सूचना दे दी गई है। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों पुलिसकर्मी हवा में उछलकर कई मीटर दूर जा गिरे। स्कॉर्पियो चला रहे युवक और उसके साथ मौजूद अशोक नामक व्यक्ति को भी चोटें आईं। उन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल दो संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है और श्री कृष्णापुरी थाने में लापरवाही से गाड़ी चलाने का केस दर्ज किया गया है।

# नारायणपुर जिले में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 19 लाख रुपये का था इनाम

**एजेंसी। छत्तीसगढ़**



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 19 लाख रुपये के इनामी तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटनाक्रम 2 जून को राज्य के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के कुछ सप्ताह बाद हुआ है। इनमें से छह नक्सलियों पर सामूहिक रूप से 25 लाख रुपये का इनाम था। इनमें से नौ नक्सली चिंतलानार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंडा ग्राम पंचायत के थे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि इससे पहले मंगलवार को जिले में दो महिला नक्सली सुकली कोर्राम उर्फ सपना और देवली मंडावी ने भी आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों ने बताया कि सुकली पर आठ लाख तथा देवली पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र और नारायणपुर जिले में लगातार किए जा रहे ।

## बिहार विधानसभा चुनाव इस बार जनता लड़ेगी : गिरिराज

**भागलपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय



मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि इस साल होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव प्रदेश की जनता लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों का चुनाव चिन्ह तो होगा, लेकिन हम लोग मात्र दर्शक होंगे। बिहार की जनता इस प्रदेश को पश्चिम बंगाल नहीं बनने देगी। भागलपुर पहुंचे भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह ने केंद्र में एनडीए सरकार के 11 साल के कार्यकाल को लेकर लगी एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, "इस बार बिहार की जनता ही बिहार का चुनाव लड़ेगी। बिहार की जनता लालू यादव के राज को फिर से नहीं आने देगी और जो स्थिति पश्चिम बंगाल में है, वही स्थिति हिंदुओं और सामान्य लोगों के लिए नहीं होने देगी।"

**युवाशक्ति** एनसीसी कैडेट्स की एक युवा पर्वतारोही टीम ने पाई माउंट एवरेस्ट पर विजयश्री

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिए 10 लाख रुपए

- **टीम में 5 युवक और 5 युवतियां शामिल थीं, जिनकी औसत आयु केवल 19 वर्ष है।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की एक युवा पर्वतारोही टीम ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर सफल चढ़ाई की है। गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की इस टीम को सम्मानित किया।

इस पर्वतारोही दल में पांच युवक और पांच युवतियां शामिल थीं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इनकी औसत आयु केवल 19 वर्ष है। इतनी कम उम्र में इन कैडेट्स ने माउंट एवरेस्ट की सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की है। इस अभियान में सबसे युवा कैडेट की उम्र मात्र 16 वर्ष थी। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टीम को 10 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया।

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने रक्षा मंत्री से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह कड़ी प्रशिक्षण प्रक्रिया व योजना पर बारीकी से काम किया गया। किस प्रकार की चुनौतियों का सामना किया और कठिन परिस्थितियों के बावजूद साहस और धैर्य का परिचय दिया।

रक्षा मंत्री ने एनसीसी की उस भूमिका की सराहना की, जिसके माध्यम से कैडेट्स में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनने तथा सामाजिक कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने उन परिवारों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस अभियान में कैडेट्स का पूरा सहयोग किया। इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### देश के युवा कर सकते हैं असंभव को संभव

रक्षा मंत्री ने कहा कि टीम ने अनुशासन, धैर्य, साहस और संयम की कसौटी पर खरा उतरते हुए देश का नाम रोशन किया है। राजनाथ सिंह ने कैडेट्स को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने यह संदेश दिया है कि देश का युवा विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर भी विजय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये कैडेट्स भविष्य की चुनौतियों का भी इसी साहस और संकल्प से सामना करेंगे।

# रबाडा डब्ल्यूटीसी फाइनल में 5 विकेट लेकर चमके

## दिग्गज तेज गेंदबाज को पछाड़ा, बनाए कई रिकॉर्ड्स




**लंदन (यूके) । एजेंसी**

कगिसो रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) फाइनल के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल पांच विकेट लेकर विपक्षी टीम को ध्वस्त किया बल्कि दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट इतिहास में अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करवा लिया। रबाडा ने 15.4 ओवर में 5/51 के आंकड़े हासिल किए जिससे ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर ऑल आउट करने में मदद मिली। इस प्रदर्शन के साथ रबाडा ने टेस्ट क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया। 30 वर्षीय रबाडा के अब 71 टेस्ट में 332 विकेट हो गए हैं जो डोनाल्ड के 72 मैचों में 330 विकेटों के रिकॉर्ड से आगे निकल गए हैं। रबाडा अब दक्षिण अफ्रीकी टेस्ट विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में चौथे स्थान पर हैं। उनके पांच विकेट लेने की बदौलत उन्होंने रिकॉर्ड बुक में भी एक दुर्लभ स्थान हासिल किया। रबाडा डब्यूटीसी फाइनल में पांच विकेट लेने वाले केवल दूसरे गेंदबाज बन गए हैं, उनसे पहले न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन ने 2021 के फाइनल में भारत के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

### टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग स्ट्राइक रेट (न्यूनतम 200 विकेट)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 39.1 - कगिसो रबाडा | 42.0 - जसप्रीत बुमरा | 42.3 - डेल स्टेन | 43.4 - वकार यूनिस |

इसके अलावा रबाडा जैक्स कैलिस के बाद दूसरे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने 1998 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी फाइनल में 5/30 विकेट लिए थे, जिन्होंने किसी प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में 5 विकेट लिए हैं। आईसीसी आयोजनों में नॉकआउट मैचों में रबाडा का समग्र रिकॉर्ड जारी है। उन्होंने अब ऐसे पांच मैचों में 19.27 की शानदार औसत से 11 विकेट लिए हैं। बुधवार को लॉर्ड्स में उनके द्वारा लिए लिए पारी में 5 विकेट अब आईसीसी नॉकआउट मैच में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, जिससे वह आईसीसी नॉकआउट में दक्षिण अफ्रीका के सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में जैक्स कैलिस (14) के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गए और शॉन पोलक तथा एलन डोनाल्ड (12-12) के साथ बराबरी पर आ गए। लॉर्ड्स रबाडा के लिए खुशियों भरा मैदान रहा है। इस मैदान पर सिर्फ तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने अब तक 18 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने प्रदर्शन के साथ वह मोर्ने मोर्कल (15 विकेट) को पीछे छोड़कर लॉर्ड्स में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी बन गए।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल

### दक्षिण अफ्रीका में 'इरादे की कमी' के चलते ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी : मैथ्यू हेडन



**लंदन (आईएएनएस)** । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम में "इरादे की कमी" की आलोचना की। टेम्बा बावुमा की टीम ने टॉस जीतकर मौजूदा चैंपियन के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। प्रोटियाज तेज गेंदबाजों ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर ढेर कर दिया। तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने 15.4 ओवर में 5-51 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि मार्को जानसेन ने तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के लिए चीजें अलग नहीं थीं क्योंकि मिशेल स्टार्क ने दो शीर्ष क्रम के विकेट लिए और साथी तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ मिलकर दक्षिण अफ्रीका को 43 रन पर चार विकेट पर रोक दिया, जिससे वह 169 रन से पीछे रह गए। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने जियोस्टार पर कहा, "मुझे पूरी तरह यकीन नहीं है कि यह दिन ऑस्ट्रेलिया का था। दक्षिण अफ्रीका ने पहला सत्र जीता और अंतिम सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की।

## सोफी ने धवन से पहली मुलाकात का किया खुलासा

**नई दिल्ली । एजेंसी**



सोफी शाइन ने शिखर धवन से पहली मुलाकात का किया खुलासा आयशा मुखर्जी से 11 साल बाद तलाक बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन सोफी शाइन के साथ रिलेशनशिप में हैं। आयरलैंड में जन्मी सोफी कॉर्पोरेट घराने से है। धवन और सोफी की लव स्टोरी चुपचाप शुरू हुई, लेकिन इस जोड़े को विभिन्न जगहों पर साथ देखे जाने के बाद लोगों के बीच यह जोड़ी चर्चा में है। अब सोफी शाइन ने खुलासा किया कि वह शिखर धवन से कैसे मिलीं और दोनों कैसे रिलेशनशिप में आए। सोफी ने पहली बार सार्वजनिक मंच पर बताया कि शिखर से पहली मुलाकात के दौरान किस बात ने उन्हें क्रिकेटर की तरफ आकर्षित किया। एक प्रमोशनल वीडियो में सोफी ने कहा कि धवन की शरारती आंखें और सुंदर चेहरे ने शुरू में उनका ध्यान खींचा था। उन्होंने कहा कि वह दुबई के एक रेस्तरां में उनकी पहली मुलाकात के दौरान वह तुरंत उनकी ओर आकर्षित हो गई थीं। सोफी ने कहा, 'निश्चित रूप से, उनका सुंदर चेहरा। उनकी आंखें बहुत शरारती थीं।' उनके बगल में बैठे धवन ने उस पल की अपनी याद को जोड़ते हुए कहा, 'हम दुबई के एक रेस्तरां में मिले और यह एक शानदार एहसास था। सोफी ने कैमोफ्लाज ट्राउजर पतलून और जैकेट पहनी हुई थी।

## एमपीएल टी-20 का दूसरा सीजन ग्वालियर में 12 जून से शुरू

**ग्वालियर (आईएएनएस)**




मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 का दूसरा संस्करण ग्वालियर में 12 जून से 24 जून तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाला है। कमेंट्री पैनल की घोषणा के साथ ही रोमांच और बढ़ गया है, जो टेलीविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर टूर्नामेंट को कवर करेगा। कमेंट्री पैनल का नेतृत्व पद्मश्री सुशील दोशी कर रहे हैं, जो इंदौर के प्रतिष्ठित हिंदी कमेंटेटर हैं, जिनकी आवाज दशकों से भारतीय क्रिकेट का पर्याय रही है। उनके साथ भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और मध्य प्रदेश क्रिकेट जगत में एक सम्मानित व्यक्ति अमय खुरासिया भी शामिल हैं। पैनल में भारतीय महिला टीम की पूर्व ऑलराउंडर और खेल में एक नियमित आवाज रीमा मल्होत्रा भी शामिल हैं। सुहास वेधम अपनी मजाकिया और आकर्षक शैली के साथ-साथ सभी प्रारूपों में ज्ञानवर्धक कमेंट्री के लिए खेल प्रसारण में एक प्रमुख नाम हैं, जो पैनल में गहराई जोड़ते हैं।

वहीं, ग्वालियर के नवीन श्रीवास्तव, मेजबान शहर का प्रतिनिधित्व करते हुए, अपने स्थानीय जुड़ाव और घरेलू क्रिकेट कवरेज के अनुभव के साथ प्रसारण टीम को मजबूती देते हैं। टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण फैन कोड ऐप पर किया जाएगा, जबकि इसका सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स 1 और स्टार स्पोर्ट्स सेलेक्ट पर उपलब्ध होगा।

## दिल्ली जीएम ओपन

### निकितेंको ने पाइचाद्ज़े को हराया अभिजीत गुप्ता की बराबरी पर पहुंचे



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बेलारूसी ग्रैंडमास्टर मिहेल निकितेंको ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के राउंड 8 में जॉर्जियाई जीएम लुका पाइचाद्ज़े को हराकर लीडरबोर्ड में अभिजीत गुप्ता के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। कैटेगरी ए में अब केवल दो राउंड बचे हैं, निकितेंको और गुप्ता दोनों ही सात-सात अंकों के साथ प्रतियोगिता में सबसे आगे हैं। 21वां दिल्ली जीएम ओपन एशिया का प्रमुख ओपन शतरंज टूर्नामेंट बना हुआ है, जिसमें 24 ग्रैंडमास्टर्स सहित 20 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 1.21 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है और यह भारत के शतरंज कैलेंडर का आधार बना हुआ है। अब तक एकमात्र लीडर गुप्ता, जो दिल्ली जीएम ओपन के तीन बार के पूर्व चैंपियन हैं।

### आसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को 'बेंगलुरु भगदड़ केस' में जमानत

**बेंगलुरु** । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड जल्द ही आईपीएल में विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाने वाला है। 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 लोगों की मौत हो गई थी, इस कारण अब बीसीसीआई पर गाइडलाइन बनाने का दबाव भी है। दूसरी ओर, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस के पास जमा कराना होगा। सोसाले को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने 6 जून को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। आईपीएल टीमों के विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन के लिए बीसीसीआई 14 जून को एपेक्स काउंसिल की मीटिंग करने वाला है। इस ऑनलाइन मीटिंग में भारत की घरेलू सीरीज पर भी चर्चा होगी। क्रिकबज की रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ट्रॉफी सेलिब्रेशन के नए तरीकों पर विचार करने वाला है।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चोटिल शुचि की जगह राधा शामिल

**मुंबई (आईएएनएस)**



ऑलराउंडर राधा यादव इस महीने के अंत में शुरू होने वाले इंग्लैंड के आगामी व्हाइट-बॉल दौरे के लिए भारतीय महिला टीम में चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह लेंगी। भारत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा, जिसमें नैट साइवर-ब्रंट और चार्लोट एडवर्ड्स के रूप में नए कप्तान और मुख्य कोच हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, "महिला चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शुचि उपाध्याय की जगह राधा यादव को शामिल किया है। इसमें कहा गया, "शुचि को बाएं पिंडली में चोट लगने के कारण दौरे से बाहर कर दिया गया था, जिसका निदान बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में दौरे से पहले शिविर के दौरान किया गया था। शुचि श्री चरणी और क्रांति गौड़ के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चुनी गई तीन नई खिलाड़ियों में शामिल थीं। उन्होंने पिछले महीने महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया, जो भारत की ओर से उनका एकमात्र मैच है। दौरे के लिए भारत की टीम की घोषणा में शेफाली वर्मा को मुख्य भूमिका में रखा गया, जिन्होंने भारत की टी20 टीम में वापसी की। हालांकि शेफाली को दौरे के केवल टी20 चरण के लिए चुना गया था, लेकिन तेज गेंदबाज सयाली सतघरे ने दोनों टीमों में जगह बनाई, जिससे रेणुका सिंह ठाकुर और तीतास साधु की चोटों के कारण कम हुए भारत के तेज गेंदबाजी स्टॉक में कुछ मजबूती आई। यूएई में पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद से शेफाली राष्ट्रीय टीम से बाहर थीं, जहां भारत सेमीफाइनल में प्रवेश करने में विफल रहा था। घरेलू 20-ओवर और 50-ओवर के मैचों में मजबूत प्रदर्शन के बाद, शेफाली ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए 152.76 की स्ट्राइक रेट के साथ नौ पारियों में 304 रन बनाए और रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर रहीं।

## आयुष बदौनी के तूफानी शतक से कोलाज ग्रुप सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आयुष बदौनी (132) के तूफानी शतक से कोलाज ग्रुप ने एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब को आसानी से हराकर 50वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (रजि.) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेंट स्टीफंस क्रिकेट ग्राउंड, पर गुरूवार को तीसरे क्वार्टरफाइनल में कोलाज ग्रुप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एलबी शास्त्री क्लब ने 20 ओवर में 208/3 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। नितीश राणा ने शानदार 80 रन (60 गेंदों में) बनाए जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। हितेन दलाल ने तूफानी अंदाज में 78 रन (38 गेंदों में) बनाए जिसमें 4 चौके और 8 छक्के शामिल थे। कोलाज ग्रुप की तरफ से अरुण चपराणा ने 2 विकेट 26 रन देकर लिए।



## भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता मजबूत आर्थिक संबंध बनाने की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है : पीयूष

**स्टॉकहोम (आईएएनएस)**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि प्रस्तावित व्यापक और सार्थक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मजबूत आर्थिक संबंध बनाने और समावेशी विकास के भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंडिया-स्वीडन हाई-लेवल ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट पॉलिसी फोरम में कनफेडरेशन ऑफ स्वीडिश एंटरप्राइज के अलावा, प्रमुख स्वीडिश और भारतीय व्यवसायों की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री गोयल ने दोनों पक्षों के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, "कार्यक्रम के दौरान प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर रिलीज किया गया संयुक्त पत्र मजबूत आर्थिक संबंध बनाने और समावेशी विकास के भविष्य के लिए हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा, "भारत-स्वीडन साझेदारी इस बात का एक मॉडल है कि कैसे दो विविध अर्थव्यवस्थाएं साझा दृष्टिकोण और सहयोग के माध्यम से परस्पर लाभ पैदा कर सकती हैं। इन विचार-विमर्शों को ठोस अवसरों में बदलने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने टेट्रा पैक स्वीडन की प्रबंध निदेशक मारिए सांडिन से भी मुलाकात की और सस्टेनेबल पैकेजिंग सॉल्यूशंस में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "इसके अलावा भारत में रिसर्च एंड डेवलपमेंट पहलों के विस्तार और एडवांस्ड इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग में क्षमताओं को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने स्वीडन-इंडिया बिजनेस काउंसिल और भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित डिनर रिसेप्शन में स्वीडिश बिजनेस लीडर्स से भी मुलाकात की, जहां उन्होंने भारत में महत्वपूर्ण निवेश अवसरों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, "भारत ने अपने कुशल और प्रतिभाशाली

> *केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, "भारत ने अपने कुशल और प्रतिभाशाली वर्कफोर्स की ताकत से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रिसर्च एंड डेवलपमेंट में शानदार प्रगति की है।*

### भारतीय स्टार्टअप्स ने 150 अरब डॉलर से ज्यादा की निजी पूंजी जुटाई

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि बीते कुछ वर्षों में निजी निवेश में भारी उछाल दर्ज किया गया है, जिसमें भारतीय स्टार्टअप और उभरती संस्थाओं ने पिछले एक दशक में 150 बिलियन डॉलर से अधिक की निजी पूंजी आकर्षित की है। सरकार की स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना के माध्यम से 1,270 से अधिक स्टार्टअप्स में 22,900 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "भारत टेक्नोलॉजी को एक शानदार तरीके से अपना रहा है! यह डिजिटल परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय पर नीतिगत हस्तक्षेप का परिणाम है। समाज के हर वर्ग और जीवन के हर पहलू पर डिजिटल इंडिया के 11 वर्षों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। घरेलू स्टार्टअप द्वारा आईपी फाइलिंग 2017 से 2024 तक बढ़ी है, जिसमें पेटेंट में 355 प्रतिशत से अधिक और ट्रेडमार्क में 543 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। भारत अब 'ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024' में वैश्विक स्तर पर 39वें स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्हें देश में इनोवेशन और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की क्रांतिकारी पहल 'स्टार्टअप इंडिया' के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गर्व है।


- **स्टार्टअप निवेश :** सरकार की फंड ऑफ फंड्स योजना के तहत अब तक 1,270 से अधिक स्टार्टअप्स में 22,900 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है।
- **डिजिटल परिवर्तन :** भारत में डिजिटल बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, दूरदर्शी दृष्टिकोण, और समय पर नीतिगत हस्तक्षेपों को जाता है।
- **टेक्नोलॉजी अपनाना :** भारत टेक्नोलॉजी को तेजी और प्रभावी तरीके से अपना रहा है।
- **डिजिटल इंडिया का प्रभाव :** पिछले 11 वर्षों में डिजिटल इंडिया ने समाज के हर वर्ग और जीवन के हर पहलू को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।
- **सोशल मीडिया पर बयान :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में Twitter) पर साझा की।

### आईएमडी ने श्रमिक संघों से की साझेदारी, अब समय पर मिलेगी मौसम जानकारी

**नई दिल्ली** । भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम की जानकारी सीधे वर्कर्स तक पहुंचाने के लिए अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ साझेदारी की। ग्रीनपीस इंडिया की क्लाइमेट और एनर्जी कैंपेनर अमृता की ओर से जानकारी दी गई। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए अमृता ने कहा कि आज हमने भारत और पूरे विश्व में क्लाइमेट कम्यूनिकेशन में एक बड़ी सफलता हासिल की है। अमृता ने कहा, "आईएमडी एक कदम और आगे जा रहा है और अनौपचारिक श्रमिक संघों के साथ सहयोग करके काफी फ्यूचरिस्टिक बन रहा है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि मोबाइल फोन, व्हाट्सएप ग्रुप आदि के माध्यम से सूचना के प्रसारण में जो भी छूट गया है, हम उन तक सीधे पहुंच सके।

## अमेरिका-ईरान के बढ़ते तनाव के बीच सेंसेक्स 823 अंक गिरकर हुआ बंद

**मुंबई (आईएएनएस)**



कमजोर वैश्विक संकेतों और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण निवेशकों का सेंटीमेंट प्रभावित होने से गुरुवार को भारतीय शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 823.16 अंक या 1.00 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 और निफ्टी 253.20 अंक या 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,888.20 पर था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में टाटा मोटर्स, टाइटन, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एलएंडटी और महिंद्रा एंड महिंद्रा टॉप लूजर्स रहे, प्रत्येक में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। केवल बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा ही हरे निशान पर बने रहे। लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 947.30 अंक या 1.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,440.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 333.70 अंक या 1.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,465.05 पर था। सभी सेक्टोरल सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी रियलिटी इंडेक्स सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला रहा, जिसमें 2.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। फोनिक्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, अनंत राज, डीएलएफ, प्रेस्टीज, सोभा, ब्रिगेड और मैक्रोटेक डेवलपर्स जैसी प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में 3 प्रतिशत तक की गिरावट आई। एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, ऑटो, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल और फाइनेंशियल सर्विस में 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा, "घरेलू बाजारों में कंसोलिडेशन एक ब्रॉड-बेस्ड ट्रेंड के रूप में विकसित हो रहा है, जो अब लार्ज-कैप शेयरों तक आगे बढ़ रहा है। मध्य पूर्व तनाव से प्रेरित मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और तेल की बढ़ती कीमतें निवेशकों के बीच जोखिम से बचने को बढ़ावा दे रही हैं।

## एनपीसीआई-आईडीआरबीटी मिलकर बढ़ाएंगे सुरक्षा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) ने गुरुवार को भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में साइबर सिक्योरिटी को मिलकर मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य प्रशिक्षण, जागरूकता और प्रोएक्टिव रिस्क मैनेजमेंट पर ध्यान केंद्रित कर डिजिटल ट्रांजैक्शन की सुरक्षा को बेहतर बनाना है। एनपीसीआई के एमडी और सीईओ दिलीप असबे ने कहा कि आईडीआरबीटी के साथ यह सहयोग तकनीक के साथ-साथ लोगों और तैयारियों के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्रेनिंग, सर्टिफिकेशन और साझा खुफिया जानकारियां सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। आईडीआरबीटी के निदेशक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि संस्थान ने हमेशा बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर को टेक्नोलॉजी अपनाने में मदद करने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि यह औपचारिक साझेदारी सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देगी और डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम में मजबूत रिस्पॉन्स सिस्टम का निर्माण करेगी।

समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों संगठन संयुक्त रूप से बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सेक्टर में टेक्नोलॉजी और साइबर सुरक्षा पेशेवरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करेंगे। ये कार्यक्रम साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करेंगे।

## पलामू के 21 समन्वयकों का दल रांची रवाना



**हैदरनगर।** रांची विश्व सरैया स्वच्छता एवं जल एकादशी में प्रशिक्षण पलामू जिला जल स्वच्छता समिति 21बामनव्यकों का दल प्रशिक्षण के लिए गुरुवार को रांची पहुंचे है। हैदरनगर के प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने बताया कि विश्व सरैया जल एवं स्वच्छता एकादशी में उन्हें 13 से 14 जून तक दो दिवसीय प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण में नव चयनित एसबीएम एवं जल जीवन मिशन के सभी आयामों के विभिन्न पहलु पर प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पलामू जिले के बलवंत पटेल, अरबिंद कुमार, अरविंद कुमार सिंह, प्रेमतोष पाण्डेय, हरसू कुमार दयानिधि, अमन शुक्ला आदि ने पहुंचकर उपस्थिति दर्ज करा दी है। जिसमें बिश्रामपुर, उटारी रोड, मोहमदगंज, हैदरनगर, रामगढ़, पाण्डु के वॉश समन्वयक शामिल हैं।

## बिजली चोरी के खिलाफ 6 पर केस 52 हजार का जुर्माना लगा

**मोहम्मदगंज।** सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में जपला विद्युत अवर प्रमंडल की टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सहायक अभियंता ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में ललन राम, कामेश्वर राम, राजेन्द्र राम अतुल कुमार चौधरी ( भजनियां ) और मोहम्मदगंज के प्रदीप कुमार चौरसिया व प्रमोद कुमार को अवैध तरीके से बिजली का उपभोग करते पाया गया। इस मामले में इन सभी के खिलाफ स्थानीय थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। साथ ही कुल मिलाकर 52 हजार रुपए का जुर्माना भी निर्धारित किया गया है। इस अभियान में मानव दिवस कर्मी ललितेश्वर मेहता,रंजय मेहता, मंटू मुंडा और रविशंकर सिंह शामिल थे।

### विधायक प्रकाश राम ने किया जनता दरबार का आयोजन

# ग्रामीणों की कई समस्याओं का हुआ ऑन स्पॉट समाधान

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार विधायक प्रकाश राम के द्वारा गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में प्रखंड के कई वरीय पदाधिकारी,भाजपा नेता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि जनता दरबार आयोजित करने का उद्देश्य क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को सुनना और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन संबंधी मामले। किसी ने हल्का कर्मचारी पर काम लटकाने का आरोप लगाया तो किसी ने अंचलाधिकारी पर अनदेखी का आरोप लगाया वहीं ग्रामीणों ने मनरेगा योजना से संबंधित मामले



को उठाया।ऐटे बारी निवासी राजमणि देवी आवास सर्वे नहीं करने का पंचायत सेवक पर लगाया तो वंही जमीरा निवासी कैला उंराव का मृत्यु प्रमाण पत्र सात माह तक नहीं मिलने का मामला सामने आया।युवा समाजसेवी इरशाद मुन्ना ने स्मार्ट मीटर लगा रहे कर्मियों पर उपभोक्ताओं से अवैध पैसा वसूली करने समेत अन्य कई मामलेसामने आए जिसपर विधायक श्री राम ने सभी पेंडिंग कार्यों को संबंधित पदाधिकारियों को जल्द पुरा करने का निर्देश दिया।इसके अलावे पानी, बिजली,राशन, मंईयां योजना, पेंशन और मनरेगा,आवास से संबंधित मुद्दे सामने आये। ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक प्रकाश राम ने सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि जनता की समस्याओ का समाधान हमारी प्राथमिकता हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। विधायक श्री राम पिछले जनता दरबार में आए ज्यादातर समस्याओं की अघतन स्थिति से अवगत हुए साथ ही नये आये मामलों का समाधान ऑन स्पॉट समाधान कराया। जनता दरबार में प्रमुख मनीषा उंराव,सीओ जय शंकर पाठक,बीडीओ चंदन प्रसाद, बीपीओ रतन कुमारी शाहदेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार पाठक, विधायक प्रतिनिधि (शिक्षा,पर्यटन विभाग) आदर्श रविराज, विधायक प्रतिनिधि (आइटीडीए) राजु उंराव,सुरेश यादव, उमेश यादव,अवधेश यादव, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव,युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ रिकी,राजेश यादव,इरशाद मुन्ना समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक के समीप से महिला का शव बरामद,जांच में जुटी पुलिस



**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत टोरी व चेटर के बीच पोल संख्या 188/21-23 के बीच कठपुलिया के पास रेलवे ट्रैक के समीप से पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। गुरुवार की सुबह चंदवा पुलिस को रेलवे ट्रैक किनारे संदेहास्पद अवस्था में शव पड़े होने की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। मृतका के पास मिले कागजात से उसकी पहचान जूही देवी पिता महादेव सिंह ( ग्राम घघरी, पोस्ट बीरबल, लातेहार ) के रूप में हुई। मृतका के पास से बिना सिम लगा एक मोबाइल भी मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जूही देवी का ससुराल नगरउटारी में है कयास लगाया जा रहा है कि वह अपने मायके आने के लिए गुरुवार की अहले सुबह टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस में चढ़ी थी, लातेहार स्टेशन में किसी कारणवश ट्रेन से नहीं उतर पाई, ट्रेन लातेहार स्टेशन पार कर जाने का आभास होने के बाद ट्रेन से कूद गई जिस कारण उसकी मौत हुई होगी। इधर मामले में चंदवा पुलिस सभी तथ्यों एवं बिंदुओं के मद्देनजर जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## सीएचसी में टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का किया गया वितरण

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर टीवी मरीज एवं उनके परिजनों के बीच अतिरिक्त पोषण टोकरी का वितरण किया गया। उक्त वितरण सीसीएल की पहल पर सिनी संस्था द्वारा कराया गया है। गुरुवार को संस्था के प्रखंड समन्वयक अरविंद कुमार,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा कुमारी,प्रखंड समन्वयक श्री कुमार के अलावे एलटी रविशंकर मिश्रा,एसटीएस सुकृत तपन, एसटीपीएलएस राजा महतो की मौजूदगी में 43 मरीजों व उनके परिजनों के बीच 70 पोषण टोकरी वितरित की गई। प्रभारी ने कहा कि टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रखंड में चिन्हित सभी टीवी मरीजों के बीच उक्त पोषण टोकरी का वितरण किया जाता है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर उक्त पोषण टोकरी वितरण के लिए निछय मित्र का चयन पूर्व में किया गया था।

## हुसैनाबाद के झरहा में सरकारी डिग्री कॉलेज में एडमिशन शुरु

**हुसैनाबाद।** इंटर पास सभी विद्यार्थियों के लिए अब डिग्री कॉलेज यानी बीए /बीएसी/बीकॉम में नामांकन के लिए यूजीसी एवं झारखण्ड विश्वविद्यालय चान्सलर पोर्टल खोल दिया गया हैं। जिसमें अभी तत्काल ऐसे विद्यार्थियों को सूचना हेतु सभी कॉलेज ने ज्यादा से ज्यादा छात्रों का नामांकन ले सकें ,उसके लिए सूचना निकाल दिया गया है। हुसैनाबाद अनुमण्डल क्षेत्र के बच्चों के लिए सबसे ज्यादा खुशखबरी यह हैं कि ग्राम झारहा में नवनिर्मित सरकारी डिग्री कॉलेज में नामांकन प्रक्रिया शुरु कर दिया गया। ऐसे तो इससे पूर्व के सत्र में भी कुछ बच्चे नामांकन लिया था । लेकिन इसमे प्राचार्य डॉ. राम कुमार ने बताया कि यह कॉलेज हुसैनाबाद के गरीब व मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के उद्देश्य से खोला गया हैं। जिसका लाभ आप सभी क्षेत्र के लोग अब प्राप्त करें। उन्होंने बताया इंटर पास विद्यार्थी केवल ऑनलाइन मार्कसीट को डाउनलोड कर झारखण्ड चान्सलर पोर्टल पर ऑन लाईन पंजीकरण कराएं ।

इसके बाद उनको अंक पत्र व रोस्टर के अनुसार मेधा सूची जारी किया जाएगा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का जिले के 135 गांवों में सफल आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** भारत सरकार की प्रमुख पहल "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का आयोजन 29 मई से 12 जून 2025 तक लातेहार जिले बालूमाथ , बारियातू,चंदवा, लातेहार सहित विभिन्न प्रखंडों में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को जागरूक करना और जमीनी स्तर पर वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना था।इस अभियान के अंतर्गत आईसीएआर राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान (आईसीएआर- निशा ) तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बालूमाथ



(लातेहार) के वैज्ञानिकों की तीन टीमों ने जिले के 135 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ, जल एवं संसाधन संरक्षण तकनीकें, जलवायु-अनुकूल खेती, और किसान कल्याण हेतु विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी स्थानीय समस्याओं को समझा और समाधान बताए। साथ ही मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, समेकित कीट प्रबंधन, एवं मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।गांवों में इस अभियान को किसानों से उत्साहपूर्ण प्रतिसाद मिला, जो ग्रामीण समुदायों की आत्मनिर्भर और प्रगतिशील कृषि के प्रति बढ़ती रुचि और जागरूकता को दर्शाता है।

### एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाल संसदीय का हुआ चुनाव

# अली जुल्फेकार व उपप्रधानमंत्री बनी सानिया

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को उतक्रमित मध्य विद्यालय एकडरी हुसैनाबाद में बाल संसदीय का चुनाव किया गया। इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक मो. असलम और अध्यक्ष अनिता देवी, संयोजिका ललित देवी चुनाव प्रभारी के रूप में सहयोग कर चुनाव संमपन कराई। प्रधानमंत्री अली जुल्फेकार, उप प्रधानमंत्री सानिया कुमारी ,शिक्षा मंत्री आयुष पाल, उप खाद्य मंत्री नितिश कुमार, खेल मंत्री आरुषी कुमारी, उप खेल मंत्री मंयक शर्मा, सफाई मंत्री सुरुचि प्रिया, उप सफाई मंत्री जितन प्रवीण, स्वास्थ मंत्री अनिकेत कुमार, उप मंत्री गौरव कुमार, सुचना संचार मंत्री गुलशन कुमार, उप अनुशासन मंत्री काशिफा नाज, प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार के द्वारा सभी को शपथ ग्रहण कराया गया।



पूनम, लक्ष्मी, उपेन्द्र आदि ने सभी संसद को शुभकामनाएं दी गई।

## पेज एक के शेष

### 242 यात्रियों सहित लंदन के लिए उड़ान भरते ही विमान अहमदाबाद में क्रैश

रनवे नंबर 23 से इस विमान ने दोपहर 1:39 बजे उड़ान भरी थी। उड़ान भरते ही इसने करीबी एटीसी को मेडे कॉल दी थी। हालांकि इसके बाद फ्लाइट की ओर से एटीसी को कोई सिग्नल नहीं गया और कुछ सेकेंड बाद ही विमान एयरपोर्ट परिसर के बाहर गिर गया।जहां तक मेडे काल का सवाल है तो किसी भी विमान की मेडे कॉल एक इमरजेंसी मैसेज होता है। यह संदेश पायलट करीबी एटीसी को भेजता है। जब विमान क्रैश होने वाला होता है या फिर यात्रियों या क्रू की जान को खतरा होता है। जब भी विमान का इंजन फेल होता है, आग लगती है, हवा में टकराव का खतरा होता है या हाईजैक स्थिति जैसी बनती है, तुरंत नजदीकी एटीसी को पायलट मेडे कॉल भेजता है। मेडे कॉल का अर्थ होता है कि तुरंत मदद की जरूरत है। इस कॉल के तहत रेडियो पर तीन बार बोला जाता है- मेडे, मेडे, मेडे । जैसे ही एटीसी को मेडे कॉल मिलती है, तुरंत संबंधित फ्लाइट को प्राथमिकता दी जाती है। एयरपोर्ट पर मौजूद सभी संसाधनों को प्लेन की मदद के लिए लगा दिया जाता है। इसमें इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत, रनवे खाली कराना, एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड तैयार रखना शामिल होता है। एक और शब्दावली है जिसे पैन पैन कॉल कहते हैं। यह मेडे से कम गंभीर स्थिति मानी जाती है। हादसे पर डीजीसीए ने कहा, "कैप्टन सुमित सभरवाल 8200 घंटों के अनुभव वाले एलटीसी हैं। को पायलट के पास 1100 घंटों का उड़ान अनुभव था। एटीसी के अनुसार विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से 1:39 बजे पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे कॉल दिया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल पर विमान द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। रनवे 23 से उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे के बाहर जमीन पर गिर गया। दुर्घटना स्थल से भारी काला धुआं निकलता देखा गया। मालूम हो कि विमान के क्रैश होने पर आग लगने में ईंधन (तेल) वाले टैंक की भी भूमिका होती है। यह फ्युएल टैंक विमान के पंख में होता है। हवाई जहाजों का प्रयोग लंबी यात्राओं के लिए किया जाता है। इसके लिए उन्हें भारी मात्रा में ईंधन (फ्यूल) की भी जरूरत होती है। इन फ्यूल को विमानों को दोनों पंखों में स्टोर किया जाता है। विमान के इंजन उसके पंख में ही लगे होते हैं। ऐसे में यहीं पर ईंधन स्टोर करने से उसे इंजन तक पहुंचाने में सरलता होती है। इससे विमान बैलेंस भी बना रहता है। किसी भी यात्री विमान के विंग्स उसके बैलेंसिंग में भी काफी काम आते हैं। यदि ईंधन को मेन बॉडी में भर दिया जाएगा तो इससे जहाज का बैलेंस बिगड़ जाएगा। जैसे कि यदि ईंधन को हवाई जहाज के पिछले हिस्से में भर दिया जाए तो हवा में होने पर विमान का पिछला हिस्सा नीचे झुक जाएगा, वहीं ईंधन कम होने पर पिछला हिस्सा ऊपर उठ जाएगा।इसके कारण हादसा का खतरा बढ़ जाएगा।

**प्लेन में बैटरी इश्यू हुआ या किसी और कारण से** दिया गया।इस विमान में पहले लिथियम आयन बैटरियों में आग व बॉडी के जोड़ों में गैप जैसी शिकायतें आई थी।जहां तक भारत का सवाल है तो 2012 में एयर इंडिया ने साउथ कैरोलिना प्लांट से पहला 787-8 लिया था। जो दिल्ली-न्यूयॉर्क, मुंबई-लंदन जैसे लंबे रूट्स पर उड़ता है।जो 200-250 यात्रियों को ले जा सकता है और लगभग 14,000 किमी तक उड़ सकता है। इसमें केबिन का प्रेशर 1,900 मीटर की ऊंचाई जैसा रखा जाता है, जिससे ऑक्सीजन 8% ज्यादा रहती है इस कारण थकान कम होती है। इसमें दो इंजन हैं- रोल्स-रॉयस ट्रेंट 1000 या जनरल इलेक्ट्रिक जीईएनएक्स , जो 60% कम आवाज करते हैं। इसकी क्रूज़ स्पीड मैक 0.85 है। इसके पंखों की टिप्स ऊपर मुड़ी हैं, जो टर्बुलेंस व हवा का प्रतिरोध कम करती हैं। इसका उत्पादन अमेरिका के साउथ कैरोलिना के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन प्लांट में होता है।

### प्लेन हादसे में पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन

यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। यह हादसा उस समय हुआ, जब विमान संख्या एआई-171 अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरते ही मेघानीनगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने विजय रूपाणी के निधन की पुष्टि की है। रूपाणी अपनी बेटी के घर लंदन जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी पिछले कई दिनों से लंदन में ही थीं और अब वह भी बेटी से मिलने के लिए पास जा रहे थे।

### एयर इंडिया क्रैश में ए-11 सीट का एक यात्री जिंदा निकला

अब तक हादसे को लेकर एक के बाद एक दर्दनाक खबरें सामने आती रही थीं, लेकिन अब सीट नंबर 11ए से मिली एक राहत की खबर ने उम्मीद की हल्की सी किरण जगाई है। वहां से एक यात्री को जिंदा निकाला गया है। इस यात्री को गंभीर चोटें आई हैं और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। यात्री का नाम रमेश विश्वास कुमार है।

### 12 साल पुराना ड्रीम लाइनर विमान में कितना था ईधन?

यह विमान अन्य लॉन्ग हॉल एयरक्राफ्ट (बोइंग 777) के मुकाबले कम ईंधन खर्च करता है। तब भी इसे उड़ाने के लिए एक घंटे में 4,900 से 5,000 लीटर एटीएफ की जरूरत होती है। एआई 171 का फ्लाइंग टाइम 9 घंटे 45 मिनट का है। इसका मतलब यह है कि लगभग 50,000 लीटर एटीएफ तो सिर्फ फ्लाइंग के लिए ही चाहिए। उसके अलावा एयरक्राफ्ट में रिजर्व व आपातकाल के लिए भी हजारों लीटर एटीएफ भरे जाते हैं। विमानन उद्योग के एक जानकारों के अनुसार दिल्ली से लंदन जाने वाले लॉन्ग हॉल एयरक्राफ्ट में लगभग 78 टन या 78,000 लीटर एटीएफ भरा जाता है। अहमदाबाद से भी लंदन की फ्लाइट का उड़ान समय लगभग इतना ही है। इसलिए माना जा सकता है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान में 75 से 80 टन या 75 से 80 हजार लीटर एटीएफ भरा होगा। एटीएफ अति ज्वलनशील ईंधन होता है। इसलिए जैसे ही फ्लाइट क्रैश हुआ पूरा विमान आग के धधकते गोले में बदल गया। बोइंग 747 को उड़ाने में ड्रीमलाइनर से भी ज्यादा ईंधन लगता है। इस विमान को उड़ाने में हर सेकेंड लगभग एक गैलन (लगभग 4 लीटर) एटीएफ की आवश्यकता होती है। यदि फ्लाइट का फ्लाइंग टाइम लगभग 10 घंटे का होगा तो उसे उड़ाने में लगभग 36,000 गैलन (1,50,000 लीटर) एटीएफ की जरूरत होगी। इसके अलावा कुछ रिजर्व और इमरजेंसी के लिए भी ईंधन हवाई जहाज में भरना होता है। इस हिसाब से बोइंग 747 में एक किलोमीटर फ्लाइंग में लगभग 12 लीटर एटीएफ लगता है।

### 204 के मौत की पुष्टि, शव पहचान के लिए लिया जाएगा

डीएनए शवों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की व्यवस्था इस बड़े हादसे के बाद मारे गए लोगों की पहचान करना मुश्किल हो गया है, इसलिए अब अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में मृतकों के परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। यह प्रक्रिया बी.जे. मेडिकल कॉलेज के कसोटी भवन (परीक्षण केंद्र) में हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि जिनके परिजन इस हादसे में लापता हैं, वे माता-पिता, बच्चे या नजदीकी रिश्तेदार होकर डीएनए सैंपल दे सकते हैं। इससे जल्द से जल्द शवों की पहचान की जा सकेगी। प्रशासन ने सभी प्रभावित परिवारों से सहयोग करने की अपील की है।

**घायलों का इलाज जारी, हेल्पलाइन नंबर भी जारी:** वहीं हादसे में घायल हुए 50 लोगों का इलाज अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई गई है। अस्पताल प्रशासन ने यात्रियों के परिजनों की मदद के लिए दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिन पर कॉल करके मरीजों की स्थिति की जानकारी ली जा सकती है।

- हैंडल पर जल्द से जल्द आगे की जानकारी साझा करेंगे।
- -ब्रिटेन सरकार स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर स्थिति का आकलन कर रही है, साथ ही प्रभावित लोगों की सहायता कर रही है। चिंतित ब्रिटिश नागरिक 020 7008 5000 पर कॉल कर सकते हैं।
- -राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की 90 कर्मियों वाली 6 टीमें गांधीनगर से विमान दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं।
- -अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन अगले आदेश तक अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

### लोहरदगा मार्केट से हार्डकोर नक्सली संदीप भगत गिरफ्तार

को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।


**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT Ranchi**

**e-Procurement Notice**
**(Very Short Notice)**
**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-09/2025-26**
**Date:-11.06.2025**
(2nd Call) PR. No. 351978 Building (25-26) _D

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | MAKING AND INSTALLATION OF FREEDOM FIGHTER SCULPTURES OF JHARKHAND AND INDIA AT RAJBHAWAN ( JHARKHAND ) | Rs. 1,91,49,800.00 | 12 (Twelve) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.06.2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 28.06.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 29.06.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7903953770 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer, Special Works Division
Building Construction Department, ,Ranchi .

PR.NO.354792 Building(25-26):D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची।**
**अति आवश्यक सूचना**

झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची अन्तर्गत शहरी/ग्रामीण महिला एवं पुरूष गृह रक्षकों का नव–नामांकन किया जाना है, इससे संबंधित सूचना विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। जिसकी प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। गृह रक्षकों के नामांकन हेतु राँची शहर वासीयों के इच्छुक महिला/पुरूष उम्मदीवार एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–15.06.2025 से 30.06.2025 तक ऑनलाईन आवेदन– www.recruitment.jharkhand.gov.in पोर्टल पर कर सकते हैं। गृह रक्षकों का नव–नामांकन प्रक्रिया झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014, सरकार एवं मुख्यालय, द्वारा निर्गत आदेश के अनुरूप ही किया जाना है।

गृह रक्षक के रूप में नामांकन कराने के नाम पर ठगी गिरोह सक्रिय हो सकते हैं, किसी भी ठगी गिरोह या व्यक्ति, द्वारा कार्यालय के किसी भी कर्मचारी/पदाधिकारी/समिति के सदस्य के नाम पर गृह रक्षक में नामांकन करने हेतु पैसा की मांग किया जाता है या फोन किया जाता है तो आप वैसे तत्वों से सावधान रहें किसी के बहकावे एवं झांसे में नहीं आयें अन्यथा आप ठगी के शिकार हो सकते है। गृह रक्षकों का नवनामांकन गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली–2014 एवं मुख्यालय, राँची द्वारा निर्गत आदेश के अनुरूप गृह रक्षक नामांकन समिति द्वारा की जायेगी। यदि किसी ठगी गिरोह या व्यक्ति द्वारा आपसे सम्पर्क किया जाता है तो इसकी सूचना जिला समादेष्टा के दूरभाष नं0–06512245748 पर निश्चित रूप से शिकायत दर्ज करें।

इसे अति आवश्यक समझे।

ह0/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी
राँची।

PR 354827 Police(25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,एन०आर०ई०पी०,खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–3 वर्ष 2025–26**

1. विभाग का नाम :–एन०आर०ई०पी०,खूँटी
2. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता,एन०आर०ई०पी०,खूँटी
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :–20.06.2025 (1.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–21.06.2025(1.00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–23.06.2025(1:00 बजे अपराहन)
6. परिमाण विपत्र बिक्री एवं निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,एन०आर०ई०पी०,खूँटी कार्यालय
7 निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता,एन०आर०ई०पी०,खूँटी कार्यालय
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :– कियोस्क का निर्माण कार्य


| क. | प्रखंड | मौजा | खाता सं० | प्लॉट सं० | रकबा | किस्म | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू० में) | कार्य समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1. | कर्रा | छोटका उड़ीकेल | 34 | 135 | 1.21 ए० मधे रकबा 0.05 ए० | गैरमजरूआ आम किस्म सरना सरहुल | 11,08,200=00 | 23,000=00 | 2500=00 | 120 दिन |

नोटः–1. Tender Fee,अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत,पैन,GST Certificate,Up to Date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र(भवन निर्माण विभाग)को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र(BOQ) निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग,झारखंड,रॉची के संचिका सं०–प०नि०वि०/विविध 06–33/2007(अंश–1)2146 (5) दिनांक–9.9.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध कराएगें।
3. निविदा प्रकाशन के बाद का ही EMD/Tender Fee मान्य होगा तथा EMD संवेदक के स्वंय के खाता से निर्गत मान्य होगा।
निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन०आर०ई०पी०,खूँटी

PR 354822 (NREP)25-26*D

## इजरायल कहीं हमला न कर दे अलर्ट मोड पर आया अमेरिका?



**नई दिल्ली ।** ईरान पर संभावित इजरायली हमले की बढ़ती आशंकाओं के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका कथित तौर पर हाई अलर्ट पर है। वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप प्रशासन को डर है कि अगर वाशिंगटन और तेहरान के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत विफल हो जाती है, तो यहूदी राज्य संयुक्त राज्य अमेरिका की सहमति के बिना ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने का विकल्प चुन सकता है। इन चिंताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह मध्य पूर्व, खासकर ईरान से अमेरिकी कर्मियों को बाहर निकालेंगे, क्योंकि यह एक खतरनाक जगह हो सकती है। " पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने भी कुछ कर्मचारियों को इराक छोड़ने की अनुमति दी है, जबकि पेंटागन सैन्य परिवारों को स्वेच्छा से पूरे क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को छोड़ने के लिए अधिकृत कर रहा है। ताजा डेवलपमेंट ऐसे समय में की गई है।

## कनाडा पुलिस ने 400 करोड़ की कोकीन पकड़ी, भारतीय मूल के 7 लोग गिरफ्तार

**ओटावा ।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने एक बड़े ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए कोकीन तस्करी के आरोप में 7 भारतीय समेत 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े लोग खालिस्तान समर्थक हैं। दरअसल, कनाडा पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन नाम से एक ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में फरवरी से मई के बीच 479 किलो कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर (लगभग 400 करोड़ रुपए) है। ड्रग तस्करी से मिले पैसे का इस्तेमाल कई भारत विरोधी गतिविधियों में होता था। 6 जून तक मामले में गिरफ्तार गए किए भारतीय मूल के लोगों में टोरंटो के साजगित योगेंद्र राजा (31), ब्रैम्पटन के मनप्रीत सिंह (44), ब्रैम्पटन के अरविंदर पोवार (29), कैलेडन के करमजीत सिंह (36), कैलेडन के गुरतेज सिंह (36), कैम्ब्रिज के सरताज सिंह (27) और जॉर्जटाउन के शिव ओंकार सिंह (31) शामिल हैं। इनके अलावा 2 अन्य आरोपी मिसिसॉगा के हाओ टॉमी हुइन्ह (27) और हैमिल्टन के फिलिप टेप (39) को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस ने बताया कि इन सभी पर हथियार और ड्रग्स से जुड़े कुल 35 आरोप लगाए गए हैं। पील पुलिस ने कहा, "गिरफ्तार लोगों को ब्रैम्पटन की ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत के लिए पेश किया गया है।

## दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम के पास पटरी से उतरी ट्रेन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम के पास पटरी से ट्रेन उतर गई। ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतरी है। यह ट्रेन निजामुद्दीन से गाजियाबाद जा रही थी। किसी तरह से बड़ा हादसा टल गया। शिवाजी ब्रिज के पास ईएमयू ट्रेन के एक कोच पटरी से उतर गए। जिसके बाद रेलवे कर्मी उसे वापस पटरी पर चढ़ने की कोशिश करते दिखे।

### अचानक पाकिस्तान का सगा क्यों हो गया अमेरिका?

# असीम मुनीर को अमेरिका ने आर्मी परेड डे पर बुलाया

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर कथित तौर पर इस सप्ताह अमेरिका का दौरा करने वाले हैं। वह शनिवार (14 जून) को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 79वें जन्मदिन के अवसर पर अमेरिकी राजधानी की सड़कों पर परेड का आयोजन करेगी। समारोह में पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) मुनीर की मौजूदगी भारत और पाकिस्तान के बीच हमलों और जवाबी हमलों के एक महीने से अधिक समय बाद होगी।



**असीम मुनीर को अमेरिका ने आर्मी परेड डे पर बुलाया :** वाशिंगटन से मिले निमंत्रण के बाद, सूत्रों ने बताया कि मुनीर ने शनिवार को अमेरिकी राजधानी में सैन्य परेड में अपनी उपस्थिति की पुष्टि की है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का 79वां जन्मदिन भी है। उनका दौरा भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हो रहा है। सूत्रों के अनुसार, मुनीर अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग और पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बैठक करेंगे। न तो पाकिस्तान और न ही अमेरिका ने उच्च स्तरीय सैन्य भागीदारी की पुष्टि की है। यह यात्रा अमेरिका के एक शीर्ष जनरल द्वारा मुनीर की प्रशंसा किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। इस सप्ताह कांग्रेस की सुनवाई में, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला ने पाकिस्तान को "आतंकवाद विरोधी दुनिया में एक अभूतपूर्व भागीदार" कहा और ISIS-खोरासन के खिलाफ ऑपरेशन में इस्लामाबाद के योगदान को रेखांकित किया।

मुनीर की कथित यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, दक्षिण एशिया के जाने-माने विश्लेषक माइकल कुगेलमैन ने टिप्पणी की कि सेंटकॉम में एक स्टॉपओवर कार्ड पर हो सकता है। "वह [मुनीर] और जनरल कुरिल्ला 2 साल से भी कम समय में 3 बार मिल चुके हैं। कुरिल्ला ने कल हिल गवाही में उनकी प्रशंसा की। अमेरिका-पाक अधिकारी-से-अधिकारी संबंध आम तौर पर मजबूत होते हैं," कुगेलमैन ने ट्वीट किया। इस बीच, मुनीर को अमेरिका के निमंत्रण ने भारत में तीखी प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं।

## अमेरिका में मुनीर का हुआ तीखा विरोध प्रवासियों ने दिखाए पोस्टर और किए नारेबाजी

### किस नुकसान की सजा नए नवेले फील्ड मार्शल को मिलेगी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

दुनियाभर के विवाद सुलझाने में लगे अमेरिकी नेताओं को अपने देश में बढ़ रहे अवैध प्रवासी एक समस्या के तौर पर नहीं दिखाई दिए और आज ये इतने शक्तिशाली हो गए हैं कि अमेरिका में इनसे निपटने के लिए कर्फ्यू लगाना पड़ा रहा है। सेना उतारनी पड़ रही है। हिंसा से जूझ रहे लांस एजिल्स में लड़ाकू हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। दंगाईयों को फाइटर प्लेन दिखाकर डराना पड़ रहा है। लेकिन इन सब के बीच एक बड़ा डेवलपमेंट देखने को मिला है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ और फेल्ड मार्शल आसिम मुनीर अमेरिका जा रहे हैं। अमेरिका ने आनन फानन में आसिम मुनीर को बुलाया है। लेकिन आसिम मुनीर की अमेरिका यात्रा बहुत दर्दनाक होने वाली है। आसिम मुनीर की वजह से अमेरिका को जो नुकसान हुआ है, उसकी सजा नए नवेले फील्ड मार्शल को मिलेगी।

**ट्रंप ने मुनीर को अमेरिका बुलाया :** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में आयोजित होने वाली आर्मी डे परेड के लिए पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर न्योता भेजा है। पाकिस्तानी दूतावास सूत्रों के अनुसार, आर्मी चीफ मुनीर गुरुवार को अमेरिका पहुंच जाएंगे। यह आमंत्रण भारत के प्रति किसी विशेष रुख के बजाय, अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता और पाकिस्तान की रणनीतिक अहमियत से अधिक जुड़ा हुआ माना जा रहा है। बता दें कि शनिवार को आर्मी के साथ-साथ राष्ट्रपति ट्रंप का डोनाल्ड ट्रंप का जन्मदिन भी है। राष्ट्रपति ट्रंप 14 जून को 79 वर्ष के हो जाएंगे।

## वाशिंगटन पहुंचते ही मुनीर को पाकिस्तानी प्रवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा

मुनीर के वाशिंगटन पहुंचने पर पाकिस्तानी प्रवासियों ने भी विरोध जताया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने सेना प्रमुख की यात्रा के दौरान अमेरिकी राजधानी में प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पीटीआई के विदेश मामलों के सचिव सज्जाद बुर्की ने ट्वीट किया, "व्हाइट हाउस को बता दें कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान के लोगों को स्वीकार्य नहीं है।" बर्की ने पाकिस्तानी-अमेरिकियों से 14 जून को वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आग्रह किया। सूत्रों ने बताया कि शहर भर में पाकिस्तानी-अमेरिकी इलाकों में बड़े पैमाने पर लामबंदी का आह्वान करने वाले पर्चे बांटे गए हैं।

### पाकिस्तान के सेना प्रमुख अमेरिका क्यों जा रहे हैं?

भारत के साथ पाकिस्तान के तनाव के बीच असीम मुनीर की अमेरिका यात्रा ने ध्यान आकर्षित किया है। हालांकि, उनकी यात्रा का भारत से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि इस्लामाबाद के सदाबहार मित्र चीन से संबंध है। सीएनएन-न्यूज18 की रिपोर्ट के अनुसार, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) जैसी योजनाओं के माध्यम से चीन के साथ पाकिस्तान की निकटता के कारण वाशिंगटन को पाकिस्तान की तटस्थता पर संदेह है।

# रेस्तरां व होटल सेवा शुल्क वसूलने से बाज नहीं आ रहे

### किसी भी रूप में ग्राहकों से नहीं वसूल सकते सेवा शुल्क

**ब्यूरो**



नई दिल्ली। ग्राहकों से रेस्तरां तथा होटल (देश भर के) सेवा शुल्क वसूलने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस पर खुद संज्ञान लेते हुए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने अलग-अलग राज्यों के 18 रेस्तरां को नोटिस जारी करते हुए, इनको सेवा शुल्क के नाम पर वसूली गई रकम ग्राहकों को वापस लौटाने का आदेश दिया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने बताया, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर 18 रेस्तरां के विरुद्ध सेवा शुल्क की अनिवार्य वसूली और सेवा शुल्क राशि वापस न करने के संबंध में ग्राहकों से शिकायतें मिल रहीं थीं। इसके बाद इसकी जांच की गई और सभी रेस्तरां को इस मामले में कोर्ट के पहले के आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है। खरे ने कहा, सीसीपीए सेवा शुल्क पर जारी दिशा निर्देशों व दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के उल्लंघन पर कड़ी नजर रख रहा है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 28 मार्च, 2025 से 10 जून, 2025 तक कुल 336 शिकायतें दर्ज की गई थीं। इन शिकायतों में ग्राहकों ने आरोप लगाया था कि कुछ रेस्तरां उनकी पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना अनिवार्य सेवा शुल्क की वसूली कर रहे हैं। इन शिकायतों की जांच करने के बाद सीसीपीए ने 18 रेस्तरां को नोटिस जारी किए हैं। खरे ने कहा, सीसीपीए की कार्रवाई देश भर के होटलों और रेस्तरांओं पर हो रही है। इसमें महानिदेशक (जांच) की ओर से मामले की जांच की जाती है। जो भी संबंधित पार्टी है, उसे सुनवाई का पूरा अवसर मिलता है। अगर इसके जवाब से हम संतुष्ट नहीं होते हैं तो फिर अंतिम आदेश पारित कर उस पर कार्रवाई की जाती है। सीसीपीए ने 4 जुलाई, 2022 को होटल व रेस्तरां में सेवा शुल्क के संबंध में अनुचित व्यापार प्रथाओं पर अंकुश लगाने व उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे।

इसके अनुसार, कोई भी होटल या रेस्तरां भोजन बिल में स्वचालित रूप से सेवा शुल्क नहीं जोड़ेगा। किसी अन्य नाम से सेवा शुल्क नहीं लिया जाएगा। ग्राहकों को सेवा शुल्क का भुगतान करने के लिए मजबूर नहीं करेगा और उपभोक्ता को स्पष्ट रूप से बताएगा कि सेवा शुल्क स्वैच्छिक और वैकल्पिक है। सेवा शुल्क को खाद्य बिल के साथ जोड़कर और कुल राशि पर जीएसटी लगाकर एकत्र नहीं किया जाएगा।

## ब्रिटेन के पीएम ने हादसे पर जताया शोक

**लंदन । एजेंसी**



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अहमदाबाद में गैटविक जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के परिवारों और यात्रियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा कि लंदन जाने वाले विमान, जिसमें कई ब्रिटिश नागरिक सवार थे, अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हादसे के दृश्य विनाशकारी हैं। मुझे इस मामले से जुड़ी हर जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। स्टॉर्मर ने एक बयान में कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के भारतीय शहर अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। उन्होंने कहा कि मुझे पल-पल की जानकारी दी जा रही है तथा इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोशल मीडिया पर प्रभावित लोगों के प्रति अपनी सवंदेना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत के अहमदाबाद में हुए विनाशकारी विमान हादसे की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। ब्रिटेन भारत में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि वह भारत में स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर तथ्यों का तत्काल पता लगाने और हादसे के शिकार लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। इसने वाणिज्य दूतावास सहायता के लिए एक संपर्क नंबर भी जारी किया।

एफसीडीओ ने कहा कि जिन ब्रिटिश नागरिकों को कांसुलर सहायता की आवश्यकता है या जिन्हें मित्रों या परिवार के बारे में चिंता है, उन्हें 020 7008 5000 पर कॉल करना चाहिए। बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान को स्थानीय समयानुसार शाम छह बजकर 25 मिनट पर लंदन के गैटविक हवाई अड्डे पर उतरना था।

# कोविड मरीजों की संख्या सात हजार के पार कर गई

**ब्यूरो**



### वायरस के नए एक्सएफजी स्वरूप का उभरना सार्स-सीओवी-2 के प्राकृतिक विकास का हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के पूर्व महानिदेशक डा बलराम भार्गव ने कहा है कि कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस के नए एक्सएफजी स्वरूप का उभरना सार्स-सीओवी-2 के प्राकृतिक विकास का हिस्सा है। भारत में इस स्वरूप से जुड़े 200 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। डा भार्गव देश में कोविड-19 महामारी से निपटने में अग्रणी टीम का हिस्सा थे। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत में 11 जून तक कोविड -19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 7,000 को पार कर गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 300 से अधिक नए मामले आए हैं और इसी अवधि में छह मौतें दर्ज की गईं।भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इंसाकाग) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 206 मामले एक्सएफजी स्वरूप से जुड़े हुए हैं, जिनमें सबसे अधिक 89 मामले महाराष्ट्र से आए हैं, इसके बाद पश्चिम बंगाल में 49 मामले सामने आए हैं। डा भार्गव ने कहा कि सार्स-सीओवी-2 (जो कोविड-19 का कारण बनता है) के एक्सएफजी स्वरूप में ऐसे उत्परिवर्तन हुए हैं जो मानव कोशिकाओं से जुड़ने और प्रतिरक्षा सुरक्षा को दरकिनार करने की इसकी क्षमता में सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'प्रारंभिक रपट से पता चलता है कि इस स्वरूप में प्रतिरक्षा से बच निकलने की उच्च क्षमता है, लेकिन इस बात का कोई सबूत नहीं है कि इससे बीमारी की गंभीरता बढ़ेगी।' एक्सएफजी स्वरूप के मामले केरल (15), तमिलनाडु (16), गुजरात (11), मध्य प्रदेश (6), आंध्र प्रदेश (6), ओड़ीशा (4), पुडुचेरी (3),दिल्ली (2), राजस्थान (2), और पंजाब, तेलंगाना और हरियाणा (एक-एक) से भी सामने आए हैं।

हृदय रोग विशेषज्ञ डा भार्गव ने कहा कि जिस तरह वायरस अपने आप को ढाल लेता है, उसी तरह महामारी की पहली लहर के बाद से भारत का नैदानिक बुनियादी ढांचा भी बदल गया है, तथा आरटी-पीसीआर परीक्षण, या 'रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन-पोलीमरेज चेन रिएक्शन'- जो नमूनों में सार्स-सीओवी-2 की आनुवंशिक सामग्री का पता लगाता है- इसकी बुनियाद बना हुआ है।

# सीबीएफसी से दिलजीत दोसांझ की सरदार जी 3 को प्रमाणन न देने का अनुरोध

*फिल्म उद्योग जगत के नामी संगठन फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) ने बुधवार को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ की आगामी फिल्म सरदारजी 3 का प्रमाणन रोकने का आग्रह किया।*




एफडब्ल्यूआईसीई का आरोप है कि दिलजीत की फिल्म में पाकिस्तानी कलाकारों ने अभिनय किया है। भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के मद्देनजर दो दिन पहले इस बात की अटकलें तेज हो गईं कि पाकिस्तानी कलाकार हानिया आमिर अब दिलजीत की पंजाबी फिल्म में नजर आएंगी या नहीं। सीबीएफसी अध्यक्ष प्रसून जोशी को भेजे गए एक पत्र में एफडब्ल्यूआईसीई ने फिल्म प्रमाणन संस्था से अनुरोध किया कि वह दोसांझ अभिनीत फिल्म को प्रमाण पत्र देने से परहेज करे, क्योंकि इसमें पाकिस्तानी कलाकार हानिया, नासिर चिन्योती, डैनियल खावर और सलीम अलबेला ने काम किया है।

**शेख हसीना का आरोप**

## यूनुस को आतंकियों का साथ रोहिंग्या कॉरिडोर के बहाने अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप बेचने की साजिश

**नई दिल्ली/ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस को आतंकियों का समर्थन प्राप्त है और वह देश की संप्रभुता को खतरे में डाल रहे हैं। हसीना की तरफ से फेसबुक पर जारी किए गए बयान में कहा गया कि यूनुस के शासन में देश में अपराध और हिंसा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं शहरों में सुरक्षित महसूस नहीं करतीं और त्योहारों पर लोग गांव जाने से डरते हैं, क्योंकि आतंकियों का डर बना रहता है। शेख हसीना ने यह भी दावा किया कि यूनुस 2026 में चुनाव कराने की बात कहकर बांग्लादेश की जनता के साथ अप्रैल फूल जैसा मजाक करना चाहते हैं। वहीं, हसीना ने कहा कि मोहम्मद यूनुस संयुक्त राष्ट्र के एक पुराने सुझाव को लेकर रोहिंग्या कॉरिडोर बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए बांग्लादेश का सेंट मार्टिन द्वीप बेचा जा सकता है और समुद्र तक देश की पहुंच खतरे में पड़ सकती है। हसीना ने चेतावनी दी कि यह कॉरिडोर देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है और विदेशी ताकतें इसका फायदा उठा सकती हैं। सेना प्रमुख ने भी इसे खूनी कॉरिडोर बताया था और कहा था कि इस पर कोई फैसला केवल चुनी हुई सरकार ही ले सकती है। हसीना ने दावा किया कि अगर वह अमेरिका को सेंट मार्टिन द्वीप और बंगाल की खाड़ी सौंप देतीं, तो आज भी सत्ता में होतीं। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।



